

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-230
लखनऊ, मंगलवार 09 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 2.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कड़ाई से हो रहा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन : नवदीप रिणवा 03

खत्म हो रही संयुक्त परिवार की परंपरा पर मंथन की जरूरत : कोविन्द 12


### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बस्तर के आमाबाल गांव में विजय संकल्प रैली का किया शंखनाद, कहा

# कांग्रेस के कार्यकाल में देश में हुआ भ्रष्टाचार

**बस्तर से हुई आयुष्मान योजना की शुरुआत गरीब हित का है उदाहरण**

एजेंसी



**जगदलपुर/रायपुर।** बस्तर जिले के भानपुरी से लगे आमाबाल गांव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय संकल्प शंखनाद रैली का आगाज किया। इस मौके पर आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, भाजपा ने गरीबों के लिए क्या किया, इसका उदाहरण बस्तर है। बस्तर से ही आयुष्मान योजना की शुरुआत की थी। जो देशभर में सस्ता इलाज, सस्ती जांच का केंद्र बना।

प्रधानमंत्री ने कहा, 11 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र खोले हैं। उन पर 80 प्रतिशत छूट के साथ दवाइयां मिलती हैं। इससे गरीबों को 30 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। मोदी इन धमकियों से डरने वाला नहीं है। मोदी ने भ्रष्टाचार खत्म किया, उन्होंने भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम किया। मैं कहता हूं भ्रष्टाचार से देश को बचाओ, वो (विपक्ष) कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ। आज के समय विपक्षी गठबंधन चुनावी रैली नहीं कर रहे, बल्कि विपक्षी नेताओं को बचाने में जुटे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी। कांग्रेसियों को लगा की लूट का लाइसेंस मिल गया है, लेकिन 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। उनकी तेजी से जांच हो रही है। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने 10 साल में 34 लाख करोड़ रुपये लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। दिल्ली से एक रुपया भेजा, पूरे 100 पैसे गरीब के खाते में जामा हो गए। जब डायरेक्ट पैसा गया तो एक भी रुपया कांग्रेस लूट नहीं पाई।

अगर देश में कांग्रेस सरकार होती तो गरीबों के 34 लाख करोड़ रुपये और राजीव गांधी वाला हिसाब लगाऊं तो 28 लाख करोड़ रुपये लूट लेते, 34 लाख करोड़ में से 28 लाख करोड़ रुपए गायब हो जाते। मोदी ने कहा कि 3 करोड़ बहनों को लखपति बनाने का फैसला किया है। आदिवासी समाज का उत्थान करना है। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा एकलव्य कॉलेज है। पीएम जनमन योजना शुरू की गई, इससे आदिवासियों के जीवन को बेहतर बनाया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत 18 लाख गरीबों के आवास की स्वीकृति दी गई। छत्तीसगढ़ में रामलला दर्शन योजना शुरू की गई। छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाले की जांच शुरू की गई। आयुष्मान योजना की शुरुआत की गई। पूरे विश्व में 140 करोड़ भारतीयों का मान सम्मान बढ़ाने का काम पीएम मोदी ने किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी से देश में विकास हो रहा है। हम इन योजनाओं के बल पर छत्तीसगढ़ लोकसभा की सभी 11 सीटें जीतेंगे। उल्लेखनीय है कि बस्तर में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान होना है। बस्तर से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा हैं। भाजपा ने महेश कश्यप को उम्मीदवार बनाया है।

**उत्तर प्रदेश से माफिया राज का हो गया खात्मा : जेपी नड्डा**



**बिजनौर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेड्डा ने कहा कि साल 2014 से पहले यूपी उत्पीड़न, पक्षपात वाला प्रदेश था। देश के पीएम के नेतृत्व में और सीएम योगी के प्रयास से अब उत्तर प्रदेश से उत्तम प्रदेश बन गया है। माफिया राज का खात्मा हो गया है। बीमारू राज्य से विकसित प्रदेश की और से तेजी बढ़ रहा है। उन्होंने इंडी गठबंधन को घमंडिया ठगबंधन बताया। कहा कि विपक्ष के सारे नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में लिप्त है। इनमें आधे जेल में हैं और आधे बेल पर हैं। उन्होंने देश में एक बार फिर से मोदी सरकार को बनाने को नगीना लोकसभा पार्टी प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जिताने को 19 अप्रैल को एक एक वोट को डालने की अपील की।

**कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मोदी की टिप्पणी से भड़के खड़गे**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पुरखों पर आजादी की लड़ाई में देश का नहीं, बल्कि अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ देने का आरोप लगाया। श्री खडगे ने कहा कि श्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर उल्टी सीधी बातें कर रहे हैं और तरह-तरह का भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि उनकी विचारधारा ने आजादी के आंदोलन में अंग्रेजों का साथ दिया तथा मुस्लिम लीग का समर्थन किया। उन्होंने कहा, मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीयों के ख़िलाफ़, अंग्रेज़ों और मुस्लिम लीग का साथ दिया। आज भी वो आम भारतीयों के योगदान से बनाए गए कांग्रेस न्याय पत्र के ख़िलाफ़ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा मोदी- शाह के पुरखों ने 1942 में भारत छोड़ो के दौरान महात्मा गांधी के आवाहन व मौलाना आज़ाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया। सभी जानते है कि आपके पुरखों ने 1940 में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बंगाल, सिंध और एनडीएफपी में अपनी सरकार बनाई। क्या श्यामा प्रसाद मुख़र्जी ने तत्कालीन अंग्रेज़ी गवर्नर को ये नहीं लिखा कि 1942 के देश व कांग्रेस के भारत छोड़ो आंदोलन को कैसे दबाना चाहिए और इसके लिए वे अंग्रज़ों का साथ देने के लिए तैयार है।

### कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की पीएम मोदी की शिकायत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी के घोषणापत्र की तुलना मुस्लिम लीग के घोषणापत्र से करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सोमवार को चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई। वरिष्ठ वकील और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक, पवन खेड़ा और गुरदीप सप्पल सहित कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। वरिष्ठ वकील और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने भाषणों में हमारे घोषणापत्र के बारे में जो कहा है वह झूठ का पुलिंदा है और हम इससे बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा कि आप किसी पार्टी से असहमत हो सकते हैं लेकिन हम समझते हैं कि प्रधानमंत्री को ऐसी बात कहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मामला चुनाव आयोग के समक्ष है और मैंने उनसे इसे गंभीरता से लेने और इस पर कार्रवाई करने का विशेष अनुरोध किया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमारे घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का दर्जा दिया, उस पर हमने चुनाव आयोग के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

### केजरीवाल को पद से हटाने की तीसरी याचिका भी खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली तीसरी जनहित याचिका भी सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की एकल पीठ ने 'आप' के पूर्व विधायक संदीप कुमार की जनहित याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी कि याचिकाकर्ता ने यह अपने व्यक्तिगत प्रचार के लिए दायर की थी। उच्च न्यायालय ने चेतावनी भी दी और कहा, याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने इससे पहले चार अप्रैल और 28 मार्च को ऐसी ही जनहित याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

### प्रथमं शैलपुत्री



वन्दे वांच्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम्। वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥

मां दुर्गा पहले स्वरूप में शैलपुत्री के नाम से जानी जाती हैं। ये ही नवदुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। इनका वाहन वृषभ है। इनके दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने घोसी से बालकृष्ण चौहान को दिया टिकट

**घोसी।** बहुजन समाज पार्टी ने घोसी लोकसभा सीट से पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पूर्व सांसद 2 दिन पहले ही कांग्रेस छोड़कर बसपा में शामिल हुए थे। बसपा ने उन्हें घोसी से अपना उम्मीदवार बनाकर भरोसा जताया है। पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान ने साल 1999 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी सिद्धार्थ राय को 36501 वोटों से हराया था। फिर 2004 के लोकसभा चुनाव में वह समाजवादी पार्टी के चंद्रदेव राजभर से चुनाव हार गए थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें 2.09 प्रतिशत यानी के 23812 वोट मिले थे। 2012 में बसपा छोड़कर सपा में चले गए थे और 2018 में सपा छोड़कर फिर बसपा में चले गए।

### गैंगस्टर के आरोपी की 50 लाख की संपत्ति कुर्क

**लखनऊ।** यूपी पुलिस ने प्रदेश के कुशीनगर जिले में गैंगेस्टर के आरोपी से करीब 50 लाख रूपये कीमत की सम्पत्ति को कुर्क कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कुशीनगर पुलिस ने आरोपी इरफान अहमद निवासी मियां सराय थाना कोतवाली जनपद सम्भल द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी करीब 50 लाख रूपये कीमत की संपति को गैंगेस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया है।

### बीआरएस नेता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति 2021-2022 कथित घोटाला से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति विधान परिषद सदस्य के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने यह आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी याचिकार्ता कविता की दलीलें ने विस्तार से सुनने के बाद 04 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### वैज्ञानिकों का कमाल : बुढ़ापे के असर को रोकेगी क्रीम

**मीरजापुर।** भारतीय वैज्ञानिकों ने मनुष्य को जवान बनाए रखने के लिए एंटी-एजिंग फार्मूला से बनी क्रीम सोमवार को अमेरिका में लांच किया। इस क्रीम को लगाने से चेहरे, गर्दन और हाथों की झुर्रियों में कमी आएगी। इस क्रीम को अमेरिका ने मान्यता दी है। मीरजापुर के चुनार तहसील अंतर्गत बगही गांव निवासी संयुक्त राज्य अमेरिका के नेशनल डेंड्रिमर एंड नैनोटेक्नोलॉजी सेंटर में अनुसंधान और विकास के वरिष्ठ औषधि वैज्ञानिक डा. मयंक सिंह ने अमेरिका में भारतीय मूल के विस्कॉन्सिन मेडिकल कॉलेज के प्रो. डॉ. अभय सिंह चौहान के साथ मिलकर डेंड्रीमर नैनोटेक्नोलॉजी आधारित अमृत नामक एंटी-एजिंग फार्मूला का अनुकूलन और मूल्यांकन किया, जो उम्र बढ़ने और बुढ़ापे से संबंधित झुर्रियों वाली त्वचा में हटाने में मददगार साबित होगा।

### 10 साल की सरकार में बढ़ा अत्याचार : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि देश इस बार तानाशाही सरकार को हटा देगा। भाजपा की दस साल की सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। हर वर्ग दुखी है। दूसरों पर झूठे आरोप लगाने वाले भाजपा नेताओं को खुद देखना चाहिए कि वे कैसे है? सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा ब्रह्माण्ड की सबसे झूठी और भ्रष्ट पार्टी है। इनका अस्तित्व ही झूठ पर टिका हुआ है।

### मुख्तार अंसारी मामले में राज्य की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली मुख्तार अंसारी की मौत के बाद दक्षिण टोला थाना, जिला मऊ में दर्ज मामले का विशेष अदालत एमपी एमएलए, मऊ की कोर्ट में विचाराधीन केस को शीघ्र निस्तारित करने की मांग में दाखिल राज्य सरकार की याचिका को अर्थहीन करार देते हुए खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने राज्य सरकार की याचिका पर दिया है। अंसारी के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 302, 307, 120बी भारतीय दंड संहिता, धारा 7 अपराध संशोधन कानून, धारा 25/27 आयुध अधिनियम के तहत ट्रायल चल रहा था। इसी ट्रायल को शीघ्र निस्तारित करने की सरकार की तरफ से याचिका दायर की गई थी। अंसारी की हृदयगति रुकने से मौत के बाद सरकार की याचिका अर्थहीन हो गई थी।

## मोजाम्बीक में नाव डूबने से 96 लोगों की मौत, कई लापता

एजेंसी

**लोग हैजा की बीमारी से बचने के लिए कर रहे थे पलायन**

**मपूतो।** ईस्ट अफ्रीकी देश मोजाम्बीक में एक नाव समुद्र में डूब गई। हादसे में 96 लोगों की मौत हो गई। इनमें कई बच्चे हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

मछली पकड़ने वाली नाव पर 130 लोग सवार थे, जो इसकी क्षमता से ज्यादा थे। 5 लोगों को बचाया जा सका, जबकि कई लापता हैं। इनकी तलाश जारी है। लोकल मीडिया रेडियो मोजाम्बीक के मुताबिक नाव नामपुला प्रांत स्थित मोजाम्बीक आईलैंड के पास समुद्र में डूबी। नामपुला के सेक्रेटरी जैमे नेटो ने बताया कि नाव मोसुरिल से निकलकर मोजाम्बीक आईलैंड जा रही थी। इस पर सवार सभी लोग हैजा की बीमारी से बचने के लिए पलायन कर रहे थे। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़े वीडियो वायरल हो रहे हैं, इनमें लोगों को रेस्क्यू करते और समुद्र के किनारे कई लाशों को देखा जा सकता है। हैजा बीमारी जनवरी 2023 से अफ्रीका के कई देशों में फैली है। मोजाम्बीक का नामपुला प्रांत इससे सबसे ज्यादा प्रभावित प्रांतों में से एक है। हैजा फैलने का मुख्य कारण दूषित खाना और पानी है। इसमें उल्टी-दस्त की समस्या होती है, जिससे डिहाइड्रेशन की स्थिति पैदा हो जाती है।

## चेकिंग में कार से 50 लाख रुपए बरामद

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान हरबंश मोहाल थाने की पुलिस ने सोमवार की शाम एक कार से 50 लाख रुपये बरामद किया है। मामले की जांच के लिए आयकर एवं एफएसटी टीम मौके पर जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर चलाए जा रहे चेकिंग के दौरान सोमवार की शाम हरबंस मोहाल थाने की पुलिस ने एक कार से 50 लाख रुपये बरामद किया है। पुलिस टीम कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में आयकर विभाग की टीम एवं एफएसटी टीम सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय कलक्टरगंज में कार में सवार लोगों से पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि अभी पूछताछ जारी है। यदि कोई ठोस सबूत एवं दस्तावेज न दिखा पाने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**30.92 करोड़ रुपए के नकली नोट जब्त, पांच गिरफ्तार**



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा ने 30.92 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट जब्त कर इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने सोमवार को बताया कि नकली नोट का कारोबार चलाने वाला गिरोह विभिन्न ट्रस्ट को निशाना बनाता था और उन्हें विभिन्न कंपनियों के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कोष के तहत 40 लाख रुपये देने पर एक करोड़ रुपये दिलाने का वादा करता था। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''यह ठगी करने का एक नया तरीका है जो पहले नहीं देखा गया, हालांकि हमें इस बारे में अस्पष्ट जानकारी थी। जालसाजों के इस नेटवर्क ने कई ट्रस्ट से संपर्क किया। वे ट्रस्ट के लोगों को बताते थे कि अगर वे उन्हें नकदी मुहैया कराएंगे तो उन्हें कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कोष के जरिए और पैसा मिलेगा। दयानंद ने कहा, ''उन्होंने विभिन्न ट्रस्ट को 100 करोड़ रुपये तक की नकदी भी दिखाई। एक बार जब ट्रस्ट के सदस्य आश्वस्त हो जाते और उन्हें रकम का भुगतान कर देते, तो गिरोह के सदस्य फ़रार हो जाते थे। अधिकारी ने बताया कि सीसीबी की महिला संरक्षण शाखा ने जाल बिछाया और इस गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरोह के पास से अब तक 30.92 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट जब्त किए।

## मोदी को फिर पीएम बनाने के लिए जनता तैयार

**सीएम ने भाजपा प्रत्याशी रामदास के समर्थन में की जनसभा**

एजेंसी



**वर्धा (महाराष्ट्र)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत को पहचान, सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले नरेन्द्र मोदी को 2024 लोकसभा चुनाव के जरिये लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प जनता ले चुकी है।

उन्होंने यहां एक चुनावी जनसभा में कहा, उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम हर ओर पूरे देश में एक ही भाव है। आजादी के बाद संभवतः यह पहला आम चुनाव है, जिसके परिणाम के बारे में जनता अवगत है कि आयेंगे तो मोदी ही। दस वर्ष में मोदी ने भारत को पहचान, सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि दी है, गरीब कल्याण के अनेक कार्यक्रम किये हैं। इन्हें ध्यान में रखकर विश्वास से कह सकता हूं, कि फिर से आयेंगे तो मोदी ही।

सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी रामदास चंद्रभांजी के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि देश की आजादी का नेतृत्व करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने वर्धा की इस पावन धरा को अपनी कर्मभूमि बनाया था।

यहां के जरिये उस समय देश के अंदर विदेशी हुकुमूत के चूलों को हिलाने के लिये जो अभियान प्रारंभ किया गया था, महाराष्ट्र की जनता ने उसके जरिये भारत की स्वाधीनता को नयी ऊंचाइयां प्रदान करने में योगदान दिया। योगी ने कहा कि लोग गर्व से मानते हैं कि भारत दुनिया का सिरमौर है, लेकिन 2014 के पहले ऐसा नहीं था। पहले दुश्मन देश भारत की सीमाओं में घुसते थे। सीमाओं का अतिक्रमण होता था। सरकारें आंखें बंद कर लेती थीं, पर अब ऐसा नहीं होता। भारत की लड़ाई में दुनिया साथ खड़ी है।

### रालोद विधायक मदन भैया समेत 100 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बागपत।** आचार सहिंता उल्लंघन मामले में सोमवार को खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने राष्ट्रीय लोकदल के विधायक मदन भैया सहित 100 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। विधायक व ग्राम प्रधान ने सरकारी परिसर में चुनावी सभा लगायी थी। उसकी विडियोग्राफी करायी गयी है और खेकडा थाने में मामला दर्ज किया गया है। खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के अहमदनगर गांव में सोमवार को एक चुनावी जनसभा लगायी गयी। इसमें रालोद विधायक मदन भैया ने सभा को संबोधित करते हुए एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के पक्ष में वोट की अपील की। सभा में 100 से ज्यादा लोगों के होने का अनुमान है।

## चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

**एनआईए डीजी, ईडी व सीबीआई के डायरेक्टर को हटाने की मांग**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इलेक्शन कमीशन ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर रहे टीएमसी नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। डेरेन ओ ब्रॉयन को पुलिस उठाकर ले गई। 10 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल इलेक्शन कमीशनर से मिलने पहुंचा था। इसके बाद सभी धरने पर बैठ गए।

सोमवार शाम को पुलिस ने नेताओं को उठा दिया। टीएमसी नेताओं ने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर प्रदर्शन किया था। धरना देने वालों में टीएमसी के 5 सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष शामिल रहे। वहीं तीन पूर्व सासंद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास मौजूद रहे। इसके अलावा विधायक विवेक गुप्ता और टीएमसी युवा नेता सुदीप राहा भी धरना दे रहे थे। इनकी मांग है कि एनआईए के डीजी, ईडी और सीबीआई के डायरेक्टर को तुरंत हटाया जाए। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने कहा- जनता जानती है कि टीएमसी लोकतंत्र को बचाने के लिए नहीं बल्कि शाहजहां शेख को बचाने के लिए प्रदर्शन कर रही है।

**भूपतिनगर ब्लास्ट मामले में तीन तृणमूल नेताओं को समन**

**कोलकाता।** एनआईए ने भूपतिनगर बम विस्फोट के आरोपित तीन स्थानीय तृणमूल नेताओं को तलब किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को तीन तृणमूल नेताओं मानवकुमार पाइया, सुबीरकुमार मैती और नवकुमार पांडा को एनआईए के न्यू टाउन कार्यालय में बुलाया है। इससे पहले एनआईए ने भूपतिनगर मामले की जांच करते हुए पिछले शनिवार को बलाईचरण मैती और मनोब्रत जाना नाम के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के दौरान शनिवार को एनआईए अधिकारियों पर हमले भी हुए थे। दो दिसंबर 2022 को रात करीब 11 बजे भूपतिनगर थाने के भगवानपुर 2 नम्बर ब्लॉक के अर्जुन नगर ग्राम पंचायत के नैराबिला गांव में बम विस्फोट हुआ था।

## हिंदू विवाह के लिए कन्यादान अनिवार्य परंपरा नहीं : हाईकोर्ट

**वैवाहिक विवाद मामले में हाईकोर्ट ने दिया अहम फैसला**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक वैवाहिक विवाद के मामले में कहा है कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान की रस्म अनिवार्य परंपरा नहीं है। न्यायालय ने कहा कि प्रावधानों के मुताबिक सिर्फ सप्तपदी ही ऐसी परंपरा है को हिन्दू विवाह को सम्पन्न करने के लिए आवश्यक है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने आशुतोष यादव की ओर से दाखिल एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। याची की ओर से वैवाहिक विवाद के सम्बंध में चल रहे आपराधिक मामले में एक गवाह को पुनः समन की जाने की प्रार्थना की गई थी। विचारण अदालत ने याची की प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया, इस पर उसने हाईकोर्ट की शरण ली। याची की ओर से दलील दी गई कि उसकी पत्नी का कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह स्थापित करने के लिए अभियोजन के गवाहों जिसमें वादी भी शामिल है, पुनः समन किया जाना आवश्यक है। इस पर न्यायालय ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा-7 का उल्लेख किया जिसके तहत हिंदू विवाह के लिए सप्तपदी को ही अनिवार्य परंपरा माना गया है।

**बढ़ी ताकत** — रूस से 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले

## एलएसी पर रूसी एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों की पहली खेप तैनात

**कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइलें छह किमी. तक हवाई लक्ष्य भेदने में सक्षम**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने चीन की सीमा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिया है। पहली इकाई में 24 लॉन्चर और 100 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलें हैं, जो हाल ही में रूस से पहली खेप के रूम में भारत को मिली हैं।

कंधे पर रखकर दागी जाने वाली यह मिसाइलें 6 किमी. तक हवाई लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। यानी अब भारत बहुत नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा। सेना की मौजूदा जरूरतों को पूरा करने के लिए इग्ला-एस का ऑर्डर पिछले साल दिया गया था। 6 किमी. तक की बेहतर मारक क्षमता के साथ इग्ला-एस पुराने सिस्टम के मुकाबले ज्यादा प्रभावी है। कंधे पर रखकर सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल प्रणाली उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों को कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए काफी है। इग्ला-एस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का वजन 10.8 किलोग्राम, जबकि पूरे सिस्टम का वजन 18 किलोग्राम है।

मिसाइल के आगे 1.17 किलोग्राम वजन का विस्फोटक लगाया जाता है और यह अधिकतम 11 हजार फीट तक जा सकती है। सेना ने 2021 में आपातकालीन खरीद के हिस्से के रूप में इग्ला-एस के 24 लॉन्चर और 216 मिसाइलों का ऑर्डर रूस की कंपनी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट को दिया था।

**भारत बहुत ही नजदीक से दुश्मन को मारने में होगा सक्षम**

भारतीय सेना की बहुत कम दूरी की वायु रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इस प्रणाली की खरीद की गई थी। भारतीय सेना को इसी सौदे की पहली खेप के रूप में 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले हैं, जिसमें बाकी को भारत में बनाया जाएगा। भारत को रूस से मिली इग्ला-एस वायु रक्षा प्रणाली की नई खेप को एलएसी पर तैनात किया गया है। हालांकि, भारत के पास पहले से ही स्वदेशी आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियां, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल हैं। अब रूस से इग्ला-एस वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस मिलने से भारत बहुत ही नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा।

# रखरखाव के अभाव में जर्जर हो गए उपकेंद्र

**जो उप स्वास्थ्य केंद्र अधिक जर्जर स्थिति में हैं उन्हें सही कराने की लंबी प्रक्रिया है जिसकी सूचना विभाग को भेज दी गई है, जिन उप स्वास्थ्य केंद्रों में हल्की टूट फूट है उनमें शीघ्र ही सही कराया जाएगा।**

**- डॉ सुभाष वर्मा सीएचसी प्रभारी बिजुआ**

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों की लागत से बने अधिकांश उप स्वास्थ्य केंद्र रखरखाव के अभाव में खंडहर हो गए हैं। मूलभूत सुविधाओं से वंचित उप स्वास्थ्य केंद्र आज बदहाली की ऐसी स्थिति में हैं जहां मरीज तो क्या अच्छा भला आदमी भी पहुंच कर बीमार हो सकता है। अधिकांश उप स्वास्थ्य केंद्र ऐसे हैं जहां तैनात एएनएम व डॉक्टर कभी झांकने तक नहीं गए उन्हें यह भी पता नहीं है कि सरकारी भवन बचा भी है या धराशायी हो गया है।

बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना एक चुनौती बना हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं की ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी दुर्दशा यह बताने के लिए काफी है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की दयनीय स्थिति के कारण ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों की शरण लेने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अनजान बन कर केवल कागजी कार्रवाई कर खाना पूर्ति कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति यह है कि जिन कर्मचारियों की जवाब देही इन ग्रामीण अंचलों में पहुंचने की बनती है वह अपने कर्तव्य का पालन करने में लापरवाही बरत रहे हैं न तो वह अपने कार्यक्षेत्र वाले गांवों में पहुंचते हैं और न ही किसी व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का लाभ दिला पाने में सफल हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इलाज के लिए ग्रामीण तरसते रहते हैं। इसके बावजूद विभाग के जिम्मेदार आलाधिकारी मूक दर्शक बनकर तमाशा देखते रहते हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हालत आज मरणासन्न हो गई है। उप स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य विभाग का कोई कर्मचारी न पहुंचने से ग्रामीणों को यह भी नहीं मालूम कि वहां पर कौन कर्मचारी पदस्थ है।

### उप स्वास्थ्य केंद्र फजल नगर ग्रंट



फजल नगर ग्रंट के उप स्वास्थ्य केंद्र में केंद्र बनने के बाद से आज तक इस केंद्र में न तो टीकाकरण किया गया और न ही ग्रामीण महिलाओं को इलाज मिल सका। इस उपकेंद्र पर आज तक किसी भी राष्ट्रीय पर्व पर झंडा रोहण भी नहीं किया गया। अनदेखी के चलते परिसर में गंदगी बिखरी है परिसर की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं जिससे आज यह उपकेंद्र सांपों का अड्डा बन गया है।

### उप स्वास्थ्य केंद्र डिमरौल



डिमरौल में उप स्वास्थ्य केंद्र बनने से ग्रामीणों को खुशी थी कि अब उनके गांव में भी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक यह उप केंद्र बदहाली को बयां कर रहा है यहां कोई झांकने तक नहीं जाता ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पता भी नहीं है कि यहां पर कौन पदस्थ है। ग्रामीणों को इलाज के लिए कई किलोमीटर दूर बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है।

### उप स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर



सहसपुर के उप स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एएनएम आरती पाल कभी केंद्र पर नहीं पहुंचती। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश शर्मा ने बताया की एएनएम को कई बार उप स्वास्थ्य केंद्र में बैठने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने नजर अंदाज कर दिया एएनएम घर से ही उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित करती हैं। जिससे ग्रामीणों का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से मोह भंग हो गया है।

### उप स्वास्थ्य केंद्र रायपुर



शासन द्वारा ग्रामीणों को गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रायपुर गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण तो करा दिया गया लेकिन इलाज के नाम पर मरीज को बाहर ही जाना पड़ता है जिससे इस उप स्वास्थ्य केंद्र की गांव में उपलब्धता बेकार साबित हो रही है। रखरखाव के अभाव में गांव में बने उप स्वास्थ्य केंद्र के खिड़की दरवाजे तक गायब हो चुके हैं। लेकिन स्वास्थ्य महकमा अनजान बना हुआ है। वही उप स्वास्थ्य केंद्र रायपुर अराजक लोगो का अड्डा बना हुआ है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिलाई शपथ

**बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान**



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा संचालित की जा चुकी चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ताओं ने बनीकोडर के संकुल स्तरीय आजीविका महिला संघ की महिलाओं व स्वयं सहायता समूहों की पदाधिकारियों के साथ स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया और महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई।

संस्था के स्वयं सेवी अवधेश कुमार महिलाओं से नारे लगवाए- हमारा मतदान, लोकतंत्र की शान, आन बान शान से, सरकार बनाएं मतदान से जागरूकता कार्यक्रम में महिला मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। अवधेश कुमार ने मतदान शपथ पढ़कर सभी को शपथ दिलाया और कहा कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस अवसर पर आजीविका महिला संघ की अध्यक्ष ज्योति सिंह सचिव नीतू कोषाध्यक्ष मीना सविता तिवारी नीतू, जनक लली, सरोज आदि तमाम स्वयं सहायता समूहों की पदाधिकारियों ने मतदान शपथ ली।

## लोस चुनाव को लेकर हैदराबाद पुलिस के अजीबो गरीब कारनामे

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था क़ायम रहे इसके लिए कुछ अराजक व राजनीति से संबंधित चुनिंदा लोग जो चुनाव के समय अप्रिय घटना या शांति भंग कर सकते है जिसके लिए हर थाने में ऐसे लोगो की सूची बनाकर उनको जमानत के लिए समन भेजा जाता है लेकिन थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा सूची बनाई गई जिसमे पत्रकार समिति कई संभ्रांत व्यक्तियों का नाम लिख दिया गया जिनमें अधिकतर लोगो का पूर्व में किसी विवाद से कोई लेना-देना नहीं रहा।

आक्रोषित ग्रामीणों ने बताया कि गांव में न कोई जानकरी ली, न कोई जाँच पड़ताल की। चुनाव मे कौन हिंसा फैला सकता। सिर्फ कागज पूर्ति करते हुए या किसी एक से ग्रामीणों के नाम की जानकारी लेकर नाम भरे गए।



## मतदाता जागरूकता के लिए निकाली बाइक रैली

**बाराबंकी।** विकास खंड सिद्धौर में स्वीप गतिविधियों के तहत सफाई कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता मोटरसाइकिल रैली निकाली गई, जो विकासखण्ड से हरी झंडी दिखा कर रवाना होकर विभिन्न ग्राम पंचायत जैसे असांद्रा, नई सड़क, मीरापुर, कोठी, बिबियापुर थाना, बीबीपुर, उस्मानपुर से होते हुए विकासखण्ड पर समाप्त हुई। इस रैली के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें मतदान की शपथ भी दिलाई गई। कार्यकम में विकास खंड के सभी सफाई कर्मी, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक और समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दूसरे पड़ाव में विकास खंड स्तर पर सभी ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। कार्यक्रम में अच्छा सहयोग करने वाले व शासकीय कार्यों को तत्परता से करने वाले पंचायत सहायकों को पुरस्कृत भी किया गया।



## सहभागी शिक्षण केंद्र द्वारा बाल सभा आयोजित

**मसौली, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज** सहभागी शिक्षण केन्द्र यूनिसेफ के तत्वाधान मे सोमवार को ग्राम पंचायत चिलौकी में स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में बाल सभा का आयोजन किया गया जिसमें 30 से अधिक बाल सभा के बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी द्वारा बाल सभा सदस्यों को स्वास्थ्य पोषण का जीवन में महत्त्व, कुपोषण एनीमिया के कारण व निवारण, माहवारी में स्वच्छता सेनेटरी नेपकिन का सुरक्षित उपयोग सहित हिमोग्लोबिन पर समझ विकसित की गई। बाल सभा के बच्चों ने चार्ट पर चित्रण करके पिछले सात दिनों में खाए गए खाद्य पदार्थों और आदर्श थाली जिसमें अनाज प्रोटीन फल और सब्जियों के लाभों के साथ साथ पौष्टिक आहार की प्रतिबद्धता का प्रस्तुतीकरण कर सभी की समझ विकसित किया। पोषक आहार में पीला गुलाबी सफेद और हरे रंग के पोषणयुक्त पौष्टिक खाद्य पदार्थ की उपयोगिता महत्त्व को साझा किया, कोऑर्डिनेटर मृदूलिका ने बताया कि प्रयास करें आगे से हमेशा पौष्टिक भोजन का सेवन करें जंक फूड कम से कम खाएं। फिर सांप सीढ़ी खेल के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक भोजन के लाभ व जंक फूड के नुकसान को समझाया। उपस्थिति ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत ने सभी को पोषण पंच प्रतिज्ञा दिलाया। कार्यक्रम में लखनऊ मुख्यालय से कोऑर्डिनेटर सुश्री मृदूलिका, ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत, पंचायत सहायक विपिन वर्मा आंगनबाड़ी साधना श्रीवास्तव, आशा ललिता देवी, तथा फैसिलिटेटर सच्चिदानन्द ने सहभागिता किया।

# खबरें एक नजर में

## अमदहा गांव में लगी आग, गृहस्ती जलकर खाक

**मसौली, बाराबंकी।** सोमवार की दोपहर ग्राम अमदहा मे अज्ञात कारणों से लगी आग से नकदी सहित ग्रह गृहस्ती व, जेवरात जलकर राख हो गए। ग्राम अमदहा निवासी मेड़ीलाल पुत्र मैकू के घर के छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लगने से घर में रखे अनाज, 5 हजार की नकदी, इंजन, जेवरात सहित मौके पर मौजूद अन्य चीजें भी जलकर राख हो गई। आग की उठती लपटों को देखकर आस पास के ग्रामीण भयभीत हो उठे और जल्दी से जल्दी आग बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों के अथक प्रयासों से बोरिंग चलाकर आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक गृहस्ती जलकर राख हो चुकी थी।

## धूपबत्ती से लगी आग, दुकान का सारा सामान जलकर खाक

**जैदपुर, बाराबंकी।** दुकान के अंदर जल रही धूपबत्ती से बीती रात एक किराने की दुकान मे आग लग जाने से लाखो का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी होने पर आग बुझाने का प्रयास तो किया गया। मगर कुछ बचा नहीं सब कुछ तबाह हो गया। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला लोधपुरा में बीती रात राजकुमार मौर्य की किराने की दुकान में आग लग गई जिससे लाखों का सामान जलकर बर्बाद हो गया। जानकारी होने पर मोहल्ले के लोगो के सहयोग से आग पर काबू तो पा लिया गया। परन्तु तब तक दुकान का पूरा सामान राख मे तब्दील हो चुका था। बताते चलें कि दुकानदार रात में धूपबत्ती जलाकर पूजा करने के बाद जलती हुई धूपबत्ती से धीरे-धीरे आग लगी और थोड़ी देर मे आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया जिससे गरीब दुकानदार का सब कुछ जलकर तबाह बर्बाद हो गया है।

## सोमवारी अमावस्या पर भंडारा संपन्न

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** रानी सती दादी सेवा संस्था हैदरगढ़ द्वारा सोमवती अमावस्या के अवसर नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित शिव ओम अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर दादी जी को छोले चावल का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में वितरण किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## कांग्रेस कमेटी ने जिला कार्यकारिणी गठित किया छह महासचिव, आठ सचिव नामित



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लोकसभा चुनाव से पूर्व युवा कांग्रेस कमेटी बाराबंकी द्वारा जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर 6 महासचिव पद पर 8 और सचिव पद पर 9 लोगों का चयन किया गया। युवा नेता रोहित मिश्रा को सचिव नियुक्त किए जाने पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। सचिव पद पर मनोनीत किए जाने पर युवा नेता रोहित मिश्रा ने जिला कांग्रेस कमेटी के प्रति आभार व्यक्त किया। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से सभासद सूरज दीक्षित अली रिजवी आलोक कुमार शर्मा भरत सिंह विनीत अवस्थी अखंड प्रताप सिंह ठाकुर शैलेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

## गौवंशीय तस्करों पर हुई गैंगेस्टर की कार्रवाई

**जैदपुर बाराबंकी।** राजस्थान से चलकर काफी दिनों से क्षेत्र में धूमकर छुटटा जानवरों को चुरा कर वध कर तस्करी करने वालों के विरुद्ध जैदपुर पुलिस ने गैंग स्टर की कार्यवाही की है। बताते चलें कि पूरी गैंग के साथ क्षेत्र के तमाम ग्रामीण इलाकों में राजस्थान से आकर छुटटा गोवंश पकड़ कर तस्करी करने की सूचना पर 21 मार्च को जैदपुर पुलिस टीम ने आठ राजस्थानी अभियुक्त को 64 गोवंश के साथ गिरफ्तार कब्जे से बांका चाकू सहित राड रस्सी आदि बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया था। आज थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह सिंह ने गैंग बनाकर काफी दिनों गो तस्करी करने वाले सोपाल, केशु पुत्र हजारी निवासी सूरी माता जी का झोपड़ा डबलाना बूंदी राजस्थान के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही की गयी है।

# सचिव ने रिलाइन्स इण्डस्ट्रीज, पॉली फाइबर लि. का किया निरीक्षण

**आईआईडीसी ने जेआर आर्गेनिक इण्डस्ट्रीज स्थल का किया औचक निरीक्षण**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

उत्पादन आयुक्त, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज /उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग मनोज कुमार सिंह आज जनपद में स्पिनिंग मिल, रिलाइन्स इण्डस्ट्रीज, पॉली फाइबर लिमिटेड, पारा खन्दौली, तथा जेआर आर्गेनिक इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के स्थल का भ्रमण किया गया। स्पिनिंग मिल जहाँगीराबाद रोड, की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में यूपीसीडा विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया। आईआईडीसी द्वारा रिलाईन्स इण्डस्ट्रीज पाली फायबर लिमिटेड तथा रिलाइन्स सीबीजी प्लान्ट का भ्रमण किया गया तथा रिलाइन्स इण्डस्ट्रीज के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी, जिसमें रिलाइन्स इण्डस्ट्रीज के पिकप स्तर पर लंबित प्रकरणों पर चर्चा की गयी। आईआईडीसी द्वारा जेआर आर्गेनिक इण्डस्ट्रीज स्थल का भौतिक निरीक्षण किया गया।

भ्रमण के दौरान जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधिक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अ.. सुदन, उपजिलाधिकारी सदर विजय त्रिवेदी, उपायुक्त उद्योग आशुतोष सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नुक्कड़ सभाओं से मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाएगी भाजपा

**सभी शक्ति केंद्रों पर आयोजित होगी नुक्कड़ सभाएं**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिले की सभी 339 शक्तिकेंद्रों पर नुक्कड़ सभाओं के जरिए भाजपा जन जन तक अपनी पहुंच मजबूत करने की कयावद में जुट गई है। इन नुक्कड़ सभाओं में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को वक्ता बनाकर भाजपा मोदी - योगी सरकार के विकास मॉडल को आमजन तक पहुंचाएगी ,साथ ही विपक्ष पर हमलावर भी होगी।

नुक्कड़ सभा अभियान को धार देने एवम पार्टी कार्यकर्ताओं को इस हेतु प्रशिक्षित करने के लिए सोमवार को जिला कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई। एमएलसी एवम जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि नुक्कड़ सभाएं शक्तिकेंद स्तर पर भाजपा के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने में अहम भूमिका निभायेगी। कहा हम चुनाव के मुहाने पर जरूर खड़े है मगर भाजपा कार्यकर्ता साल के 365 दिन चरैवेति चरैवेति के मूल मंत्र पर चुनाव की तैयारी में जुटा रहता है।

उन्होंने कहा कि देश के युवा, गरीब, महिला और किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं में हमेशा शामिल रहते हैं। कहा कि मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं और विकास मॉडल से विपक्ष घबराया हुआ है। विपक्ष ग्रामीण जनता के बीच भ्रामक प्रचार करने में जुटा है। उन्होंने नुक्कड़ सभाओं के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी तथा उन्हें टिप्स भी दिए। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने नुक्कड़ सभा अभियान के लिए विधानसभा स्तर पर संयोजक और सहसंयोजक नामित किए। लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने सभी से जिले में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की हैट्रिक बनाने के लिए कमर कसने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, विधायक दिनेश रावत, सुधीर कुमार सिंह सिद्धू ,राम कुमारी मौर्य ,अमरीश रावत, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, रचना श्रीवास्तव, रामेश्वरी त्रिवेदी ,रोहित सिंह, प्रशांत मिश्रा, गुरु शरण लोधी, शीलरत्न मिहिर, प्रमोद तिवारी, बद्री विशाल त्रिपाठी ,नेहा आनंद, वेद प्रकाश रावत, सत्यप्रकाश वर्मा, तेज प्रताप सिंह, उमेश मिश्रा मौजूद रहे।

# आग लगने से गृहस्थी का सामान राख



**भीरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के अंतर्गत पड़रिया तिलकापुर गांव में अज्ञात कारणों के चलते शनिवार को अचानक एक घर में आग लग गई। आग में गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम पड़रिया तिलकापुर निवासी यादराम यादव के घर अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि घर गृहस्थी का सामान चारपाई, बिस्तर, बर्तन, नगदी, कपड़े आदि सारा सामान जलकर खाक हो गया। बताते है कि जिस समय यह घटना हुई उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। घर के सभी लोग खेत में गेहूं की फसल काट रहे थे। देखते ही देखते आग ने प्रचंड रूप ले लिया जिससे पड़ोसी रावेंद्र यादव व उत्तम यादव के घर को भी अपने आगोश में ले लिया जिसमें रावेंद्र यादव के यहां रखा खोखा भी जल गया जिसमे परचून की दुकान थी। दुकान का सारा सामान व एक छप्पर में जानवरो के लिए भरा गया भूसा भी जल गया। वहीं रावेंद्र के यहां किराए की दुकान लेकर सिलाई का काम कर रहे पौथेपुरवा निवासी पुतान की दुकान में रखे कपड़े व अन्य सामान जल गया। पड़ोसी उत्तम यादव का भी एक छप्पर जल गया। तेज आग को देखकर ग्रामीण इकट्ठा हुए ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक यादराम यादव की गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया था। इसकी जानकारी ग्राम प्रधान राम अनुज वर्मा ने क्षेत्रीय लेखपाल को दी।



## चित्रगुप्त कायस्थ सभा का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**लखीमपुर खीरी ।** श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा ने गढ़ी रोड स्थित चित्रगुप्त कायस्थ धर्मशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। चित्रगुप्त के पूजन के उपरान्त कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सभी को गुलाल व टीका लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। संस्थान के कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिकाध्यक्ष डा ईरा श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में सांसद अजय कुमार मिश्र टेनी, नगर सदर विधायक योगेश वर्मा, मनोज अग्रवाल-भूतपूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक व अर्बन को-ऑपरेटिव ने भी सहभागिता कर सभी को बधाई देते हुए हमेशा की तरह सभी के साथ रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अनूप सिंह ने किया। कार्यक्रम में संस्था के सरंक्षक राजीव रतन खरे, राजेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष डॉ ओ पी श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ अंजित सिंह, डा प्रिया सक्सेना सहित अत्यधिक कायस्थ बन्धु उपस्थित रहे।

## नाबालिग किशोरी को युवक लेकर फरार

**सिंगाही खीरी।** प्यार परवाना नहीं चढा तो नाबालिग किशोरी अपने प्रेमी के साथ रफू चक्कर सिंगाही पुलिस ने पिता की तहरीर पर मोहल्ले के ही प्रेमी के साथ पांच लोगों पर लड़की को बहला फुसला कर भाग ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की है। रविवार को कस्बे के मोहल्ला भेडौरा की एक नाबालिक किशोरी मोहल्ले के ही अपने प्रेमी गोलू के साथ रफू चक्कर हो गई लड़की के भाग जाने की खबर जब घर वालों को लगी तो उन्होंने सिंगाही पुलिस को तहरीर देकर प्रेमी गोलू के साथ मोहल्ले के ही सुनील रोहित अनुज निवासी भेडौरा ओमप्रकाश शिवकुमार निवासी गजियापुर थाना पढुआ लोगों को लड़की भगाने के आरोप लगाकर सिंगाही पुलिस को तहरीर दी थी सिंगाही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

## पांच माह में ही क्षतिग्रस्त हुआ संपर्क मार्ग

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** केंद्र और प्रदेश सरकार के आह्वान पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सभी प्रकार के मार्गो का निर्माण कार्य एवं मरम्मत कार्य किया जाना था जिससे ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। मामला विकासखंड हैदरगढ़ के औसानेश्वर मार्ग पर स्थित सूबेदार पुरवा से दाउदपुर संपर्क मार्ग का है। जहां पिछले 5 माह पूर्व 3 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का निर्माण कार्य करवाया गया था। करोड़ों रुपए की लागत से बनी यह सड़क भ्रष्टाचार के चलते 5 माह में ही जगह-जगह पर उखड़ने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया है जिसके चलते यह मार्ग पुनः जगह-जगह पर क्षतिग्रस्त हो गया है।

# तहसील प्रशासन ने हटवाया अवैध कब्जा



**सिंगाही खीरी। समृद्धि न्यूज**

सोमवार को एसडीएम के आदेश पर काफी पुराने सार्वजनिक रास्ते से तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाया।

कस्बे के मोहल्ला भेडौरा में काफी पुराना सार्वजनिक रास्ता पर मोहल्ले के ही राम बहादुर जगदीश कुमार, राकेश कुमार भोंदू निवासी नई बस्ती भेडौरा ने रास्ते पर अतिक्रमण कर अपने घूरा कूड़ा करकट डालकर अवैध आतिक्रमण कर रखा था। मंसाराम पुत्र महावीर निवासी भेडौरा ने निघासन एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर सार्वजनिक रास्ते से अवैध कब्जा हटाने की मांग की थी। निघासन एसडीएम के आदेश पर नायब हरिराम की अध्यक्षता में राजस्व की टीम का गठन किया गया सोमवार को नायब तहसीलदार हरिराम ने लेखपाल जगदीश कुमार के साथ पुलिस फोर्स लेकर रास्ता पार बुलडोजर जेसीबी से अवैध कब्जा हटा कर रास्ता खाली करा दिया है। मौके पर ग्राम प्रधान अमित सिंह व गांव के तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने पकड़ी अवैध शस्त्र फैक्ट्री, दो गिरफ्तार

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**



पुलिस ने अवैध रूप से चल रही शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। देशी तमंचे व अधबने तमंचे भारी मात्रा में बरामद किये। पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। भीरा थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने मामले का खुलासा किया। कहा कि यह शस्त्र बेचने के लिये तैयार किये जा रहे थे। मामले का खुलासा करते हुए थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्राधिकारी गोला के नेतृत्व में चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस की संयुक्त टीम ने कोतवाली क्षेत्र के भीरा नहर पटरी फॉरेस्ट कोठी के पास जंगल के किनारे कस्बा भीरा से दो अभियुक्तों सहित भारी मात्रा में अवैध शस्त्र कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया। इस दौरान असलम पुत्र अनवर वेग निवासी भीरा व सुशील कुमार पुत्र रामासरे निवासी भीरा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से काफी संख्या में अवैध शस्त्र एवं शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये।

### पुलिस ने यह शस्त्र किये बरामद

दो तमंचा 315 बोर, एक तमंचा315 बोर पुराना, दो तमंचा 12 बोर, एक तमंचा 12 बोर पुराना, तीन जिंदा कारतूस 315 बोर, एक मिस कारतूस 315 बोर, तीन खोखा कारतूस 315 बोर, पांच जिंदा कारतूस 12 बोर, एक मिस कारतूस 12 बोर, एक खोखा कारतूस 12 बोर, चार तमंचा अर्ध निर्मित 315 बोर, चार नाल 315 बोर, 6 तमंचा अर्ध निर्मित 12 बोर, 4 नाल 12 बोर, एक ड्रिल मशीन छोटी पुरानी, एक वर्मा लकड़ी में छेद करने के लिए, एक हथोड़ा, तीन छेनी एक फर्मा, 5 स्प्रिंग छोटी बड़ी दो रेगमाल, चार आरी ब्लेड, सात ट्रिगर छोटे बड़े, एक एयर कंप्रेसर मशीन, एक प्लास्टिक के पन्नी में रखा 2 किलो कोयला आदि बरामद हुआ है।

# वूमेन हेल्पलाइन बंद होने से महिलाएं असुरक्षित

## अपर मुख्य सचिव गृह को वर्कर्स फ्रंट में भेजा पत्र

**181 हेल्पलाइन को हाईकोर्ट के आदेश के मद्देनजर तत्काल चालू करने की मांग**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के मामले में देश मे शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। 2020 से लेकर 2022 तक महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में बड़ी संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

बलात्कार, अपहरण, हत्या, बलात्कार के बाद हत्या, सामूहिक बलात्कार, पति और रिश्तेदार द्वारा महिलाओं के साथ मारपीट व उत्पीड़न और दहेज हत्या के मामलों में प्रदेश देश में अव्वल नम्बर पर है। आंकड़े खुद यह कहते हैं कि 181 वूमेन हेल्पलाइन को बंद कर देने से महिलाओं पर होने वाले अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है।

एनसीआरबी का आंकड़ा बताता है कि 2022 में महिलाओं के ऊपर हुए अपराधों के 66936 केसों को पुलिस ने बिना एफआईआर दर्ज किए अपने स्तर से ही निपटा दिया। 10539 केसों में महिलाओं की दर्ज एफआईआर में सालभर में भी जांच पूरी नहीं हुई और 13097 मामलों में पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किए परिणामस्वरूप अपराधी बच गए। जबकि वूमेन हेल्पलाइन पुलिस से अलग उनके साथ हुई किसी भी घटना में तत्काल कार्रवाई कर उन्हें राहत देने का काम करती थी। यह हेल्पलाइन पुलिस द्वारा नहीं बल्कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित की जा रही थी इसलिए इसकी कार्रवाइयों के कारण पुलिस भी प्रदेश में दबाव में रहती थी। अब इसे बंद करके पुलिस की हेल्पलाइन के मातहत कर दिया गया और इसके कर्मचारियों को काम से निकाल दिया गया। जिससे प्रदेश में महिलाएं बेहद असुरक्षित हो गई है।

# दर्जन भर सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवार तय नहीं, चल रही माथापच्ची

**पक्ष-विपक्ष दोनों के पत्ते खुलने का इंतजार**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चुनावी गहमागहमी के बीच बची लोकसभा की दर्जन भर सीटों के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर भाजपा में माथापच्ची शुरू है। इन सीटों पर उम्मीदवारों की सूची रामनवमी के बाद जारी होने के आसार है। कुछ सीटों पर पक्ष विपक्ष दोनों के पत्ते खुलने का इंतजार है। किसका पत्ता कटेगा किसको टिकट मिलेगा, सस्पेंस बरकरार है। इन सीटों से चुनाव लड़ने की दावेदारी करने वाले टिकटार्थियों में रस्साकसी चल रही है। उम्मीदवार तय करने में भाजपा को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।

भाजपा अपने कोटे की 75 सीटों में अब तक 63 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। शेष 12 सीटों पर उम्मीदवार तय करने हैं। इनमें मैनपुरी, रायबरेली, गाजीपुर, बलिया, भदोही, मछलीशहर, प्रयागराज, फुलपुर, कौशांबी, देवरिया, फिरोजाबाद और कैसरगंज सीटें शामिल हैं। उम्मीदवार तय करने को लेकर भाजपा के सबसे बड़ी उलझन जीताऊ चेहरा तय करने को लेकर है। भाजपा पिछली बार जिन तीन सीटों रायबरेली, गाजीपुर मैनपुरी में चुनाव हार चुकी है, उन सीटों पर इस बार हर हाल में चुनाव जीतना चाहती है। उम्मीदवार तय करने में जल्दबादी नहीं करना चाहती है। इस बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भाजपा का सर्वाधिक सीट वाले यूपी प फोकस है। भाजपा हर सीट पर ऐसा चेहरा चाह रही है, जिसके जीतने में संशय न रहे। 12 सीटों पर दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है भाजपा हाईकमान जीताऊ चेहरे को मौका देगी। पिछले चुनाव में हारी हुई 14 सीटों को जीतने की रणनीति पर काम कर रही है। शेष बची सभी सीटों में अधिकांश पर नए चेहरे को मौका देने पर विचार किया जा रहा है। कई मौजूदा सांसदों का टिकट कटने के आसार हैं। इस संभावना को देखते हुए एक-एक सीट पर कई लोगों ने दावेदारी कर रखी है। कहते हैं कि भाजपा नेतृत्व के सामने सबसे अधिक उलझन रायबरेली, कैसरगंज और गाजीपुर सीट को लेकर है। इनमें रायबरेली और गाजीपुर सीट पर विपक्ष का कब्जा है जबकि कैसरगंज सीट पर मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह खुद मैदान में उतरने के लिए अड़े हैं।महिला पहलवानों से जुड़े विवादों से घिरे होने के नाते भाजपा उनके परिवार के किसी सदस्य या उनकी सहमति से अन्य चेहरे को चाहती है लेकिन बृजभूषण मानने को तैयार नहीं है। गाजीपुर और रायबरेली सीट जीतना भाजपा ने प्रतिष्ठा का का सवाल बना लिया है। कभी भी भाजपा के खाते में नहीं रही मैनपुरी सीट को जीतने को लेकर भी पार्टी के रणनीतिकार इस सीट पर कब्जा करने के लिए ऐसा चेहरा तलाश रहे हैं, तो डिंपल यादव को कड़ा टक्कर दे सके। भाजपा सपा को उसके ही घर में घेरने की रणनीति के तहत मजबूत विकल्प ढूंढ रही है। मैनपुरी में शाक्य बिरादरी की बड़ी तादाद को देखते हुए वहां की स्थानीय इकाई ने इसी बिरादरी के पार्टी के एक बड़े नेता को चुनाव लड़ाए जाने की इच्छा जताई है।

## खबरें एक नजर में

### दिल के आर-पार हुआ सरिया, डॉक्टरों ने बचाई मरीज की जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के डॉक्टरों ने एक बार फिर चमत्कार किया है। 54 वर्षीय एक मरीज की जान बचाने में कामयाबी हासिल की। मरीज के दिल में सरिया घुस गया था। इतना ही नहीं सरिया दिल को चीरकर आर पार हो गया था। बताया जा रहा है कि ऐसे मरीज को दुनिया में अभी तक कहीं भी बचाया नहीं जा सका है। यानी की 99 फीसदी से अधिक मामलों में मरीज की मौत हो जाया करती है, लेकिन दुनिया का यह पहला ऐसा मामला है, जहां पर डॉक्टरों की मेहनत सफल हुई और मरीज की जान बच सकी है। 4 घंटे चले जटिल ऑपरेशन में 15 डॉक्टरों की टीम ने मिलकर मरीज के दिल से सरिया बाहर निकाल लिया है और मरीज की जान बचाई है।

### इंडियन गैस की गाड़ी में लगी आग, बड़ा हादसा बचा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में टीपी नगर आरटीओ ऑफिस के पास स्थित चार नंबर पार्किंग में खड़ी इंडियन गैस की गाड़ी में सोमवार सुबह आग लग गई। आग की लपटे देख आसपास के लोगों ने फायर स्टेशन सरोजनीनगर को दी। जिसकी सूचना पर प्रभारी अग्निशमन सुमित प्रताप सिंह दो दमकल की गाड़ी के साथ मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। गाड़ी में सिलेंडर न होने से बड़ा हादसा टल गया। एफएसओ सरोजनीनगर ने बताया कि आग सूचना पर दो दमकल के साथ मौके पर पहुंचे थे। जहां पार्किंग में खड़ी इंडियन गैस गाडी (यूपी 32 एफएन 6241) में आग लगी हुई थी। फायर सर्विस यूनिट ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। गाड़ी खाली होने और समय से आग पर काबू पाने से कोई भी अन्य वाहन या व्यक्ति चपेट में नहीं आया।

### ज्वाला जी से मां ज्वाला की ज्योत लखनऊ पंहुची

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुर्गाजी मंदिर शास्त्रीनगर में आज से नवरात्र उत्सव का श्रीगणेश हो गया। सियालदह एक्सप्रेस से 16 भक्त ज्वाला जी से माँ ज्वाला की ज्योत को एक बंद दीप दान में सुप्रज्ज्वालित रूप में लेकर आज लखनऊ पधारे, चारबाग स्टेशन पर माँ के भक्तों ने ज्योत का जयकारों के साथ स्वागत किया. वहां से एक भव्य शोभा यात्रा में ज्योत को रख कर शास्त्रीनगर स्तिथ मंदिर लाया गया. मंदिर से 18 अप्रैल को ज्योत का विसर्जन किया जायेगा। मंदिर के आस पास झूले लग गए है, गुब्बारे बन्दुक वाले, चाट के ठेले, बच्चों के खिलोने, प्रसाद एवं फूलों की दुकाने सज गयी है। नववर्ष के आरम्भ के दिन नवरात्र का आरम्भ एक नयी उर्जा प्रदान कर रहा है। मंदिर में वेब कैमरे, वगरह सुरक्षा के लिए लगा दिए गए है। नित्य माता का नया श्रीनगर किया जायेगा। मंदिर में दिन भर भजनों का कार्यक्रम भी शोभा बढ़ता रहेगा।

### गोमती नगर एक्सटेंशन सोसाइटी में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पॉस इलाके गोमती नगर एक्सटेंशन में स्थित ओमैक्स आर 2 सोसाइटी में आग लगने से हड़कंप मच गया। सोमवार सुबह अज्ञात कर्म से सोसाइटी के 13 वें व 14 वें फ्लोर पर आग लग गई। आग लगने के बाद सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही समय में आग ने विकराल रूप ले लिया, हालांकि समिति के लोगों ने आग की सूचना फायर विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर विभाग की गाड़ियों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार आग किन करणों से लगी इसके बारे में अभी तक जानकारी नहीं मिल पाई है। आग से 13वीं व 14वीं मंजिल के फ्लोर में नुकसान हुआ है। आग से किसी के जलने या दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी नहीं मिली है। राजधानी के पॉश इलाके गोमती नगर एक्सटेंशन में सोसाइटी में आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आग किन कर्म से लगी है जिसको लेकर पड़ताल की जा रही है। वहीं, आग लगने के अन्य करणों को भी तलाशा जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस व फायर विभाग के अधिकारियों ने सोसाइटी में मौजूद कर्मचारी व आमजन से घटना के संदर्भ में जानकारी जुटाई है।

### कॉस्मेटिक दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगराम थाना क्षेत्र में दबंगों ने दुकान बंद कर घर वापस लौट रहे दुकानदार को रास्ते में रोककर अज्ञात दबंगों ने उसकी लाठी डंडों से पिटाई कर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। राहगीरों और स्थानीय निवासियों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को एम्बुलेंस की मदद से उसे पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर टू पहुंचाया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है, हालत गंभीर बताई जा रही हैं। पुलिस ने घायल दुकानदार के मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में शुरू कर दी हैं। रायबरेली जनपद के मवई, पिण्डौली थाना शिवगढ़ में रहने वाली सदावती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा गोविंद कुमार 25 वर्ष नगराम थाना क्षेत्र में स्थित छतौनी बाजार स्थित सिंह कॉम्प्लेक्स में कॉस्मैटिक्स और जूता चप्पल की दुकान चलाता है।

### सिटी बस में लगी आग, चालक व परिचालक झुलसे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में स्थित शहीद पथ तिराहे के पास सोमवार दोपहर एक सिटी बस में अचानक आग लग गई। आग की लपटों ने आग को कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया,लेकिन तब तक बस पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी थी। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के मुताबिक, शहीद पथ तिराहे पर सिटी बस (यूपी 32 सी जेड 7083) सवारी भरने के लिए खड़ी थी, जिसमें गैस रिसाव होने के कारण आग लग गई थी। सूचना पाकर मौके पर सरोजनीनगर एफएसओ दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंच कर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया । लेकिन तब तक बस पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी थी।

# विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : ब्रजेश पाठक

**पूर्व डीजीपी विजय कुमार सहित कई दलों के नेता भाजपा में शामिल**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष आज सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने अपनी पत्नी अनुपमा के साथ भाजपा सदस्यता ग्रहण की।

बसपा के पूर्व एमएलसी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज अग्रवाल फर्रूखाबाद, बसपा से नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल फर्रूखाबाद, नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर फतेहपुर, नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश कुमार मिश्र सुल्तानपुर, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव योगेन्द्र सिंह तोमर अलीगढ़ सपा के पूर्व प्रदेश सचिव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बुज शुक्ला कानपुर, बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सचिन त्रिपाठी कानपुर बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संदीप शर्मा जैकी कानपुर बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डीएस मिश्रा सुल्तानपुर, बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अरूण कुमार दुबे औरैया यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उमंग शुक्ला कानपुर यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शानू बुन्देला कानपुर, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डब्बू तिवारी कानपुर, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव धर्मेन्द्र अवस्थी बबलू कानपुर कांग्रेस के प्रदेश सचिव पवन सिंह कानपुर, बसपा के जाट भाईचारा को-आर्डिनेटर धर्मवीर चौधरी गाजियाबाद उपनेता नगर निगम कानपुरअनिल यादव, मुख्य सचेतक कानपुर नगर निगम अमित जायसवाल, पूर्व पासपोर्ट अधिकारी सुधाकर रस्तोगी लखनऊ सचेतक कानपुर नगर निगम शालू कन्नौजिया, कार्यकारिणी सदस्य नगर निगम कानपुर अंजली दीक्षित, पार्षद सरोज चड्डा कानपुर, पार्षद सुधीर यादव कानपुर पार्षद मुसव्विर अली लखनऊ, सपा नेता व अधिवक्ता सुधीर शुक्ला लखनऊ, पूर्व पार्षद प्रकाश गुप्ता लखनऊ समाजसेवी सौरभ यादव ललितपुर ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे एवं विधायक नीरज बोरा उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया।

### नरेन्द्र मोदी तीसरी बार बनेंगे भारत के प्रधानमंत्री



लखनऊ/बस्ती। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे। एक निजी विद्यालय में सोशल मीडिया वालेंटियर की बैठक को संबोधित करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। यह लोकसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। विकसित भारत के संकल्प को नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर साकार करेंगे। भारत में विश्व के लोग नौकरी तलाश करने के लिए आयेंगे और भारत सौ वर्ष के लिए आगे निकल जायेगा। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में चार सौ सीट से अधिक जीतकर इतिहास रचने जा रही है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन में जब जंग हो रहा था तब किसी की हिम्मत नहीं थी कि भारतीय नागरिकों को आंख दिखा सके। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा जो वादा करती है उसे पूरा करती है। धारा 370 हटाकर जो काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है उस संकल्प को लेकर सभी कार्यकर्ता 2019 में मिले वोटों से अबकी बार 370 वोट अधिक दिलायेंगे तथा भगवान श्रीराम का मन्दिर बन जाने के कारण 130 वोट हम दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) तथा कांग्रेस पार्टी को वोट देना कुएं में डालने के बराबर है। अगर कार्यसेवक संघर्ष न किये होते तो आज राम मन्दिर का सपना साकार नहीं होता।

# केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के नेतृत्व में सैकड़ों नेता भाजपा में शामिल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मोहनलालगंज लोकसभा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सरोजिनी नगर के गांव पंडित खेड़ा, केसरी खेड़ा, प्रसादी खेड़ा, कनौरा, कौड़िया, सुनहरा, अनोरा, नारायणपुरी, भोला खेड़ा, मानस नगर, हंसखेड़ा, बलिया खेड़ा, पीपर घाट, गिंदनखेड़ा के सैकड़ो की संख्या में सपा बसपा के नेताओ ने केंद्रीय राज्यमंत्री एवं मोहनलालगंज लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित हुए।

सम्मिलित होने वाले में विकास यादव संतोष यादव आकाश यादव मनीष यादव बृजेश यादव अवधेश यादव ठाकुर प्रसाद यादव वेद प्रकाश यादव सिद्धनाथ पाल वेद प्रकाश यादव सुरेश सिंह अश्विनी यादव अमित तिवारी गुलाब यादव आरके वर्मा श्रीराम यादव संतोष यादव रामकुमार पाल पवन कुमार यादव सूर्य यादव सुभाष यादव सुनील यादव गोपेश शुक्ला कमल सिंह राज किशोर सिंह रितेश यादव अमन यादव जयसिंह यादव गोविंद यादव अर्पित यादव मेरी लाल लोधी शुभम यादव कमल सिंह यादव आशीष यादव रामकुमार यादव अवधेश यादव विकास शर्मा अक्षय मिश्रा सूरज यादव सोहन लाल यादव रतीभान यादव ओम प्रकाश यादव प्रेम यादव ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं।

आज ये ज्वाइनिंग मोदी की गारंटी पर विश्वास और कौशल किशोर के लगातार बढ़ती लोकप्रियता का नजारा है जिसमे विपक्ष के नेता लगातार भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंवर रामविलास रावत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुशील यादव सुरेश सिंह पूर्व जिला पंचायत राजेश यादव ज्ञान सिंह अन्य पाठक ज्ञान सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक व सामरिक उन्नति के साथ देश में हो रहा सबका विकास : धर्मपाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/बुलंदशहर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बुलन्दशहर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण तथा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से कमल निशान-उन्नति, सुरक्षा व समृद्धि की पहचान बना। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश का वातावरण भाजपा के अनुकूल है। हमें लोगों को पोलिंग बूथ तक पहुंचाना है तथा बूथ पर डटे रहना है।

सिटिंग प्लान के साथ गौतमबुद्धनगर लोकसभा की सिकन्दराबाद विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मिलित रहे। प्रदेश महामंत्री संगठन ने पुष्पवर्षा करके बूथ अध्यक्षों का अभिनंदन किया। गगनभेदी स्वर में गुंजा अबकी बार 400 पार का संकल्प। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक व सामरिक उन्नति के साथ सबको साथ लेकर देश में सबका विकास हो रहा है। बूथ की मजबूत ईकाई से ही बूथ विजय संभव है। बूथ की मजबूती के के लिए बूथ के मतदाताओं तथा लाभार्थियों के साथ नियमित सम्पर्क तथा मोदी सरकार व योगी सरकार की नीतियों व योजनाओं के साथ संवाद आवश्यक है। बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों की नियमित बैठक तथा कार्यो का वर्गीकरण प्रत्येक लक्ष्य प्राप्त करने में सहायक है। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि बैठकों के दौरान सभी सदस्यों का घर से टिफिन लाकर साथ बैठकर भोजन करने से परिवार के रूप में काम करने का संस्कार विकसित होता है, जो कार्य को सहज, सरज तथा सफल बनाता है। बूथ अध्यक्षों की बैठक में सिटिंग प्लान का नया प्रयोग किया गया है जो बैठक के वातावरण को बूथ केन्द्रित करता है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का लक्ष्य हम सभी को दिया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य है। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आपको अपना बूथ जीतना है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पति पर हत्या का आरोप

**लखनऊ।** पारा थाना अंतर्गत हंसखेड़ा में संदिग्ध परिस्थितियों रचना (32) की मौत हो गई। परिजनों ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए पारा थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल, पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। सरोजनीनगर के लोनहा पिपरसंड निवासी आकाश कुमार के मुताबिक, वर्ष 2023 में बहन रचना ने उन्नाव जनपद के बांगरमऊ निवासी देवेश कटियार से प्रेम-विवाह किया था। बताया कि बहन रचना सेल टैक्स विभाग में बतौर स्टेनो के पद पर कार्यरत थी। वह पति देवेश के साथ पारा के हंसखेडा कॉलोनी में रहती थी। लिखित शिकायत में आकाश ने बताया कि शादी के बाद से बहन को शारीरिक और मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि देवेश अपने परिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर दस लाख रुपये और कार की मांग करता था। बताया कि बहन दो माह की गर्भवती थी। रविवार रात करीब 11.30 बजे देवेश ने उन्होंने फोन कर सूचना दी कि बहन ने फंदा लगा लिया। आनन-फानन उसे कृष्णानगर के लोकबंधु अस्पताल में पहुंचाया गया।

# आज घर-घर विराजेंगी माता रानी, उमड़े खरीदार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** वसंतीय नवरात्र को लेकर माता रानी के भक्तों में उत्साह है। मंगलवार को राजधानी के घर-घर कलश स्थापना के साथ माता रानी विराजेंगी और पूजा पाठ शुरू हो जाएगा। नवरात्र को लेकर मंदिरों में साफ-सफाई कर विशेष तैयारी की जा रही हैं। बाजारों में दिन भर खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। हमारे सनातन धर्म में चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा का बड़ा ही महत्व है। इसी दिन से हिंदू नव वर्ष प्रारंभ हो जाता है। यह नव संवत्सर का प्रथम दिवस कहलाता है। यह दिन परम पुनीत माना जाता है। इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि रचना का कार्य आरंभ किया था और भगवान का मत्स्य अवतार भी इसी दिन हुआ था।

सतयुग का आरंभ दिवस भी चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा को ही माना जाता है। भगवान श्री राम और महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। भारतीय ज्योतिष के अनुसार इसी पक्ष में सूर्य मेष राशि पर आ जाता है और वसंतीय नवरात्रि का आरंभ भी आज के ही दिन से हो जाता है। ज्योतिषाचार्य कमला कान्त ने बताया कि अबकी बार 9 अप्रैल दिन मंगलवार से रेवती नक्षत्र में इस नए वर्ष का आरंभ हो रहा है। यह वर्ष पिंगल संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। इस वर्ष के राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को कलश स्थापना का उत्तम मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में दिन में 11.36 से 12.24 बजे तक है। कुछ विद्वानों के आधार पर वैधृति योग में घट स्थापना का विधान नहीं है। वैधृति योग दिन में 3रू17 तक भोग कर रहा है। इसलिए वैधृति योग के मध्य में ही अभिजीत मुहूर्त निकाला गया है जो घट स्थापना के लिए नियुक्त किया गया है। विकल्प के अनुसार 3.17 बजे के बाद सूर्यास्त तक घट स्थापना हो सकती है। महाष्टमी का व्रत 16 अप्रैल को किया जाएगा। 9 दिन व्रत करने वाले श्रद्धालु नवमी तिथि में हवन पूर्णाहुति 17 अप्रैल को करेंगे। इसी दिन भगवान श्री राम का जन्म दिवस बड़े धूमधाम के साथ अयोध्या नगरी के साथ सारे देश में मनाया जाएगा।

### नवरात्रि में धार्मिक स्थलों का दर्शन कराएगा रोडवेज



**लखनऊ।** कल यानी 9 अप्रैल से शुरु हो रहे चौत्र नवरात्र धार्मिक स्थलों का दर्शन, श्रद्धालुओं को आवागमन की बेहतर सुविधा देने के लिए राज्य सड़क परिवहन निगम रोडवेज ने विशेष बस सेवा चलाने का निर्णय लिया है। नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने जाते हैं। श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई समस्या न होने पाए इसको लेकर रोडवेज प्रशासन लखनऊ के कैसरबाग, आलमबाग, अवध बस स्टेशन से बसें चलाई जाएंगी। चौत्र नवरात्र पर आदि शक्ति मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ ने परिवहन निगम से विशेष बसें चलाने का आग्रह किया था। परिवहन निगम प्रधान प्रबंधक ने बताया कि नवरात्रि में देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का बड़ी संख्या में आवागमन होगा। प्रधान प्रबंधक (संचालन) की तरफसे निर्देश दिए गए हैं कि नवरात्र पर श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों की भीड़ देखते हुए अतिरिक्त सेवाएं चलेंगी। लंबी दूरी की धार्मिक स्थलों की बसों के लिए तत्काल, एडवांस में बुकिंग वेबसाइट पर शुरू हो गई है। परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि नवरात्र पर श्रद्धालु मां पाटेश्वरी देवी, विंध्यवासिनी मंदिर, पूर्णागिरि, मां चंद्रिका देवी और मध्य प्रदेश के मेहर के साथ दतिया स्थित पीतांबरा पीठ जाते हैं। यूपी रोडवेज बसें श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों तक या राज्यों की सीमा तक पहुंचाएंगी। कैसरबाग बस डिपो के एआरएम अरविंद कुमार ने बताया कि नवरात्रि पर धार्मिक स्थलों के बीच बसें चलाई जाएगी।

**निर्देश** | अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त, 3921 निरस्त व 12,85,871 लोग पाबन्द

# कड़ाई से हो रहा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।

16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1825 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 07 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3921 लाइसेंसी शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 20,18,344 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिसमें 12,85,871 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 4756 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 5008 कारतूस, 2066.5 किलोग्राम विस्फोटक व 256 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 1513 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 82 केन्द्रों को सीज किया गया। 07 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा 05 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 49,947 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। 327 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 324 कारतूस व 14 बम बरामद किये गये। पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाले 121 केन्द्रों पर रेड डाली और 05 केन्द्र सीज किये।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्ता टीम कर रही कार्रवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 07 अप्रैल तक 131.69 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये, 2179.06 लाख रुपए नकद धनराशि, 3137.30 लाख कीमत की 980245.14 लीटर शराब, 4909.91 लाख रुपये कीमत की 7849712.11 ग्राम ड्रग, 1806.08 लाख की 52778.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 1137. 23 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 07 अप्रैल 323.33 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया।

### काजल निषाद मेदांता में भर्ती आईसीयू में डॉक्टरों की टीम इलाज में जुटी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की गोरखपुर लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार काजल निषाद का इलाज राजधानी स्थित मेदांता अस्पताल में चल रहा है। काजल निषाद इस समय मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। उनका इलाज डॉक्टर दिलीप दुबे कर रहे। दरअसल, सपा उम्मीदवार काजल निषाद की तबीयत रविवार रात बिगड़ गई थी। जिसके बाद परिजन और पार्टी कार्यकर्ता उन्हें लेकर गोरखपुर से लखनऊ पहुंचे। लखनऊ में काजल निषाद को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि रविवार से पहले भी काजल निषाद का जनसंपर्क के दौरान स्वास्थ्य खराब हुआ था, लेकिन रविवार को एक बार फिर उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद गोरखपुर के ही एक निजी अस्पताल में उनका इलाज किया गया।

# गाड़ियों को उड़ा ले जाने वाले मास्टर माइंड सहित छह सदस्य गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ कि सड़कों पर खड़ी होने वाली चार पहिया व दो पहिया वाहनों को मिनटों में चोरी कर लेने वाले गिरोह के खिलाफलखनऊ पुलिस ने कार्यवाही की है। लखनऊ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चोरी के गैंग के सरगना परवेश चौहान सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से तीन चार पहिया वाहन व दो मोटरसाइकिल सहित तीन मोटरसाइकिल की चेचिस व बैटरी बरामद हुई है।

लखनऊ पुलिस में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले लंबे समय से यह जानकारी मिल रही थी कि चिनहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुछ लोग गिरोह बनाकर गाड़ियों को निशाना बना रहे हैं। इसके बाद कार्यवाही करते हुए गैंग के सदस्य परवेश चौहान, अभियान सिंह, कासिम, शमसुद्दीन खान, सादिक अली को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी लखनऊ के रहने वाले हैं जिनको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के मास्टर है। यह सड़क के किनारे खड़ी हुई गाड़ियों को निशाना बनाते हैं। आरोपियों के पास स्मार्ट चाभी रहती है इसके बाद यह रेकी कर इलाकों में खड़ी हुई गाड़ी को टारगेट करते हैं। मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति मास्टर चाभी से गाड़ी खोलते हैं और लेकर फरार हो जाता है जिसके बाद इस गाड़ी को काटकर बेच देते थे।

# हिंदू विरोधी संगठन के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं राहुल : स्मृति

- हिंदुओं को मारने की लिस्ट बनाने वाले पीएफआई का समर्थन ले रहे राहुल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी आज यानि सोमवार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को सिलसिले में रायबरेली पहुंची, जहां उन्होने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने राहुल गाँधी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने वायनाड का चुनाव जीतने के लिए आतंकी संगठन पीएफआई से समर्थन लिया है। उन्होंने कहा कि पीएफआई की चार्जशीट को देखने पर पता चलता है कि यह वही संगठन है जिसने हर जिले में कितने हिंदुओं को मारना है इसकी लिस्ट बना रखी है।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सवाल पूछा है कि राहुल गाँधी ने ऐसे आतंकी संगठन का सहयोग क्यों लिया? इसका उन्हे जनता को जवाब देना चाहिए। दरअसल, अमेठी संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाली रायबरेली जिले की सलोन विधानसभा क्षेत्र में पारी गाँव में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने स्मृति ईरानी पहुंची। जहां स्मृति ईरानी ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि गाँधी परिवार यहाँ से चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गाँधी यहाँ से चुनाव लड़ेंगे तो जनता को क्या जवाब देंगे। केंद्र की मोदी सरकार नरेंद्र मोदी 19 लाख लोगो को राशन भेजवाते हैं और चार लाख बीस हजार सालाना छह हजार रुपया किसानो को दिलवाते है। केंद्र सरकार किसानों को करोड़ो रूपयों की सम्मान राशि दे रही है, जबकि कांग्रेस सांसद ने यहां की जनता को क्या दिया।

### खुद जिसने अमेठी को त्यागा वह कभी फल फूल नहीं पाएगा : स्मृति ईरानी

स्मृति ईरानी ने कहा कि मैं जानती हूँ कांग्रेस अंदरूनी कलह चल रही है। आप राहुल गाँधी को हारते हुए देखेंगे। अमेठी अपने सम्मान की लड़ाई लड़ेगा, खुद जिसने अमेठी को त्यागा वह कभी फल फूल नहीं पाएगा। अमेठी में नरेंद्र मोदी ने विकास किया है। राहुल गाँधी को कांग्रेस बनाम कांग्रेस हो रहा है। कांग्रेस राहुल गांधी को मुक्त करना चाहती है।बता दें कि स्मृति इरानी अपने पांच दिवसीय दौरे पर अमेठी में हैं। आज उन्होंने यहाँ के सलोन विधानसभा क्षेत्र में कई जगह कार्यकर्ता सम्मेलन किया है।

# एनटीपीसी में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता सम्पन्न

- जिले के 150 से अधिक बच्चों ने किया प्रतियोगिता में प्रतिभाग
- 40 गोल्ड के साथ एनटीपीसी ऊंचाहार का प्रथम स्थान



**ऊंचाहार /रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कराटे एसोसिएशन रायबरेली के तत्वाधान में एनटीपीसी ऊंचाहार स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम, शगुन हॉल में छठवीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में जिले के डेढ़ सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया जिसमें एनटीपीसी की टीम, ऊंचाहार मार्शल आर्ट अकादमी, और रायबरेली डलमऊ बछरावां आदि की टीमों ने प्रतिभाग किया था। कार्यक्रम का शुभारंभ कराटे एसोसिएशन रायबरेली के अध्यक्ष मास्टर राकेश कुमार गुप्ता के हाथों से किया गया। इस प्रतियोगिता में सब-जूनियर कैडेट जूनियर अंडर 21 और सीनियर खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया था। स्वर्ण पदक प्राप्त सभी खिलाड़ियों का चयन आगामी समय में होने वाले स्टेट कराटे चैंपियनशिप के लिए किया गया है तथा जो बच्चे स्टेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे उन खिलाड़ियों को अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता में 40 गोल्ड मेडल के साथ एनटीपीसी ऊंचाहार प्रथम स्थान जबकि एनटीपीसी दादरी को द्वितीय स्थान रायबरेली मार्शल आर्ट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## खबरें एक नजर में

### खेत में लगी आग तीन बीघा गेहूं जलकर खाक

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गद्दीपुर के पास विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण पांच बीघा खेतों में लगी भीषण आग मामला सलोन क्षेत्र के परसदेपुर रोड गद्दीपुर का है जहां गांव वालों का कहना है की ट्रांसफार्मर के कारण उसमें से चिंगारी निकल रही थी जो खेतों में गिर गई जिसके कारण खेतों में भीषण आग लग गई खेत के मालिक राम प्यारे उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र छेदीलाल जो गद्दीपुर का रहने वाला है उसका कहना है 5-30 बीघा खेत था मेरा जिसमें तीन बीघा गेहूं जलकर राख हो गया और आधा बीघा में आलू बोया था वह भी जल गया बाकी बचे खेत में कुछ नही बोया था जब आग लगी तो गांव में हड़कम समझ गया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को फ़ोन किया पर गांव वालों की मदद से आग पर काफी देर के बाद काबू पाया गया ग्राम प्रधान का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह बहुत बड़ा हादसा हुआ।

### पीड़ित ने विपक्षियों पर जमीन कब्जा करने का लगाया आरोप

- पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में पीड़ितों की जमीन पर जबरन दबंग विपक्षियों द्वारा कब्जा किया जा रहा है जिसको लेकर पीड़ित ने अपने परिजनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है आपको बता दे कि सोमवार को जनपद के गदागंज थाना क्षेत्र के पयागपुर गांव के रहने वाले रामप्रसाद ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनके दबंग विपक्षियों में ज्योति सिंह सहित अन्य लोगों द्वारा उनके घर के पीछे की जमीन पर जबरन भवन निर्माण किया जा रहा है जिसको लेकर थाना गदागंज में कई बार शिकायत की लेकिन थाने की पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की पीड़ित ने बताया कि शिकायत करने पर उसे मारने पीटने की भी धमकी दी जा रही है चीज को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है और मामले की जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है तथा जान माल की गुहार भी लगाई है।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, कई बीघे फसल जलकर राख

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कुढ़ाचक शगुन पुर गांव में सार्ट सर्किट से आग लगने से लगभग 10 बीघे फसल जलकर राख हो गई आग की लपट इतनी तेज थी कि अगर मौके पर ग्रामीण पहुंच कर आग पर काबू न कर पाते तो क्षेत्र में बहुत बड़ी घटना हो सकती थी पीड़ित ग्रामीण केशव राजेंद्र राजबहादुर फौजी राजबहादुर यादव व जगन्नाथ आदि लोगों ने बताया कि अचानक लगी आग की घटना से हम लोगों का काफी नुकसान हो गया है अगर समय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच जाती तो शायद इतना बड़ा नुकसान न होता वही ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया तहसीलदार डलमऊ ध्रुव नारायण यादव ने बताया कि आग लगने की घटना की जानकारी हुई है मौके पर नायब तहसीलदार लेखपाल कानून को भेज कर किसानों के हुए नुकसान को आकलन कराया जा रहा है पीड़ित किसानों को शासन द्वारा मिलने वाली सहायता दिलाई जाएगी।

### पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास



महराजगंज रायबरेली। एस एस बी के जवानों ने पहरेमऊ चौराहे पर किया पैदल मार्च ।चौकी इंचार्ज रवि पवार के नेतृत्व में एस एस बी के जवानों ने पहरेमऊ चौराहे पर पैदल मार्च किया ।आगामी समय में लोकसभा के चुनाव होने हैं जिसको लेकर शासन प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट दिखाई पड़ रहा है ।आज पहरे शमऊ चौराहे पर चौकी इंचार्ज चंदापुर के नेतृत्व में एस एस बी के जवानों ने पैदल मार्च किया ।इस मौके पर एस आई सचिन चौहान पवन सहित कोतवाली पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### बी पैक्स समिति पर किसानों से गेहूं खरीद का शुभारंभ

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** विपणन अधिकारी ने आज बांगरमऊ की कृषि उत्पादन मंडी यार्ड में बी पैक्स समिति जसरा मारूफपुर के गेंहू क्रय पर किसानों से खरीद का शुभारम्भ कराया। आज केंद्र ने सरकारी दर पर एक किसान का पांच कुंतल गेहूं खरीदा। जिला विपणन अधिकारी श्याम कुमार मिश्रा ने साधन सहकारी समिति लि0 जसरा मारूफपुर के क्रय केंद्र पर ग्राम भिखारीपुर रूल्ल निवासी किसान सत्यनारायण राजपूत के 5 कुन्तल गेहूं की तौल कराई। कृषि उपज का धन किसान के सीधे खाते में भेजा गया। विपणन अधिकारी श्री मिश्र ने बताया कि जिले में गेहूं के 92 क्रय केन्द्र बनाये गए हैं। किसानों को किसी भी सेन्टर पर कोई असुविधा न हो, इसके लिए केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल एवं छाया की समुचित व्यवस्था की गई है। कोई भी किसान अपना रजिस्ट्रेशन कराकर अपने नजदीक केन्द्र पर गेहूं बेच सकता है। कृषि उपज का भुगतान 48 घण्टे के अंदर विक्रेता किसानों के बचत खातों में कर दिया जायेगा। उन्होंने जानकारी दी कि बटाईदार किसान भी रजिस्ट्रेशन कराने के बाद अपना गेंहू बेच सकते हैं। सरकार किसानों को मौजूदा वर्ष में 2275 रुपए प्रति क्विंटल गेहूँ का भुगतान करेगी। इस मौके पर समिति सचिव बालेश कनौजिया ने सभी किसानों का मुँह मीठा कराया। क्रय केंद्र शुभारंभ के समय भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी आर.डी शुक्ला सहित संजय सिंह, विकास त्रिपाठी, रमेश कुमार, ओमप्रकाश, शिवम जायसवाल व सर्वेश कुमार आदि किसान मौजूद थे।

# गांजा तस्कर ने गांजा की पुड़िया न बेचने पर स्कूली बच्चों को पीटा

- विरोध करने पर घर में घुसकर की मारपीट
- पीड़ित ने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक को दिया शिकायती पत्र

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रायबरेली में एक ऐसा मामला सामने आया है।जहां एक गांजा तस्कर ने एक स्कूली बच्चों को मजह इस लिए पीट दिया कि उसके कहने पर वह किसी दूसरे को गांजा की पुड़िया नही देने गया, मना किया गांजा तस्कर ने लाठी डंडे से लैस होकर परिवारीजनों ने बच्चे के घर में घुसकर जमकर तांडव काटा और मारपीट की जिसमें कई लोग गंभीर रूप से चोटिल भी हो गए।पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में की तो पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं की मामला जिले के मिल एरिया थाना क्षेत्र के राही ग्राम का है।

यहां के रहने वाले रजोले,बबलू, आयुष अश्वनी विजय शर्मा नाम के लोगों द्वारा घर में घुसकर जमकर मारपीट की गई जिसको लेकर घायल विपक्षी दीपांशु पुत्र संतोष कुमार ने मामले की शिकायत मिल एरिया थाने में की पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है लेकिन इसी बीच मारपीट के दूसरे दिन से ही विजय शर्मा नाम के एक युवक द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीड़ित दीपांशु व उसके परिजनों के खिलाफ अमर्यादित अभद्र आपत्तिजनक पोस्ट करने लगा और जान से मारने की धमकी भी देने लगा जिसको लेकर पीड़ित दीपांशु ने सभी साक्ष्य के साथ अपने परिजनों को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को शिकायती पत्र दिया है। और जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

पीड़ित ने दबंगों पर आरोप लगाया है कि यह गांजा बेचने व लड़की को भगा ले जाने के मामले में कई बार जेल भी जा चुका है लेकिन फिर भी लगातार गंजे की खरीद फरोख्त कर मोहल्ले में मारपीट किया करता है और दहशत फैलाने के उद्देश्य से लोगों को डराया और धमकाया भी करता है। लेकिन पुलिस कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रही है।

# युवक पर प्राण घातक हमला

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गदागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दीनशाह गौरा निवासी युवक पर दबंग युवक द्वारा कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया गया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों द्वारा उसे सीएचसी गौरा में भर्ती कराया गया हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गांव निवासी बजरंग सोनी ने कोतवाली गदागंज में तहरीर देते हुए बताया कि बीते रविवार को शाम लगभग 7:00 बजे वह घर पर मौजूद नहीं था उसी समय पड़ोस के रहने दबंग युवक विमल सोनी 30 वर्ष पुत्र राम भजन घर के सामने बने कुऐ के पास आकर घर में मौजूद बच्चों एवं महिलाओं के साथ अकारण ही गाली गलौज करने लगा जिसकी शिकायत प्रार्थी की पत्नी द्वारा थाना गदागंज में की गई शिकायत से नाराज दंबग युवक ने प्रार्थी के भाई संतोष कुमार 32 वर्ष को रात लगभग 9:00 बजे पीछे से कुल्हाड़ी से सर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सर पर गंभीर चोट लगने से युवक अचेत होकर गिर गया परिजनों के द्वारा गंभीर रूप से घायल युवक को सीएससी दीन शाह गौरा पहुंचाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सको द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है परिजनों की माने तो घायल युवक को लगभग 25 टांके लगे हैं और उसका एक हाथ भी टूट गया है इस संबंध में क्षेत्राधिकार अरुण कुमार नौवहर ने बताया कि संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# महंगाई की मार से बाजारों से गायब रौनक



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

वर्तमान समय में महंगाई के भाव आसमान छू रहे हैंद्य क्षेत्र की बाजारों में सब्जियों के दाम मध्यमवर्गीय लोगों के लिए चिंता का विषय बने हुएद्य सब्जियां इतनी महंगी हो गई है कि बाजारों से रौनक गायब हो गई हैद्य आलू, पालक, टमाटर, प्याज, मिर्च, लौकी, तरोई, कद्दू, बैंगन, शिमला मिर्च सहित अन्य सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैंद्य लोगों का कहना है कि सब्जियों के दाम इतने बढ़ गए हैं कि दौ सौ से ढाई सौ रुपए की सब्जी मुश्किल से चार या पांच दिन चलती हैद्य अगर सब्जियां इसी तरह महंगी होती रही तो हम लोगो के लिए सब्जी खरीद पाना पर बमुश्किल होगा।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, छोटा भाई गम्भीर शव घर पहुंचते ही परिवार में मचा कोहराम

**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अपने रिश्तेदारों के घर से वापस लौटते समय कस्बा खीरों निवासी बाइक सवार दो सगे भाइयों को शनिवार की रात एक पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बड़े भाई की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि छोटा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया।

घायल को स्थानीय पुलिस ने बांदा के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गम्भीर दशा में कानपुर भेज दिया गया। जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। रविवार को देर रात शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया और कस्बे में मातम छा गया। मृतक के पिता कस्बा खीरों निवासी सुरेश बहेलिया ने बताया कि उसके दो बेटे रामसिंह (27) और लखनसिंह (22) बांदा निवासी रिश्तेदारों के घर से शनिवार की रात को बाइक द्वारा घर वापस लौट रहे थे। बांदा फतेहपुर मार्ग पर तिंदवारी के पास रात लगभग नौ बजे एक पिकअप का अज्ञात चालक बाइक में टक्कर मारकर वाहन सहित भाग गया।

घटनास्थल पर ही रामसिंह की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि लखनसिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। घायल लखन सिंह को पुलिस ने जिला अस्पताल बांदा पहुंचाया, जहां से उसे गम्भीर दशा में कानपुर भेज दिया गया। रविवार की रात को शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया और कस्बे में मातम छा गया। इस घटना से मृतक की बेटी केसी, मां गीतादेवी, पिता सुरेश बहेलिया, भाई केशन बहेलिया, बहन गुड़िया सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## महिला ने अधिशासी अभियंता को दिया शिकायती पत्र

**विद्युत विभाग के खेल निराले, जमा किया बिल किसी और ने और पहुंच गया किसी और के खाते में**

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** गुड्डी पत्नी रामकृष्ण पुत्र राम अवतार निवासिनी ग्राम पुरे गरीब मंजरे अतरेहटा तहसील महराजगंज ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज रायबरेली को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थिनी गरीब विधवा महिला है प्रार्थिनी के पति के नाम विद्युत कनेक्शन खाता संख्या 495518 5000 संचालित है । प्रार्थिनी द्वारा जब अपना बिल 20 /11 /2023 को पावर हाउस में जाकर परवेज के पास जमा किया गया तो उनके द्वारा खाता संख्या डालने मे 095 518 5000 अंकित कर दिया गया ।और प्रार्थिनी द्वारा जमा किया गया पैसा कृष्णा देवी पत्नी रामकिशोर निवासी मोन के खाते में चला गया जिससे प्रार्थिनी अत्यंत परेशान है ।अधिशासी अभियंता से गुड्डी ने निवेदन करते हुए गलत खाते में ट्रांसफर की गई धनराशि प्रार्थिनी के खाते में पुन: जमा कारए जाने की गुहार लगाई।

# सीडीओ ने दिव्यांग रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- दिव्यांग रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का दिया गया संदेश
- स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए सबका मतदान करना जरूरी : मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद रायबरेली में आगामी 20 मई 2024 को शतप्रतिशत मतदान किए जाने के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप पूजा यादव ने विकास भवन के प्रांगण से दिव्यांग रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने दिव्यांग मतदाता रैली में उपस्थित लोगो से कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में 20 मई को घरो से निकल कर हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। आप सभी लोग अपने माता-पिता, घर परिवार सहित पास-पड़ोस के लोगो को भी मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करायी जा रही है, मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए सबका मतदान करना जरूरी है। इस महापर्व में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर तन-मन से 20 मई तक इतनी जोर-शोर से स्वीप कार्यक्रम को चलाना है कि 20 मई को होने वाले चुनाव में सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें, जिससे मतदान प्रतिशत में निश्चित रूप से बढ़ोत्तरी हो।

# हीट वेव से बचाव के लिए डीएम ने की बैठक, दिया आवश्यक निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियो के लिए बचत भवन सभागार में बैठक की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए की हीट वेब से बचाव के लिए सभी प्राथमिक उपचार सुनिश्चित कर लिए जाए। सभी सीएससी और पीएससी में डॉक्टर समय से उपलब्ध रहें। जिससे की आवश्यकता पड़ने पर तत्काल स्वास्थ्य लाभ दिया जा सके। नगर पालिका को निर्देश दिए की साफ सफाई कर जगह-जगह प्याऊ लगाए जाएं। जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों के माध्यम से बैठक कर लोगों को हीट वेव के बारे में बताया जाए साथ ही उसके बचाव के संबंध में भी जानकारी दी जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए, बंद पड़े हैंड पंप को सही करा लिया जाए। अग्निशमन विभाग से उन्होंने कहा कि हर समय एक्शन मोड में रहे जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्रवाई करें। विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा की जीर्ण पड़े विद्युत तारों को सही कर लिया जाए। परिवहन विभाग को निर्देश देते हुए कहा की सभी बस स्टैंड पर पेयजल की व्यवस्था कराई जाए साथ ही प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिला अधिकारी (वित्त) अमृता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ,जिला पंचायती राज अधिकारी, अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग आपदा विभाग तथा सभी उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# लालगंज के जाम से व्यापारी त्रस्त अधिकारी, जनप्रतिनिधि मस्त

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को लालगंज जाम की समस्या को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज पदाधिकारी के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा जी के नेतृत्व में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल को एक ज्ञापन सौपा नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा लालगंज नगर में चारों ओर नेशनल हाईवे के साथ दिनभर जाम की समस्या बनी रहती है जिससे नगर में व्यापारी व ग्राहक नहीं आते हैं व्यापारियों का व्यापार चौपट हो गया है लालगंज बाईपास का पुल 6-7 सालों से टूटा है उसको बनाया भी नहीं जा रहा है जिससे लालगंज के लोगों को संकट से गुजरना पड़ रहा है।

जिला अध्यक्ष उद्योग मंच हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि पूरे दिन जाम की समस्या बनी है हमारे कारखाने उद्योग बंद होने के कगार पर हैं सड़को में गड्ढे बड़े-बड़े हैं दिन भर धूल उड़ती है।

रौनक भदौरिया ने कहा कि लालगंज नगर का जाम तभी कुछ कम हो सकता है जब डायवर्सन करके सेमरपहा से कानपुर हाइवे बाईपास में सेमरी वाया गुरबक्श गंज से लखनऊ और रायबरेली के कमर्शियल वाहन निकाले जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द ही यह व्यवस्था सुचारू से लागू कर लालगंज में जाम को कम किया जाएगा।

# जिले के किसानों के साथ ठगी कर रहा लघु सिंचाई विभाग

- आवंटित बोरिंग के लक्ष्य को धरातल पर आज तक पूरा नहीं कर सका विभाग

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जिले का बेलगाम लघु सिंचाई विभाग वर्ष 2023-24 के जिले के किसानों की सिंचाई के लिए आवंटित बोरिंग का लक्ष्य आज तक नहीं पूरा कर पाया है जबकि शासन को शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा होने का भेजा गया आंकडा फर्जी झूंठा और मनगढ़ंत है धरातली जांच करा असलियत पता की जा सकती है।

ज्ञात हो कि जिले के सिंचाई क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए लघु सिंचाई विभाग द्वारा गरीबों के लिए निःशुल्क बोरिंग योजना चलाई जा रही है जिसके तहत निःशुल्क बोरिंग के साथ-साथ अलग-अलग तीन श्रेणियों में किसानों को पांच हजार, सात हजार तथा दस हजार का अनुदान दिया जाता है। योजनागत किसानों को इंजन स्वयं खरीदना पड़ता है। विगत कई वर्षो से फर्जी बोरिंग दिखा सिंचाई विभाग अनुदान राशि और बोरिंग पाइपों की जमकर लूटकर रहा है। फतेहपुर चौरासी अन्तर्गत एक फर्जी बोरिंग योजना के लाभार्थी ने जब शिकायत की तो जांच में तीन बोरिंग होना फर्जी पाया गया जिसका अभी भी विवाद चल रहा है यदि वर्ष 2023-24 में योजनागत कितनी निःशुल्क बोरिंग हुई इसकी धरातली जांच हो तो 31 मार्च को भेजे गये लक्ष्य की धरातल पर आधी बोरिंग भी नहीं मिलेगी। लघु सिंचाई विभाग दो प्रकार की बोरिंग कराता है। निःशुल्क बोरिंग तथा मध्यम गहरे नलकूप जिसमें किसानों को 2 लाख 65 हजार की सब्सिडी देय है, चालू वित्तीय वर्ष में जिले को 205 मध्यम गहरे नलकूप का लक्ष्य प्राप्त हुआ था तथा 31 मार्च को प्रदेश शासन को भेजी गई प्रगति रिपोर्ट के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा होने की रिपोर्ट भेजी गई जों असत्य झूंठी तथा मनगढ़ंत है धरातली हकीकत में अभी एक सैकड़ा बोरिंग नहीं हुई है केवल कागजों में बोरिंग होना दिखा धनाहरण कर लिया गया है। लघु सिंचाई विभाग में कार्यरत एक नामचीन बोरिंग ठेकेदार के सहयोग से सहायक अभियंता द्वारा फर्जी प्रगति रिपोर्ट भेज बोरिंग के लिए स्वीकृत धनराशि आहरित कर ली गई हैं बोरिंग ठेकेदार को 85 से 90 रूपये प्रति फीट बोरिंग करने की धनराशि शासन से देय है और समस्त बोरिंग की उक्त धनराशि आहरित कर ली गई है जबकि अभी आधी किसानों की बोरिंग नहीं हुई है।

## संकट की दस्तक

पिछले साल सिक्किम में लहोनक ग्लेशियर झील फटने की घटना पुरानी नहीं है जिसमें 180 लोगों के मरने व पांच हजार करोड़ के नुकसान की खबर थी। इसी तरह केदारनाथ में चौराबाड़ी ग्लेशियर झील फटने से हजारों लोगों की जल प्रलय में मौत हुई थी। 2021 में उत्तराखंड की नीति घाटी में ग्लेशियर झील फटने से दो सौ लोगों के मरने समेत डेढ़ हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। अब हिमालय पर्यावरण विशेषज्ञ चेता रहे हैं कि देश के हिमालय क्षेत्र में आने वाले राज्यों में खतरनाक किस्म की 188 ग्लेशियर झीलें बन चुकी हैं, जो किसी बड़े भूकंप आने पर लाखों लोगों के जीवन पर घातक प्रभाव डाल सकती हैं। यूं तो सबसे ज्यादा खतरे की वजह पूर्वोत्तर की झीलें हैं, लेकिन खतरा कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में भी लगातार बना हुआ है। दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले डिजास्टर मैनेजमेंट डिवीजन और हिमालय अध्ययन विशेषज्ञों की टीम द्वारा किए गए एक साल की स्टडी के बाद जो निष्कर्ष सामने आए हैं वे चिंता में डालने वाले हैं। दरअसल, अब ग्लोबल वार्मिंग का वास्तविक खतरा सामने दिखायी दे रहा है। लगातार बढ़ते तापमान से हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। पहाड़ों में बर्फपिघलने से बने जल को निकासी का रास्ता न मिलने पर ये बर्फीला पानी झीलों के रूप में एकत्र हो जाता है। पर्यावरण विशेषज्ञ चिंता जता रहे हैं कि यदि इन संवेदनशील इलाकों में सात तीव्रता जैसा भूकंप आता है तो ये झीलें जल बम बनकर फूट सकती हैं। इससे छह राज्यों की करीब तीन करोड़ आबादी प्रभावित हो सकती है। दरअसल, इस हालिया अध्ययन में बताया गया है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते इन हिमालयी क्षेत्रों में 28 हजार से अधिक झीलें बन गई हैं। जिसमें 188 ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती हैं। इन संवेदनशील झीलों को ए श्रेणी में रखा गया है। इन इलाकों में ग्लेशियरों के पिघलने व खिसकने का खतरनाक ट्रेंड देखा गया है। वैज्ञानिक चिंता जता रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियरों की पिघलने की दर 15 प्रतिशत बढ़ गई है। जो हमारे लिए गंभीर चेतावनी का कारण बन रही है। केंद्र सरकार के अधिकारी और पर्यावरण विशेषज्ञ ग्राउंड जीरो व उपग्रहों के जरिये इन झीलों की बराबर निगरानी कर रहे हैं। इन इलाकों में स्वचालित मौसम निगरानी केंद्र बनाये गए हैं। इस दिशा में मंथन किया जा रहा है कि कैसे इन खतरनाक झीलों का पानी आधुनिक तरीकों से रिलीज किया जाए। एक ओर जहां झीलों से जल निकासी के रास्ते तलाशे जा रहे हैं, वहीं ड्रिल करके पानी को नियंत्रित करने पर भी विचार हो रहा है। इसके अलावा भूमिगत पानी के साथ मिलाने के लिये भूमिगत टनल बनाने पर भी मंथन हो रहा है।

# आयोलाल सभई चओ झूलेलाल-चेट्री चंड्र जूं लख लख वाधायूं

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया



**इस बार ये 10 अप्रैल 2023, को मनाया जाएगी। ज्यादातर ये त्यौहार गुडी पड़वा व उगडी के दुसरे दिन पड़ता है, इसे पड़ोसी देश सहित विश्व के हर देश में में रहने वाले सिन्धी भी मनाते है। इस दिन चाँद कई दिनों बाद पूरा नजर आता है, सभी लोग जल देव की आराधना करते है। चेट्रीचंड्र त्यौहार सिन्धी समाज द्वारा अपने इष्टदेव झुलेलाल जी की याद में मनाया जाता है। इस दिन सिन्धी समाज जल देव व झुलेलाल जी की पूजा अर्चना करता है, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है, जूलूस निकाले जाते है। इस दिन प्रसाद के तौर पर उबले काले चने व मीठा भात सबको दिया जाता है। इस बार सिंधी समाज के आराध्य देव वरुणावतार भगवान झूलेलाल की जयंती 10 अप्रैल को मनाई जा रही है। इस बार संयोग यह है कि इसी दिन सिंधी भाषा दिवस भी है।**

वैश्विक स्तरपर दुनियां में सबसे अधिक आस्था के प्रतीक भारत में अब आधुनिक डिजिटल युग में भी जनवरी से शुरू होने वाले नववर्ष भले ही पश्चिमी देशों में हर तिथी को अपनेअपने अनुसार मानते हों परंतु भारत में आज भी विक्रम संवत में गहरी आस्था,मान्यता व विश्वास है जो रेखांकित करने वाली बात है, करीब करीब हर समाज इससे प्रेरित होकर अपने त्यौहार विक्रम संवत के हिसाब से मनाते हैं, जैसे पंजाबी समाज बैसाखी, सिंधी समाज चेट्रीचंड्र महाराष्ट्रीयन समाज गुड़ी पड़वा, केरल में कोकणी पर्व जिसे पड़वो भी कहते हैं सभी नव वर्ष के रूप में मनाते हैं। 10 अप्रैल 2024 को सिंधी समाज अपने इष्ट देव झूलेलाल जयंती महोत्सव चेट्रीचंड्र के रूप में पूरी दुनियां में मनाते है,जिसकी तिथि भी हमेशा विक्रम संवत के अनुसार होती है जो हर वर्ष अलग-अलग तारीखों में परंतु समानायतःमार्च या अप्रैल माह में होती है। इस महान प्यारे पर्वको महोत्सव के रूप में मनाने की भी एक विशेष अनोखीकहानी है जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। परंतु इस वर्ष छत्तीसगढ़ राजस्थान गुजरात और मध्यप्रदेश ने 10 अप्रैल 2024 को अवकाश घोषित किया है,यह जानकारी मीडियामें उपलब्ध है,जोरेखांकित करने वाली बात है।सिंधी समाज इस पर्व को बड़ी आस्था व विशालता से मानता है। इस दिन समाज अपनी पूरी दुकानें व्यवसाय बंद रखकर पर्व मनाने में शामिल होता है। इष्ट देव झूलेलाल की विभिन्न झांकियों सहित शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें समाज का हर नागरिक शामिल होता है जिससे समाज में एकता देखने लायक होती है। चूंकि इष्ट देव झूलेलाल जयंती क्षेत्री चंड्र व सिंधी भाषा दिवस 10 अप्रैल 2024 का एक साथ योग आया है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे इष्ट देव झूलेलाल जयंती महोत्सव पर खुशियों की बौछार चार राज्यों ने सार्वजनिक अवकाश घोषणा से समाज हर्षोल्लाह से सराबोर हुआ। आयोलाल सभीई चाओ झूलेलाल चेट्री चंड्र जूं लख़ लख़ करोड़ करोड़ वाधायूं।

साथियों बात अगर हम इस झूलेलाल जयंती महोत्सव चेट्रीचंड्र की करें तो, चेट्री चंड्र सिंधियों द्वारा मनाये जाने वाला महत्पूर्ण त्यौहार है। हर साल इसे चैत्र शुक्ल पक्ष के दुसरे दिन मनाया जाता है। इस बार ये 10 अप्रैल 2023, को मनाया जाएगी। ज्यादातर ये त्यौहार गुडी पड़वा व उगडी के दुसरे दिन पड़ता है, इसे पड़ोसी देश सहित विश्व के हर देश में में रहने वाले सिन्धी भी मनाते है। इस दिन चाँद कई दिनों बाद पूरा नजर आता है, सभी लोग जल देव की आराधना करते है। चेट्रीचंड्र त्यौहार सिन्धी समाज द्वारा अपने इष्टदेव झुलेलाल जी की याद में मनाया जाता है। इस दिन सिन्धी समाज जल देव व झुलेलाल जी की पूजा अर्चना करता है, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है, जूलूस निकाले जाते है। इस दिन प्रसाद के तौर पर उबले काले चने व मीठा भात सबको दिया जाता है। इस बार सिंधी समाज के आराध्य देव वरुणावतार भगवान झूलेलाल की जयंती 10 अप्रैल को मनाई जा रही है। इस बार संयोग यह है कि इसी दिन सिंधी भाषा दिवस भी है। वर्ष 1967 में इसी दिन 10 अप्रैल को सिंधी भाषा को 21 वें संशोधन अधिनियम द्वारा 8 वीं अनुसूची में जोड़ा गया था जो सिंधी समाज के लिए गर्व की बात है।

साथियों बात अगर हम झूलेलाल जयंती महोत्सव चेट्रीचंड्र मनाने के कारणों की करें तो, दुनियां में जब जब अत्याचार बढ़ा है, तब तब भगवान ने अपने भक्तों के लिए धरती में जन्म लिया है। युगों से ये बात चली आ रही है, भारत देश में कई भगवान, साधू संत ने जन्म लिया और दुनियां को सही गलत में फर्क समझाया है। सभी समाज धर्म के भगवान पाप को ख़त्म करने के लिए इस धरती पर आये- राम, कृष्ण, अल्लाह येशु ऐसे ही कुछ नाम है। ऐसे ही एक और भगवान इस धरती पर आये, जिन्हें झुलेलाल नाम से जाना जाता है। इन्हें सिन्धी समाज का इष्टदेव कहा जाता है। ये हिन्दू जाति के भगवान वरुण का अवतार है, जिनका जन्म 10 वीं शताब्दी के आस पास हुआ था। कुछ लोग इन्हें सूफी संत भी बोला करते है, जिन्हें मुस्लिम भी काफी पूजते थे। कुछ लोग इन्हें जल देव का अवतार मानते थे। सिन्धु घाटी की सबसे पहली व पुरानी सभ्यता मोहनजोदड़ोहै,यही सिंध में ही झुलेलाल जी का जन्म हुआ था। उनके जन्म को आज भी सिन्धी समाज व पड़ोसी मुल्क के कुछ हिस्सों में लोग झुलेलाल जयंती या चेट्री चंड्र नाम से मनाते है। इस दिन ने सिन्धी समाज का नया वर्ष शुरू होता है, जिसे वे बड़ी धूमधाम से मनाते है। साथियों बात कर हम सिंधी समाज के इष्टदेव झूलेलाल के जन्म याने अवतरण की करें तो, सिंधी समाज पर हो रहे अत्याचार की पुकार सुन जल देवता से आकाशवाणी के 2 दिन बाद चैत्र माह की शुक्ल पक्ष में नासरपुर (पाकिस्तान की सिन्धु घाटी) के देवकी व ताराचंद के यहाँ एक बेटे ने जन्म लिया, जिसका नाम उदयचंद रखा गया। हिंदी में उदय का मतलब उगना होता है। भविष्य में ये छोटा बच्चा हिन्दू सिन्धी समाज का रक्षक बना, जिसने मिरक शाह जैसे शैतान का अंत किया अपने नाम को चरितार्थ करते हुए उदयचंद जी ने सिंध के हिंदुओ के जीवन के अँधेरे को खत्म कर उजयाला फैला दिया। पहले उन्हें भगवान का रूप नहीं समझा गया, लेकिन अपने जन्म के बाद ही वेचमत्कार करने लगे। जन्म के बाद जब उनके माता पिता ने उनके मुख के अंदर पूरी सिन्धु नदी को देखा, जिसमें पलो नाम की एक मछली भी तैर रही थी, तब वे हैरान रह गए, इसलिए झुलेलाल जी को पले वारो भी कहा जाता है। बहुत से सिन्धी हिन्दू उन पर विश्वास करते थे, और उनको भगवान का रूप मानते थे, इसलिए कुछ लोग उन्हें अमरलाल भी कहते थे। झुलेलाल जी को उदेरोलाल भी कहते है, संस्कृत में इसका मतलब है कि जो पानी के करीब रहता है या पानी में तैरता है। बाल्यावस्था में उदयचंद को झुला बहुत पसंद था, वे उसी पर आराम करते थे, इसी के बाद उनका नाम झुलेलाल पड़ गया,उनकी माता देवकी उन्हें प्यार से झुल्लण बोलती थी, उनकी माता का देहांत छोटी उम्र में ही हो गया था, जिसके बाद उनका पालन पोषण सौतेली माँ ने ही किया। बता दें एक अन्याई राजा द्वारा हिंदुओ पर जुल्म करना शुरू कर दिया था, सभी हिंदुओ को बोला गया, कि उन्हें इस्लाम अपनाना होगा, नहीं तो उन्हें मार डाला जायेगा, ऐसे में सिंध के सभी हिन्दू बहुत घबरा गए, तब सभी हिंदुओ को सिन्धु के नदी के पास इक्कठे होने के लिए बुलावा भेजा गया हज़ारों की संख्या में लोग वहां इकट्ठा हुए, सबने मिलकर जल देवता दरिया शाह की उपासना और प्रार्थना की, कि इस विपदा में वे उनकी मदद करें।

## विचार

# कांग्रेस के न्याय पत्र का प्रचार करते मोदी

शकील अख्तर

**आपको मालूम होगा कि दुनिया में केवल दो ही नेताओं का नाम इसका सर्वाधिक उपयोग करने में आता है। एक डोनाल्ड ट्रंप और दूसरे हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। ट्रंप का ही चुनाव प्रचार करने नरेन्द्र मोदी अमेरिका गए थे। वहीं उन्होंने नारा लगाया अबकी बार ट्रंप सरकार! मगर ट्रंप हार गए। लेकिन उन्होंने हार मानने से इनकार कर दिया। यही पोस्ट ट्रूथ है! सत्य को मानने से इनकार। जनता को झूठ समझाते-समझाते खुद भी उस पर यकीन करने लगते हैं।**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग का प्रभाव! टीवी पर डिबेट हो गई। अखबारों में फर्स्ट लीड बन गई। कांग्रेस ने जवाब दे दिया। मगर प्रभाव क्या? यह तो मोदी ने बोला ही नहीं। बताया ही नहीं! यही आज के जमाने का पोस्ट ट्रूथ ( सत्य से परे, जो सत्य नहीं होता मगर लोग विश्वास करते हैं) है जिसे मोदी जी ने दस साल से अपना रखा है।

कुछ भी कह दो। चल जाएगा। और सत्य दब जाएगा। लड़ाई मुश्किल है। मगर दुनिया भर में लड़ी जा रही है। भारत में भी लड़ना होगी। नहीं तो इसी तरह सत्य दफ्न होता रहेगा और झूठ अट्टहास करता रहेगा। पोस्ट ट्रूथ किसी देश को मजबूत बनाने के लिए नहीं है। बल्कि झूठ को मजबूत बनाने के लिए है। वह बोलना जो चल जाए। लोग जो सुनना चाहते हैं। उस पर विश्वास कर लें। यह नया ही सिद्धांत है और राजनीति में पिछले कुछ सालों से इसका उपयोग शुरू हुआ है। अगर आप जानकारी करने की कोशिश करें तो आपको मालूम होगा कि दुनिया में केवल दो ही नेताओं का नाम इसका सर्वाधिक उपयोग करने में आता है। एक डोनाल्ड ट्रंप और दूसरे हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। ट्रंप का ही चुनाव प्रचार करने नरेन्द्र मोदी अमेरिका गए थे। वहीं उन्होंने नारा लगाया अबकी बार ट्रंप सरकार! मगर ट्रंप हार गए। लेकिन उन्होंने हार मानने से इनकार कर दिया। यही पोस्ट ट्रूथ है! सत्य को मानने से इनकार। जनता को झूठ समझाते-समझाते खुद भी उस पर यकीन करने लगते हैं। मैं हार ही नहीं सकता। मैं अमर हूं। आपको मालूम है ट्रंप कहते हैं मैं दो सौ साल जिऊंगा। मगर वह अमेरिका था। दुनिया सबसे पुराना लोकतांत्रिक देश। उसने चार साल में ट्रंप को उठाकर फेंक दिया। आज बाइडन जिन्होंने ट्रंप को हराया था कह रहे हैं कि वे जहां भी विदेशों में जाते हैं, उनसे एक ही बात कही जाती है कि ट्रंप को अब मत आने देना। ट्रंप दुनिया भर के लिए एक खतरे के रूप में देखे जा रहे हैं। हालांकि वे फिर अगले साल होने वाले अमरीकी राष्ट्रपति के चुनाव में उम्मीदवार हैं। और यह देखना इस साल हमारे यहां और फिर अगले साल अमेरिका में दिलचस्प होगा कि पोस्ट ट्रूथ के इन दोनों सबसे बड़े उपयोगकर्ताओं के साथ जनता क्या करती है। पोस्ट ट्रूथ जनता को ही भरमाने के लिए है। और यह देखना मजेदार होगा कि जनता कितना भ्रमित होती है, या नहीं। अमेरिका में तो समय है। मगर हमारे यहां तो कुछ ही हफ्तों में 4 जून को स्पष्ट हो जाएगा कि यह झूठ का खेल अभी और चलेगा या इस पर पूर्णविराम लग जाएगा। चुनाव रफ्तार पकड़ चुका है। मोदी जी रोज नए नए भाषण दे रहे हैं। मगर इन सब में एक चीज पुरानी है कि वे यह नहीं बता रहे कि उन्होंने दस सालों में क्या किया? विपक्ष पर आरोप पर आरोप लगा रहे हैं। जैसे भाजपा विपक्षी पार्टी हो और कांग्रेस सरकार में हो। विपक्ष पूछता है सरकार से कि आपने पांच साल में क्या किया? यहां तो उल्टा दस साल सत्ता में रहकर, तमाम राज्यों में डबल इंजन सरकार चलाकर मोदी जी उल्टा कांग्रेस से कह रहे हैं कि आपने क्या किया? अपने दस साल तो वह ऐसे देख रहे हैं जैसे दस दिन हों! कभी-कभी को लगता है केवल दस मिनट! जी हां। वे कह तो ऐसे ही रहे हैं। पहले कहा यह तो ट्रेलर है। मतलब दस साल में कुछ नहीं किया। फिर अगले दिन कहते हैं। यह तो स्टार्टर है। स्टार्टर शब्द उन्हें मध्यम वर्ग और उच्च मध्यमवर्ग के लिए दिया गया। जो भी उनके भाषण लिखता है। क्योंकि स्टार्टर मोदी जी का फेमिलियर (जाना-पहचाना, अक्सर इस्तेमाल किया जाने वाला) शब्द नहीं है। खैर जो भी हो तो मोदी जी कहते हैं यह दस साल तो स्टार्टर थे। पूरी थाली तो अभी बाकी है! मगर भाषण लिखने वाला यह भूल गया कि पिछले दस साल की महंगाई में मिडिल क्लास और हायर मिडिल क्लास भी स्टार्टर छोड़ चुका। पहली बात तो बाहर आना-जाना बंद हो गया। और कभी जाता भी है तो सीधा मेन कोर्स ही मंगाता है। स्टार्टर और एपिटाइजर तो वह भूल गया। यह सब तो दस साल पहले जब मंहगाई कंट्रोल में थी और उसकी तनख्वाहें बढ़ी हुई थी तब वह आर्डर करता था।

अगर आप स्थानीय अखबार देखें तो वह हर शहर के होटल रेस्टोरेंट की इन खबरों से भरे होंगे कि लोगों का आना-जाना कम हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस पर सर्वे हुआ है। और ग्लोबल कंज्यूमर इनसाइट्स पल्स सर्वे ने कहा है कि दस में से छह भारतीय यानि 63 प्रतिशत लोगों ने बाहर खाने जाना बंद कर दिया है या कम कर दिया है और इसके दो प्रमुख कारण हैं। एक आय में कमी। दूसरे महंगाई की वजह से होटलों के महंगे हुए मीनू कार्ड। होटल के लिए सबसे अच्छा समय 2004 के बाद शुरू हुआ था। जब लोगों की आमदनी बढ़ रही थी। और उनके पास काम के बहुत सारे विकल्प हुआ करते थे और तभी मध्यम वर्ग कई कोर्सों में खाना खाता था। परिवार के साथ। अब आप खुद से पूछ लीजिए कि कितना बाहर खाने जाते हैं। और जब जाते हैं तो पहले के मुकाबले कितना कम आर्डर करते हैं। और खाने के बाद की आइसक्रीम के लिए कहते हैं बाहर चल कर खाएंगे। खुली हवा में ज्यादा मजा आता है! लेकिन आज आप कुछ भी बोल दो चलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा स्टार्टर है मान लिया। मगर सच में यह दस साल पानी का ग्लास भी नहीं है। दस साल कम नहीं होते। मगर प्रधानमंत्री के पास बताने के लिए कुछ भी नहीं है। वे अभी भी कह रहे हैं कि कांग्रेस लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं से कट गई है।

## कल्याणकारी राज्य का दस्तावेज

18वीं लोकसभा के लिये कांग्रेस का घोषणा पत्र, जिसे न्याय पत्र नाम दिया गया है, वह कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पर आधारित है। यह न्याय पत्र उसी कहानी को आगे बढ़ाता है जो 2014 में संयुक्त प्रगतिशील मोर्चा (यूपीए) की दूसरी कार्यकाल वाली सरकार (साल 2009-2014) के परास्त होने के बाद खत्म हो गई थी। न्याय पत्र बताता है कि पिछले 10 वर्षों में दो लोकसभा चुनावों में मिली पराजयों के बावजूद कांग्रेस अपनी उन नीतियों से नहीं हटी है जो नागरिकों को हर तरह के अधिकारों से लैस करने की पक्षधर हैय और अधिकार देने का अर्थ ही न्याय पाने के रास्तों का निर्माण करना होता है। वैसे भी पिछले दस वर्षों के नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार के काम के तरीके पर विचार करें तो उसने लोगों पर अन्याय ही किया है। इनमें राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक तीनों ही तरह के अन्याय हैं। 5 न्याय एवं 25 गारंटियों वाले न्याय पत्र में मोदी के उन्हीं अन्यायों की काट है जिसे कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने शुक्रवार को पार्टी में मुख्यालय जारी में किया। कुछेक मुद्दों को छोड़ दिया तो नागरिक जीवन के लगभग सभी अंगों का स्पर्श करने वाले सभी मसले इसमें शामिल हैं जो बताते हैं कि सत्ता में आने पर कांग्रेस कौन से निर्णय लेगी जिनसे जनसामान्य को न्याय मिलेगा। न्याय के बिंदु सुपरिभाषित हैं और कांग्रेस की अपनी राजनैतिक पहचान व प्रवृत्ति के अनुरूप हैं। साथ ही, आजादी के बाद से उसकी जितनी बार व जिनके भी नेतृत्व में सरकारें चली हैं, उन सभी ने इसी मार्ग पर देश को अग्रसर किया है। स्वतंत्रता जब मिली थी तो अंग्रेज एक ऐसा भारत छोड़ गये थे जो बदहाल था, अविकसित था। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर सभी परवर्ती प्रधानमंत्री इसी राह पर चले थे। यहां तक कि गैर कांग्रेस सरकारों ने भी उसी मार्ग पर चलने की ठानी। नरेंद्र मोदी के अविर्भाव के एक दशक पूर्व आई खुद भारतीय जनता पार्टी की अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने विकास के नाम पर सरकार चलाई तथा शाइनिंग इंडिया के नाम पर ही 2004 का चुनाव लड़ा था। हिन्दुत्व और राष्ट्रवाद जैसे मुद्दे उन्होंने (वाजपेयी) कालीन के नीचे सरका दिये थे। हो सकता है कि वाजपेयी के पास स्पष्ट बहुमत होता और अपने दम चलती हुई सरकार होती तो वे भी ऐसा ही करते जो आज नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। अलबत्ता नरेंद्र मोदी ने अलग राह पकड़ी क्योंकि वे पहली बार (2014 में) अच्छा बहुमत लेकर तो आये ही थे, 2019 में उनके पास खुद का साफ बहुमत था। भारत के सामने दिक्कतों का दौर वहीं से शुरू हुआ जब मोदी-भाजपा ने विकास की बजाये साम्प्रदायिकता व राष्ट्रवाद के एजेंडे को आगे बढ़ाया। यह विमर्श सारे मुद्दों को अपने भीतर छिपा और समेट लेता है। यह इतिहास के सभी दौर और उन सभी देशों में हुआ है जब तानाशाही प्रवृत्ति का कोई शासक बड़े जनसमर्थन के साथ सत्ता सम्भालता है। वह समाज में एक वर्ग को ऐसे ही किसी नफ्रत से भरता है व जनता का भावनात्मक दोहन करता है। उसके प्रति लोगों का अनुराग व श्रद्धा इस कदर होती है कि जनता सच-झूठ और सही-गलत में भेद नहीं कर पाती। अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को वह या तो दबाता जाता है या फिर जनता ही उसके लिये यह काम करती है। ऐसे ही शासन के हर अंग उसकी सत्ता को बचाने का काम करते हैं। उसके खिलाफकोई भी फैसला देश को कमजोर करने वाला माना जाता है और उसकी आलोचना को देश की बुराई करना मान लिया जाता है। जनता यह भी समझती है कि उनका प्रिय राजा कोई गलत निर्णय ले ही नहीं सकता। वह जो कर रहा है सही है और देश के भले के लिये है। संक्षेप में कहें तो जो भारत में हो रहा है, बस वही। यहां से विपक्ष की राह बहुत दुरुह हो जाती है। विपक्ष ही क्यों, हर उन व्यक्तियों, संगठनों की जो लोकतंत्र में भरोसा करते हैं। यहां तक कि खुद सरकार की बनाई तमाम संवैधानिक व स्वायत्त संस्थाएं भी ऐसा कोई निर्णय नहीं करतीं जिससे शासक कमजोर हो। ऐसे में अगर अपनी राख से कांग्रेस उठ खड़ी होती है तथा अपने साथ दो दर्जन से अधिक सियासी दलों को अपने साथ लेकर भाजपा की सत्ता को चुनौती देती है, तो बौखलाहट में प्रधानमंत्री मोदी अगर कांग्रेस के न्याय पत्र पर मुस्लिम लीग की छाया देखते हैं तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिये।



# राशिफल

**मेष:-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**वृषभ:-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मिथुन:-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें। रोजगार में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**कर्क:-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

**सिंह:-** नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी।

**कन्या:-** महत्वपूर्ण कायरें को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव।

**तुला:-** निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृश्चिक:-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कायरे में आलस्य न करें।

**धनु:-** सगे-संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मकर:-** विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**कुंभ:-** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मीन:-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। महत्वपूर्ण योजनाओं की पूर्ति हेतु तत्पर होंगे।

# यूरोपीय संघ और अमेरिकी चुनाव तय करेंगे नाटो का भविष्य

सात्यकी चक्रवर्ती



**शीत युद्ध समाप्त होने पर पश्चिमी नेताओं ने सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाचोव से जो प्रतिज्ञा की थी कि नेटो पूर्व की ओर विस्तार नहीं करेगा, वह जल्द ही टूट गई। बाद के वर्षों में, चेक गणराज्य, पोलैंड, हंगरी, रोमानिया, स्लोवाकिया और अन्य पूर्व वारसॉ संधि देशों को निगल लिया गया। बाद में, यूएसएसआर के पूर्व गणराज्यों-लिथुएनिया, लैटविया और एस्टोनिया को भी समझौते में लाया गया। रूस के कमजोर होने के साथ, नेटो ने भी सीधे सशस्त्र आक्रमण में शामिल होना शुरू कर दिया, जिसकी शुरुआत 1990 के दशक में बाल्कन युद्धों और यूगोस्लाविया के अनुभागीय विघटन से हुई। 11 सितंबर 2001 के आतंकवादी हमलों के बाद, गठबंधन के सदस्य अफगानिस्तान में अमेरिका के नेतृत्व वाले युद्ध में शामिल हो गये और इराक में सैनिकों को तैनात किया। बाद में, नेटो विमानों ने लीबिया पर बमबारी में भाग लिया जिससे लीबिया एक गृहयुद्ध में बदल गया।**

उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नेटो) इस वर्ष 4 अप्रैल को 75 वर्ष का हो गया, जिसने शीत युद्ध और सोवियत काल के बाद के दौर में कई उतार-चढ़ाव वाली यात्रा को चिह्नित किया। जब 1949 में नाटो का गठन हुआ, तो इसके शीत युद्ध समर्थकों ने दावा किया कि इसका मिशन सोवियत आक्रामकता को पीछे हटाना होगा, जो कि साम्यवाद-विरोधी झूठ है। यूरोप में तब और अब की तरह वास्तविक विस्तारवादी ताकत अमेरिका थी, जिसने सोवियत संघ को घेरने की अपनी नीति के तहत नेटो की शुरुआत की थी। नेटो का वास्तविक उद्देश्य यूएसएसआर को नष्ट करना था- एक जुनून जिसमें यूएसएसआर हमला करे उससे पहले ही परमाणु युद्ध की योजना भी शामिल थी। नेटो का दूसरा कार्य अपने यूरोपीय सहयोगियों पर अमेरिकी सैन्य और राजनीतिक आधिपत्य सुनिश्चित करना था। नेटो का सुप्रीम अलाइड कमांडर हमेशा एक अमेरिकी रहा है, और सुप्रीम अलाइड कमांड-यूरोप नॉरफॉक, वर्जीनिया में स्थित है, भले ही आधिकारिक मुख्यालय महाद्वीप पर है। यूरोपीय नेटो सदस्य हमेशा कनिष्ठ भागीदार रहे हैं, वे पेंटागन से अपने आदेश लेते रहे हैं। 1949 से 1960 के दशक तक, ज्यादातर ध्यान सोवियत संघ और पूर्वी यूरोप पर था। पूर्वी जर्मनी जिसे जर्मन डेमोक्रेटिक रिपब्लिक कहा जाता था, नेटो के रडार पर था। अमेरिका और उसके यूरोपीय साझेदार पूर्वी भाग में साम्यवादी प्रभुत्व वाले जर्मनी के अस्तित्व से सहमत नहीं थे। 1960 के दशक की शुरुआत में सोवियत संघ और चीन के बीच दरार का नेटो ने आगे दो दशकों तक फायदा उठाया। पूर्वी यूरोप की कम्युनिस्ट पार्टियों के आंतरिक विरोधाभासों ने नेटो को इन देशों में सेना के एक वर्ग के साथ अपने संबंध बनाने में मदद की। 1990 के अंत में, पूर्वी यूरोप में साम्यवादी शासन के विघटन की प्रक्रिया शुरू करते हुए पूर्वी जर्मन सरकार का पतन हो गया। नेटो ने अपना प्राथमिक उद्देश्य तब हासिल किया जब पूर्वी यूरोप में समाजवाद नष्ट हो गया और 1991 में सोवियत संघ अलग हो गया। बेशक, इसका मतलब यह नहीं था कि अमेरिका ने विराम ले लिया या नेटो ने अपनी भूमिका कम कर दी।

शीत युद्ध समाप्त होने पर पश्चिमी नेताओं ने सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाचोव से जो प्रतिज्ञा की थी कि नेटो पूर्व की ओर विस्तार नहीं करेगा, वह जल्द ही टूट गई। बाद के वर्षों में, चेक गणराज्य, पोलैंड, हंगरी, रोमानिया, स्लोवाकिया और अन्य पूर्व वारसॉ संधि देशों को निगल लिया गया। बाद में, यूएसएसआर के पूर्व गणराज्यों-लिथुएनिया, लैटविया और एस्टोनिया को भी समझौते में लाया गया। रूस के कमजोर होने के साथ, नेटो ने भी सीधे सशस्त्र आक्रमण में शामिल होना शुरू कर दिया, जिसकी शुरुआत 1990 के दशक में बाल्कन युद्धों और यूगोस्लाविया के अनुभागीय विघटन से हुई। 11 सितंबर 2001 के आतंकवादी हमलों के बाद, गठबंधन के सदस्य अफगानिस्तान में अमेरिका के नेतृत्व वाले युद्ध में शामिल हो गये और इराक में सैनिकों को तैनात किया। बाद में, नेटो विमानों ने लीबिया पर बमबारी में भाग लिया जिससे लीबिया एक गृहयुद्ध में बदल गया। नये लक्ष्यों की ओर अपना जाल फैलाने के बावजूद, रूस के साथ टकराव से ध्यान कभी नहीं हटा। 2002 से, नेटो ने खुले तौर पर यूक्रेन को अपने मास्को विरोधी गठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति विक्टर यानुकोविच द्वारा झिड़की के बावजूद, यूक्रेन में 2014 के तख्ता पलट ने एक दक्षिणपंथी सरकार को सत्ता में ला दिया, जो खुद को वाशिंगटन में शामिल करने के लिए उत्सुक थी। यह अमेरिका ही था, जिसने उसे उसी सरकार को सत्ता में लाने में मदद की थी। नेटो द्वारा आपूर्ति किये गये हथियारों ने पूर्व में यूक्रेनी गृह युद्ध में कीव के अभियान को बढ़ावा दिया, हमेशा देश को रूस के साथ सहयोग से अलग करने और अंततरू नेटो सदस्यता के लिए मार्ग खोलने के लक्ष्य के साथ। यह नेटो-गठबंधन वाले यूक्रेन में अमेरिकी-नियंत्रित सैनिकों और हथियारों को तैनात करने का खतरा था, एक ऐसा देश जो सोवियत गढ़ का हिस्सा था, जिसने 2022 के रूसी आक्रमण के बाद भड़के युद्ध को भड़काने में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

यूरोप, अफ़ग़ानिस्तान, मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका, और यूक्रेन- इनमें से कोई भी नेटो का नेतृत्व करने वालों के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुआ है। हाल के वर्षों में, उन्होंने प्रशांत क्षेत्र पर भी अपनी नजरें गड़ा दी हैं। गठबंधन के महासचिव जेन्सस्टोलटेनबर्ग ने हाल ही में चीन को सुरक्षा और लोकतंत्र के लिए खतरा घोषित किया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम-एसएसपी ने शारदीय नवरात्र पर सुरक्षा के दिये निर्देश

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आज से प्रारंभ होने बाले शारदीय नवरात्र के चलते एतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अमले ने पहुंचकर भक्तों की भारी भीड़ होने के चलते सड़क पर दोनों ओर फुटपाथ पर अतिक्रमण करने बाले दुकनदारों की दुकानों को हटवाने के निर्देश के साथ सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश पुलिस को दिये।



जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार व अपर जिलाधिकारी अभिरंजन श्रीवास्तव उपजिलाधिकारी भर्थना सीओ भर्थना अतुल प्रधान व तहसीलदार भर्थना के साथ एतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर पहुंचकर मां के दर्शन के साथ आज से प्रारंभ होने बाले शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन भारी भीड़ देबी भक्तों की होने के चलते बाईपास तिराहे से सब्जी मंडी तक सड़क से दुकनदारों का अतिक्रमण हटबाने के निर्देश के साथ सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तालाब पर गोताखोर टीम व पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरस्त के अलाबा मंदिर परिसर में बेरीकेडिंग व दर्शन को लाइन लगवाकर कराने के साथ चोर उचक्कों से बचने के लिए देबी भक्तों को लाउडस्पीकर से जागरुक करने की अपील की जानी चाहिए। वहीं पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण चार पहिया वाहनों को सही जगह पर खड़ा कराने के साथ बेरीकेडिंग व्यवस्था पर पुलिस प्रशासन की तैनाती करने के निर्देश दिये गये। वहीं सड़क पर पेयजल आपूर्ति को चुस्त करने व साफ सफाई व्यवस्था को प्रतिदिन करने के निर्देश नगर पंचायत कर्मचारियों को दिये गये।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक बकेवर राकेश शर्मा, लखना चौकी इंचार्ज ललित कुमार के अलाबा लेखपाल कृष्णकुमार व नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देवी मंदिरों में तैयारियां पूर्ण



**चरखारी (महोबा)।** चरखारी नगर मे रियासत कालीन समय से ही सभी धार्मिक आयोजनों को बेहद श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न किया जाता रहा है यहां सभी सनातनी पर्वों को उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है तो अन्य धर्म के पर्वों को भी पूरे उत्साह के साथ मनाते हुए सभी समुदाय एक दूसरे के साथ सहयोग करते हुए धार्मिक आयोजनों को संपन्न करते हैं, सनातनी मान्यता अनुसार सनातनियों का नव वर्ष विक्रम संवत चेत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारंभ होता है चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से ही विक्रम संवत 2081 प्रारंभ हो रहा है इसी के साथ 9 दिन तक चलने वाले नवदुर्गा अनुष्ठान में देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है जिसके लिए नगर के सभी देवी स्थलों की साफ सफाई,, रंगाई पुताई और साज सज्जा की गई है नगर में प्रमुख देवी स्थलों में माता मदारण देवी मैया, माता महेश्वरी मैया माता काली मैया के साथ ही बजरिया की देवी जी, मैया भुवन सुंदरी जी आदि देवी मंदिरों में 9 दिन तक श्रद्धालु माता बहनों की भारी भीड़ रहती है नवदुर्गा अनुष्ठान को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए मंदिर समितियों एवं प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली हैं ,अष्टमी के दिन माता महेश्वरी मैया एवं काली मैया के देवी मंदिर में श्रद्धालु माता बहनों की बड़ी संख्या दर्शन करने के लिए पहुंचती है,तो वहीं माता मदारण देवी मंदिर में वर्ष प्रतिपदा पंचमी,अष्टमी एवं नवमी को भारी भीड़ रहती धार्मिक आयोजनों के शांति पूर्ण संपन्न करने के लिए प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं,क्षेत्र के प्रसिद्ध काकुन हनुमान मंदिर में मंदिर महंत के सानिध्य में चैत्र नवर्दुगा में 9 दिन तक राम कथा होनी है इसका शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ किया जाएगा।

## इंटरमीडिएट का छात्र रहस्यमय ढंग से गायब

### पिता की सूचना पर पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** एक किशोर घर से अचानक कहीं लापता हो गया। खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका। पिता की सूचना पर पुलिस ने धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा। महोबा मुख्यालय के यशोदानगर जकरियापीर मुहाल निवासी राममिलन नगायच ने शहर कोतवाली पुलिस को दी सूचना में बताया कि उसका 17 वर्षीय पुत्री ओम उर्फ रोहित कक्षा 12वीं का छात्र है। वह 7 अप्रैल की सुबह करीब 5 बजे से गायब है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका। पिता ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा। घटना से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व शील्ड देकर किया सम्मानित




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के नवीन प्राथमिक विद्यालय सुगिरा में प्रवेशार्थियों को कक्षा 1 के विद्यार्थियों के रूप में माला पहनाकर उनका प्रवेशोत्सव मनाया गया। वर्तमान सत्र के प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर, शील्ड देकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 5 पास करके अगली कक्षा में विद्याध्ययन करने जाने वाले समस्त विद्यार्थियों को व्यक्तिगत पुरस्कार व अंकपत्र देकर उज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ विदाई कार्यक्रम को वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया गया। इस प्रवेशोत्सव वार्षिकोत्सव में विद्यालय की प्र.अ., समस्त स्टाफ के साथ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व समस्त विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापिका मीना द्विवेदी ने बताया कि कक्षा एक में शिवा राजवीर, राज सहित कई छात्रों को प्रवेश दिया गया। वही कृष्ण कुमार प्रजापति, रुचि पाल, ताज मुहम्मद को कक्षा पांच में सर्वोच्च अंको से पास होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अमित द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में अभिवाहक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के एसआई देवेन्द्र कुमार ओझा द्वारा जिला बदर अपराधी को पकड़ा गया। बता दें कि जिला मजिस्ट्रेट महोबा के आदेश के अनुसार बंदी उर्फ प्रताप कुशवाहा को धारा उप्र गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 में 06 माह के लिये जिला बदर घोषित किया गया था। लेकिन वह अपने ही गांव में रह रहा था। आरोपी बंदी उर्फ प्रताप कुशवाहा पुत्र खेमराज निवासी ग्राम करहराकला को ग्राम शाहपहाड़ी स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 पंजीकृत करते हुये आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद उसे जेल भेजा गया।पुलिस के अभियान से अपराधियों में खासा हड़कंप मचा हुआ है।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विनायकपुर में गृह कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वहीं सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा । प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम विनायकपुर निवासी प्रमोद कुमार उर्फ बबलू दोहरे का 21वर्षीय पुत्र आशीष ने किसी कारण वश गृह कलेश के चलते घर के पास खड़े नीम के पेड़ से लटककर रविवार की रात में ही फासी लगा ली सुबह परिजन जब सोमवार की सुबह पांच बजे के लगभग जागे तो नीम के पेड़ पर बेटे को फांसी पर लटका हुआ पाया तो होश उड़ गए । परिजनों ने उक्त सूचना पुलिस को दी तो चौकी प्रभारी बराउख विपिन पाल पहुंचे तो उन्होंने उच्चाधिकारियों को सूचना दी तो थाना प्रभारी बकेवर राकेश कुमार शर्मा ,सी ओ भरथना अतुल प्रधान भी पहुंचे वहीं प्रथम दृष्टया जांच में यह स्पष्ट हुआ कि युवक ने गृह कलह के चलते अथवा किसी मानसिक तनाव के चलते जान दी है । वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### टैंक में गिरने से मजदूर की मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** बिहार के मजदूर युवक की जसवंतनगर के आटा मिल के एलिवेटर टैंक में गिरकर मौत हो गई। मृतक का मोबाइल टैंक में गिरने पर निकालते समय हादसा होना बताया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया है कि ग्राम पंचायत मलाजनी के ग्राम जारीखेड़ा मार्ग पर स्थित श्रीराम एग्रो आटा मिल में रविवार देर शाम को कुछ मजदूर काम कर रहे थे जिनमें से एक मजदूर का मोबाइल फोन मिल में बने एक एलिवेटर टैंक में गिर गया था। उक्त मोबाईल को निकालने के प्रयास में मजदूर 34 वर्षीय मंगल सिंह पुत्र कारी सदा, ग्राम आबूआर थाना बखरी जनपद बेगूसराय मोहनपुर बिहार निवासी की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल भेजकर डॉक्टरी परीक्षण करवा कर शव को मोर्चरी रखवा दिया और मृतक मजदूर के परिजनों को सूचना दी गई है।

### पुलिस ने शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कराई कार्रवाई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 4 व्यक्तियों के आपराधिक इतिहास के दृष्टिगत शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने हेतु जिलाधिकारी इटावा को रिपोर्ट प्रेषित की गयी। जिसमे रामविलास पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम नगला लाले थाना सैफई, चरन सिंह पुत्र कृष्ण मुरारी निवासी ग्राम नगला खगी मौजा खेडा हेलू थाना चौबिया, अजय कुमार पुत्र मिथलेश कुमार निवासी ग्राम नगला बरी, मौजा उनबा सन्तोषपुर थाना चौबिया, ईशू शर्मा पुत्र अखिलेश शर्मा निवासी चन्द्रपुरा निहाल थाना लवेदी शामिल हैं।

### हेलापुर व अमिरता में निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम हेलापुर व अमिरता में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। डिप्टी कलेक्टर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को ग्राम हेलापुर व अमिरता में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। दोनों गांवों में ई–रिक्शा में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर अस्सी से अधिक उम्र के मतदाताओं को फूलमाला पहनाकर स्वागत कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलायें व पुरुष मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमे और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें जो बांटे दारू और नोट, उसको कभी न देंगे वोट। अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे। आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एडीओ आइएसबी जगदम्बा प्रसाद, सचिव ओमप्रकाश प्रजापति सहित ग्रामीण, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रहीं।



## नारी शक्ति ने हिन्दू नव वर्ष के स्वागत के लिए किया अनुष्ठान

**सभी के कल्याण व समृद्धि के लिए ईश्वर से की प्रार्थना**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिवदा पर मंगलवार से शुरू हो रहे हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के स्वागत के लिए महिलाओं ने अपने घरों में पूजा पाठ और अनुष्ठान किया एवं सबके कल्याण व समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रेमलता पाटकर ने बताया कि अंग्रेजी नव वर्ष के बारे में तो सब लोग जानते हैं लेकिन उनको अपने हिन्दू नव वर्ष के बारे में बहुत कम जानकारी है। जबकि महाराजा विक्रमादित्य की प्रेरणा से विक्रम नवसंवत्सर अंग्रेजी कलेंडर से 57 वर्ष पहले शुरू हुआ था। हमारे सभी तिथि, त्यौहार हिन्दू कलेंडर से ही निर्धारित होते हैं। साथ ही हमारा वित्तीय वर्ष भी इसीलिए एक अप्रैल से शुरू होता है। ढलैतनपुरा में महिलाओं ने आज सुबह पहले पीपल के वृक्ष की पूजा की, उसके बाद अपने घर पर अनुष्ठान किया एवं एक दूसरे को हिन्दू नव वर्ष की बधाइयां दी। इस मौके पर शकुंतला देवी, उमा देवी, राम देवी, अनीता, आरती, खुश्बू, सुनिधि, नंदनी, पूर्वी, वंशिका, भक्ति व विधि समेत तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

# जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर बैठक आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु सी- विजिल पर प्राप्त शिकायतों व सीजर संबंधी की जा रही कार्यवाहियों के संबंध में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई।



बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि सभी एफ एस टी व एस एस टी की जो भी टीम लगाई गई है इन सभी टीमों का कार्य रजिस्टर रिकॉर्ड के साथ ही करेंगे, जिससे कि उच्च अधिकारियों के आने पर अवगत कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सी विजिल एप के बारे में सभी को जानकारी अच्छे से होनी चाहिए एवं अच्छी तरीके से चलाना आना चाहिए जिससे निर्वाचन कार्य में कोई समस्या न हो । उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अवश्य की जाएगी। उन्होंने कहा कि सी विजिल पर 100 मिनट में ही शिकायत का निस्तारण करना चाहिए अन्यथा की स्थिति में शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में आ जाती है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया की शिकायत 5 मिनट में ही संबंधित को ट्रांसफर करनी चाहिए जिससे उस पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। उन्होंने समस्त एआरओ को निर्देशित करते हुए कहा कि एफ़ इस टी टीम की समय-समय पर मीटिंग अवश्य करते रहें। उन्होंने सभी टीमों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी टीम क्षेत्र में लगाई गई हैं उन टीमों के द्वारा निर्वाचन कार्य को कटु बद्ध एवं प्रतिबद्ध होकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में कोई भी आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है इस पर कार्रवाई अवश्य की जाए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि पुलिस एवं प्रशासन टीम द्वारा समन्वय बनाकर कार्य किया जाए । उन्होंने कहा कि पुलिस टीम संबंधित नोडल अधिकारी को समस्या आने पर तुरंत अवगत कराये जिससे कार्य का निस्तारण सा समय किया जा सके साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी अगर नहीं उपस्थित हैं तो इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को तत्काल अवगत करायें। उन्होंने कहा कि एफ एस टी एवं एसएसटी टीम किसी भी स्थिति में अनुपस्थित पाए जाने पर उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी ,समस्त तहसीलदार सहित समस्त टीमों के नोडल ऑफिसर सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चरखारी थाना परिसर में आयोजित की गई पीस कमेटी की बैठक

**चरखारी एसडीएम व सीओ सहित बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद**

**चरखारी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सभी समुदाय के आयोजनों एवं जुलूसों में डीजे के प्रयोग ने प्रदूषण बढ़ाया है जबकि लोक परंपराएं कार्यक्रम की शोभा बढ़ातीं हैं। इसलिए आयोजनों में डीजे की जगह लोक परम्पराओं का प्रयोग करें। आयोजनों के उत्साह को बढ़ाएं।




पीस कमेटी की बैठक में यह बात सीओ चरखारी रविकान्त गौड़ ने कहीं। उन्होंने चुनाव के दौरान आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों को शांतिपूर्वक मनाए जाने का आवाहन किया तथा सभी पर्वो की बधाई दी। चरखारी थाना परिसर में आगामी रामनवमी सहित अन्य त्योहारों व लोक सभा चुनाव को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम चरखारी डॉ प्रदीप कुमार ने की। एसडीएम चरखारी तथा सीओ ने विभिन्न आयोजन समितियों के सदस्यों से कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी ली। जहां भी सुरक्षा व्यवस्था की अतिरिक्त आवश्यकता है उसकी सूचना पुलिस को दिए जाने को कहा गया। रामनवमी आयोजन समिति प्रमुख युवराज सिंह सेंगर ने बताया कि रामनवमी जुलूस के दौरान डीजे का प्रयोग तो होगा लेकिन ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए समिति ने पहले ही निर्णय लिया है। जिसकी प्रशंसा प्रशासनिक अधिकारियों ने की। प्रभारी निरीक्षक गणेश प्रसाद गुप्ता ने जवारा जुलूस, रामनवमी जुलूस, ईद की नमाज आदि की संपूर्ण जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। समुचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया। नवरात्र के मौके पर कस्बा के विभिन्न प्रमुख मंदिरों में महिला सुरक्षा व्यवस्था उपलबध कराए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयोजन समितियों का इरादा पाक होता है लेकिन अराजकतत्व कभी कभी व्यवधान उत्पन्न कर देते हैं तथा चुनाव के दौरान यदि कहीं भी अराजकता का माहौल पैदा करने का प्रयास किया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में पुलिस चौकी प्रभारी सुभाष तिवारी, रिवई चौकी प्रभारी अनुप कुमार पाण्डेय, एस आई विनोद कुमार सिंह, समाज सेवी शिव कुमार गोस्वामी, व्यापार मंडल अध्यक्ष आनन्द दमेले, गर्जन सिंह, न्याज अहमद खां उर्फ मोनू, रमजान राईन, अख्तर खान, मनोज कुमार वर्मा, वाकर अब्बास, काकुन मंदिर महंत सुरेन्द्र प्रताप सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लोगों को आग से बचाव के लिए किया जागरूक



**पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाया जा रहा अभियान**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जिले में आग की घटनाओं को रोकने और फायर सीजन को देखते हुए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी द्वारा हीट प्लान के तहत एवं स्कीम 17 के तहत विभिन्न संस्थानों में जाकर वहां मौजूद लोगों को पंपलेट के माध्यम से हीट प्लान के तहत लू से बचाव के उपाय बताए। साथ ही लू से बचाव की जानकारी दी। वहीं फायर सीजन के दृष्टिगत आग से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया गया। बता दें कि गर्मी के मौसम में आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही है और इसी को रोकने के लिए अग्निशमन विभाग सक्रिय नजर आ रहा है और जिले में लगातार यह अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।जिससे लोग जागरूक हो सकें और आग की घटनाओं पर अंकुश लग सके।



## व्यापारी नेता ने कराया रोजा इफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** रामगंज के कोहिनूर मार्केट मे उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब के संयोजन मे रमजान माह के मुबारक मौके पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया,जिसमें शहर के सभी धर्मो के प्रमुख लोगों, प्रमुख व्यापारियों सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। अफ्तार में प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, जिला महामंत्री रिषी पोरवाल, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष सरदार मनदीप सिंह, वरूण राज यादव, हाजी गुड्डू मंसूरी, मुस्तकीम राइन, रियाज अब्बासी, लाला भाई, जैनुल आबदीन, गुड्डू कुरैशी, साकिर भाई, अली फैयाज सिकंदर वारसी, फैज आलम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सोमवती अमावस्या पर लगाई गोरखगिरि परिक्रमा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

**हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के आगमन पर दी बधाइयां**

सोमवती अमावस्या पर बुंदेलों ने सुबह रामधुन के साथ आध्यात्मिक तीर्थ गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई एवं कल से शुरू होने वाले हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 पर सभी बुंदेलों को बधाइयां दी। साथ ही बुंदेलखंड की तरक्की और कल्याण के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना की। शिवतांडव मंदिर में गोरखगिरि परिक्रमा संपन्न होने के बाद बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि मंगलवार से चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही है और कल से ही चैत्र शुक्ल प्रतिवदा पर हिन्दू नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है। जब अमावस्या सोमवार को पड़ती है तो वह सोमवती अमावस्या कहलाती है। परिक्रमा सुबह तड़के शिवतांडव मंदिर से प्रारंभ हुई। फिर 5 किलोमीटर की दूरी तय कर वापस शिवतांडव पर समाप्त हुई।




बुंदेलों ने रास्ते में आने वाले महावीरन, पठवा के हनुमान जी, केदारेश्वर महादेव, कबीर आश्रम, भूतनाथ आश्रम, सकरे सन्या माता, काली व खो खो माता, छोटी चंडिका देवी, राम दरबार, नाग देवता, बालाजी हनुमान, सुनरा सुनरिया, नाग देवी व काल भैरव मंदिर में मत्था टेंककर बुंदेलखंड की तरक्की व सबके बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर मनोज तिवारी, मुन्ना जैन, डा. देवेन्द्र पुरवार, अजय मिश्र, गया प्रसाद, महेन्द्र, रवि, प्रेम चौरसिया, मनीष जैदका, सिद्धे, राम किशन, भीष्म देव सेन, जगभान सिंह, भोला महाराज, मुकेश तिवारी, राहुल, मुलायम सिंह, अवधेश गुप्ता व दिनेश खरे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# अंकलीकर इंटर कालेज में मना वार्षिकोत्सव

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आचार्य आदिसागर अंकलीकर इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.श्री रिपुदमन सिंह क्षेत्रीय निदेशक उच्च शिक्षा कानपुर मंडल, डॉ. अनिल कुमार जैन अध्यक्ष अंकलीकर वाणी मासिक पत्रिका समिति, डायरेक्टर कमल किशोर जैन, डायरेक्टर डॉ.उज्जवल यादव तथा विद्यालय के प्रबंधक/मंत्री विशुन कुमार चौधरी ने मां शारदे/गुरुओं की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया।



विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रिपुदमन सिंह ने अपने संबोधन में कहा छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान दें क्योंकि शिक्षा की उपयोगिता को जो समझता है वही उन्नति प्राप्त करता है। विद्यालय के प्रबंधक ने सभी अतिथियों को माला तथा शॉल पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सोहिनी, विभा यादव,अचला वर्मा, राजकिशोर वर्मा सुनील कुशवाहा विपिन कुमार,चेतन सिंह, अशोक नारायण, शिखा अग्रवाल, कंचन वर्मा,सुमित यादव, बीना वर्मा,अंशिका सक्सेना, श्रोति यादव, वासिफ खान अविनाश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## शमशान घाट व मंदिर के रास्ते में रखी दुकान

### ग्रामीणों ने पत्र सौंप की रास्ता खुलवाने की मांग

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

दबंगई के बल पर शमशान घाट को जाने वाले आम रास्ता को अवरुद्ध करने से आहत ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने रास्ता खुलवाने सहित दबंग के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। बिवांर थानाक्षेत्र के ग्राम छानी बुजुर्ग निवासी दिनेश कुमार शिवहरे, पिंटू शिवहरे, आकाश शिवहरे, प्रदीप कुमार ने दिए ज्ञापन में कहा कि उसी गांव निवासी लक्ष्मी पत्नी श्रीकृष्ण ने शमशान घाट एवं मंदिर जाने वाले आम रास्ते पर टीनशेड की गुमटी रख ली है। जिससे शमशान घाट को जाने वाला मार्ग संकरा हो गया है। कहा लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से रास्ते में रखी दुकान हटवाने सहित कार्यवाही की मांग की है।



# रंगोली बनाकर दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यालयों कलेक्ट्रेट, विकास भवन, जिला चिकित्सालय, सदर तहसील, लोक निर्माण विभाग, राजकीय बालिका इंटर कालेज, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के साथ ही चौरादेवी मंदिर परिसर में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इसके जरिए मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। रंगोली कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों, राजकीय इंटर कालेजों, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 250 बच्चों एवं अध्यापक/ अध्यापिकाओं ने आकर्षक रंगोलियां बनाईं। रंगोलियों को बनाने में बच्चों ने रंग, फूल, पत्ती, रेत, आटा, चावल आदि सामग्री का प्रयोग किया। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय ने कार्यक्रम के सफल एवं आकर्षक आयोजन की सराहना की। वहीं जनपद के समस्त मतदाताओं से अनिवार्य रूप से 20 मई को मतदान करने की अपील की गई। मतदान प्रेरणा के लिए बनाई गई मनोहर रंगोलियां बनाने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सीडीओ, अपर जिलाधिकारी, डीडीओ, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), डीआईओएस, बीएसए सहित विद्यालयों के बच्चों व अध्यापक/अध्यापिकाओं ने हिस्सा लिया।



# सुविधाओं के मकड़जाल में उलझे कालोनी के वाशिंदे

## दो तरफ जंगल से घिरी कालोनी में बाउण्ड्री तथा गेट न होने से हिसंक जंगली जानवरों का बना है खतरा

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद के आलमपुर वार्ड में 2010 में 61 ब्लाकों 744 आवासों से युक्त कालौनी 8 वर्षो तक निर्माण के पश्चात लावारिस की हालत में अराजक तत्वों का बसेरा बनी रही थी। 2018 में लगभग 292 आवासों का वितरण किया गया।

प्रत्येक ब्लाक में तीन खण्ड में 36 आवास वाली रिहायशी आवासों में दो कमरे, शौचालय, स्नानघर तथा रसोईघर का निर्माण कराया गया है। पेयजल हेतु रसोईघर में नल से जल तथा शौचालय तथा स्नानघर में पानी हेतु तीसरे खण्ड में प्रत्येक आवास हेतु 200 लीटर क्षमता से युक्त पानी की टंकियों को स्थापित किया गया था



प्रथम चरण के आवंटन होते-होते अराजक तत्वों द्वारा पचास प्रतिशत प्लास्टिक की पानी की टंकियों को निष्प्रयोज्य किया जा चुका था। इसी वर्ष मार्च 2024 में लगभग तीन सौ से अधिक अवशेष खाली आवासों का वितरण किया गया, इसी बीच लगभग 40 प्रतिशत पानी की टंकियों के अलावा आवासों में लगी कांच की खिड़कियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। पेयजल सप्लाई हेतु डाली गई मुख्य पाइप लाइन गुणवत्ता की कमी के कारण लगभग एक दर्जन जगहों से कीमती पानी की बर्बादी का कारण बनी हुई है। तीन खण्ड पर रखी पानी की टंकियों में पानी न पहुंचने के कारण कालौनी बाशिंदों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। आठ वर्षो तक आवंटन की प्रतीक्षा में कालौनियों में खिड़की के शीशे क्षतिग्रस्त करने के अलावा पानी की टोपियां भी टोटी चोरों चोरी कर ली गई थी। निवर्तमान बसपा शासन द्वारा तीन खण्ड निर्मित कांशीराम कालोनी की सुरक्षा हेतु स्वीकृत ऊंची बाउण्ड्री, गेट, सुरक्षा हेतु पुलिस चौकी, राशन की दुकान आदि की स्थापना अभी तक नहीं की गई है। ज्ञातव्य हो कालौनी के पश्चिम में रेल्वे लाईन, उत्तर में 500 मीटर दूर तहसील मुख्यालय तथा प्रशासनिक आवास बने हुए हैं, जबकि बाउण्ड्री तथा गेट न होने से पूरब तथा दक्षिण में घना जंगल के हिसंक जानवर, कालौनी में संचालित स्कूल तथा कालौनी में निवास करने वाले बच्चों, महिलाओं, वृद्धों तथा युवाओं के लिए जान का खतरा बने हुए हैं।

## बैरई निवासी युवक ने ट्रेन में बम फटने की दी थी फर्जी सूचना

**कालपी (जालौन)।** युवक द्वारा ट्रेन में बम रखे होने की सूचना देने पर विभाग में हड़कम्प मच गया। आनन फानन बाराबंकी स्टेशन पर गाड़ी रोककर तलाशी ली गई तो कुछ भी नहीं निकला। पुलिस ने फर्जी सूचना देने वाले युवक को हिरासत में लिया है। विदित हो कि रविवार को रेलवे सुरक्षाबलों को मोबाइल फोन के जरिये विभाग के टोलफ्री नम्बर पर सूचना मिली थी कि छपरा बरौनी एक्सप्रेस में बम रखा है जो शीघ्र फट जाएगा। सूचना को संज्ञान में लेकर सुरक्षाबलों ने रेलगाड़ी को बाराबंकी स्टेशन पर रोक लिया और बम की खोज में तलाशी अभियान चलाया गया था लेकिन सूचना झूठी निकली थी जिस पर पुलिस ने सूचना देने वाले की तलाश शुरू की तो युवक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरई का निवासी निकला।



## उत्तीर्ण बच्चों को शील्ड देकर किया सम्मानित

**जालौन (उरई)।** महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में परीक्षाफल वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रिजल्ट पाकर बच्चों के चेहरे खुश नजर आए। उधर, मिशन कांवेंट स्कूल में भी रिजल्ट वितरण समरोह का आयोजन किया गया। महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में छात्रों को वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। जिसमें प्राइमरी वर्ग से संस्था चौधरी ने 98.8 फीसदी, जूनियर वर्ग में गौरी गुप्ता ने 98.6 फीसदी और सीनियर वर्ग में दीपक दिवेदी ने 95.2 फीसदी अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उत्तीर्ण बच्चों को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने सभी छात्रों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही बच्चों को और मेहनत से अगली कक्षाओं में पढ़ाई करने की अपील की। प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह राजावत ने कहा कि बच्चों को मेहनत का फल मिला है। इसी तरह मेहनत कर वह अपने भविष्य को संवार सकते हैं।

## कुठौंद के गेहूं क्रय केंद्र में चार दिनों में खरीदा गया 378 कुंटल गेहूं

**जालौन (उरई)।** कुठौंद में सहकारी संघ का गेहू क्रय केंद्र खोला गया है। जिसके पहले दिन चार किसानों से 378 क्विंटल गेंहू की खरीद की गई। कुठौंद में सहकारी संघ के गेंहू क्रय केंद्र का शुभारंभ एसडीएम अतुल कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान एसडीएम ने केंद्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गेंहू क्रय केंद्र पर किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। किसानों के बैठने के लिए छाया का पर्याप्त इंतजाम होने के अलावा उनके लिए शीतल जल बराबर उपलब्ध रहे। गेंहू खरीद के लिए किसानों को परेशान न किया जाए।

टोकन के अनुसार पंजीकरण व सत्यापन के उपरांत उनका गेंहू खरीद लिया जाए।

## पड़ोसी ने आम रास्ता व परती जमीन पर कराया पक्का निर्माण

**जालौन (उरई)।** पड़ोसी द्वारा आम रास्ता व परती की भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर पक्का निर्माण किए जाने एवं मना करने पर गाली, गलौज कर मारपीट कर आमादा होने की शिकायत पीड़ित ने एसडीएम से की है। क्षेत्रीय ग्राम सरावन निवासी कमल सिंह ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह बाहर काम के लिए गया था। इसी दौरान उनके पड़ोसी ने आम रास्ता व वहीं पास में परती की भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया है। उन्होंने न सिर्फ अतिक्रमण किया बल्कि वहां पर पक्का निर्माण भी शुरू करा दिया है।

निर्माण वाले स्थान पर उन्होंने पिलर बनवा लिए हैं। ज वह बाहर से वापस आया तो आम रास्ते व परती की भमि पर अवैध निर्माण को देखकर पड़ोसी को रोकने का प्रयास किया।

# किराने की दुकानों से गुल्लक सहित हजारों की नगदी ले उड़े चोर



**उरई,जालौन, समृद्धि न्यूज।**

नगर कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला राजेंद्र नगर हनुमान चबूतरा समीप अज्ञात चोरों ने एक के बाद एक दो दुकानों से सोमवार की सुबह लगभग 2:00 बजे हजारों की नगदी पर हाथ साफ कर लिया एक दुकान में ताला तोड़कर 4000 रुपए और कुछ सामान तो वही समीप की दूसरी दुकान से 2000 की नगदी सहित गुल्लक भी ले उड़े । पीड़ित दुकानदारों ने राजेंद्र नगर पुलिस चौकी में मामले की सूचना दी फिलहाल लंबे अंतराल के बाद मोहल्ले में चोरी की इस वारदात ने आसपास के दुकानदारों और बस्ती के लोगों में हड़कंप मचा दिया। जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला राजेंद्र नगर हनुमान चबूतरा के समीप राजेश कुमार पुत्र मंगली प्रसाद निवासी राजेंद्र नगर किराने की दुकान चलाते हैं सोमवार की सुबह लगभग 2:00 बजे अज्ञात चोर उनके मकान की बाउंड्री बाल कूद कर मकान के अंदर आ गए और उन्होंने भीतर से दुकान का ताला तोड़कर अंदर गुल्लक में रखें4000 चुरा लिए इस बीच उन्होंने कुछ सामान पर भी अपना हाथ साफ किया इसी क्रम में समीप ही स्थित एक और दुकानदार श्री राम पुत्र रामचरण निवासी राजेंद्र नगर की दुकान में भी चोर छत के खुले जीने से उतरकर घर के अंदर पहुंचे और फिर उनकी दुकान से भी गुल्लक ही ले उड़े बताया जाता है।

# पत्रकार के परिवार की चीत्कार नहीं सुन रही पुलिस

- अभी भी लगातार मिल रही पीड़ित परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां

**उरई,जालौन, समृद्धि न्यूज।**

पत्रकार संजीव श्रीवास्तव का परिवार आज न्याय की खातिर दर-दर की भटकने को विवश हो रहा है। आलम यह है कि एक ओर जहां बेटियों ने अपने पिता एवं दादा की मौत का इल्जाम अपने बुआ सहित कईयों पर लगाया तो वहीं उनकी मां रश्मी श्रीवास्तव ने भी 28 फरवरी की घटना से संबंधित घटना की लिखित तहरीर उरई कोतवाली पुलिस को दी थी लेकिन पुलिस ने उसमें भी खानापूर्ति कर मामले को हल्का दर्शा दिया। जबकि पीड़ित परिवार लगातार गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां मिल रही है। इसी से व्यथित होकर



अपनी पीड़ा बताती खुशी श्रीवास्तव

परिवार ने सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा का इजहार करते हुये एक वीडियो भी डाला है ताकि उसे न्याय मिल सके।

उक्त आशय का प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सदर कोतवाली व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुये रश्मी श्रीवास्तव पत्नी स्व. संजीव श्रीवास्तव पत्रकार निवासी बोहदपुरा व हाल निवासी पटेल नगर उरई ने बताया कि उसके पति की संदिग्ध मृत्यं वर्ष 2017 में हो गयी थी तथा प्रार्थिनी के ससुर भगवतीशरण श्रीवास्तव उर्फ खुर्रम की संदिग्ध मौत 9 फरवरी 2024 को हो गयी है।

28 फरवरी 24 को प्रार्थिनी की सास श्रीमती मंजुल, ननद श्रीमती कल्पना, श्रीमती रचना उर्फ दीपा तथा गांव के ही अतुल कपूर व इनकी पुत्री रिया, ननद कल्पना की पुत्री स्वेच्छा आदि ने मेरे साथ मारपीट की तथा घर में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि तोड़ दिये थे व धमकी दी थी कि बच्चों सहित घर से निकल जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। रश्मि श्रीवास्तव ने बताया कि चूंकि उनकी सास अपनी पुत्रियों के प्रभाव में है जिनकी मंशा स्व. भगवतीशरण की 50 बीघा जमीन व मकान बोहदपुरा तथा मकान पटेल नगर उरई का हड़पने का है। जबकि मेरे दो जवान बेटियां व एक बेटा है जो अभी नाबालिग है।

# डिग्री कॉलेज में फेयरवेल पार्टी के साथ छात्र-छात्राओं को दी विदाई

**सहजनवां गोरखपुर समृद्धि न्यूज ।**

सहजनवां क्षेत्र के बाबू लाल जी सिंह पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने इस साल बी ए और एमए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंधक मानस सिंह द्वारा सरस्वती माता के चित्र परमाल्यार्पण के साथ शुरू किया गया। संजना सिंह, प्रिया मद्धेशिया, संजना पांडेय, वन्दना सिंह ने स्वागत गान गया। तथा अन्य छात्र छात्राएं कुमकुम मद्धेशिया,निक्की मद्धेशिया, अंकित, अभिषेक,नितेश इत्यादि ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रचार डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद ने कहा कि विदाई के साथ-साथ नए काम की भी शुरुआत होती है। स्नातक और स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्राओं के विदाई समारोह में जो कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए उसके लिए प्रथम और द्वितीय वर्ष के सभी छात्राएं बधाई के पात्र हैं। महाविद्यालय परिवार अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान करता है। इस अवसर पर डा राजकमल सिंह,डा प्रतिमा गौतम, रत्नेश शुक्ला, ज्योति मद्धेशिया,रामकरन सिंह, राकेश दुबे, जितेन्द्र, राजीव यादव, हिमांचल सिंह,संजय यादव, मिथिलेश प्रजापति, अजीत श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सिविल बार संघ के अध्यक्ष बने विष्णुकांत तिवारी

**दुद्धी,सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को हुए सिविल बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठापरक चुनाव में अध्यक्ष पद पर विष्णुकांत तिवारी की ताजपोशी हुई।उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवशंकर प्रसाद को 49 मतों से पराजित कर, जीत हासिल की। वहीं सचिव पद पर राजेन्द्र प्रसाद ने अनूप श्रीवास्तव को 41 मतों से शिकस्त दिया और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर महेंद्र जायसवाल ने अरविंद कुमार को 39 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। इल्डर कमेटी के चेयरमैन ओमप्रकाश मिश्रा के देखरेख में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक मतदान करायी गयी।कुल तीन पद के लिए 129 सदस्य संख्या वाले इस चुनाव में 122 लोगों ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया,जबकि एक मत टेंडर भी पड़ा। जिसमें



अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विष्णुकांत तिवारी को 74 मत,निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवशंकर प्रसाद को 25 मत एवं प्रदीप श्रीवास्तव को 22 मत मिला। इसी प्रकार सचिव पद पर राजेन्द्र प्रसाद को 81 मत एवं प्रतिद्वंद्वी अनूप श्रीवास्तव को मात्र 40 मत मिले। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर महेंद्र जायसवाल को 80 मत एवं उनके प्रतिद्वंदी अरविंद कुमार को मात्र 41 मत मिले। जबकि अध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सचिव पद पर एक-एक मत अवैध घोषित किये गये।

## वांछित अभियुक्त फरार कुर्की का आदेश

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** मार्डन थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर में अपराध संख्या 190/2023 धारा 376,452,506 आईपीसी व धारा 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त रेहान उर्फ गुल्ली पुत्र आफत अली निवासी ग्राम बायभीट थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर के विरुद्ध न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट /अपर सत्र न्यायालय बलरामपुर द्वारा एन.बी.डब्ल्यू जारी किया गया था। परंतु अभियुक्त घटना के दिन से ही फरार है अभी तक पुलिस या न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ है। इस संबंध में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को हाजिर होने के संबंध में उद्घोषणा धारा 82 सीआरपीसी जारी किया जा चुका है। यदि अभियुक्त हाजिर नहीं हुआ तो अभियुक्त के विरुद्ध धारा 83 सी.आर.पी.सी (कुर्की) जारी कराई जाएगी।

# जनसुविधाओं की व्यवस्था जानने पहुंचे प्रमुख सचिव नगर विकास

## मंडलायुक्त व अन्य अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को अयोध्या दौरे पर आए प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा मंडलायुक्त गौरव दयाल व निगम के अधिकारियों के साथ आगामी रामनवमी मेले के दृष्टिगत नगर विकास विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधाओं को लेकर समीक्षा बैठक आहूत की गयी।बैठक में राम नवमी मेले के आयोजन में प्रदत्त सुविधाओं यथा पेयजल व्यवस्था, जनसुविधाओं व सफाई व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में गहन समीक्षा की गयी।बैठक में नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा आगामी मेले के दृष्टिगत प्रदत्त की जा रही व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा विशेष व्यवस्थाओं में ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के सुविधार्थ जूते





रखने हेतु न्यू रैक की व्यवस्था और प्रमुख मार्गों पर कार्पेट की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त धूप से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

प्रमुख सचिव श्री अभिजात द्वारा बैठक में श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदत्त किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने व सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को स्वच्छ एवं जीरो प्लास्टिक/पॉलीथीन मुक्त किये जाने के निर्देश दिये गये।

पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को नियमित रूप से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में नियमित पर्यवेक्षण करते हुए उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये है। बैठक में निदेशक स्थानीय निकाय नितिन बंसल,विशेष सचिव धर्मेन्द्र प्रताप सिंह,प्रबन्ध निदेशक जल निगम राकेश कुमार मिश्रा, अपर नगर आयुक्त,वागीश कुमार शुक्ला,शशि भूषण राय,अनिल कुमार सिंह,सुमित कुमार,अपर जिलाधिकारी नगर सलिल पटेल, पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह,सहायक नगर आयुक्त,गुरू प्रसाद पाण्डेय, सौरभ नाथ,मुख्य अभियन्ता, राजवीर सिंह,परियोजना प्रबन्धक जल निगम,आनन्द दूबे, परियोजना प्रबन्धक सीएनडीएस देवव्रत पवार,परियोजना प्रबन्धक डूडा यामिनी रंजन आदि विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाइक की आपसी टक्कर में मां-बेटा घायल

**सहजनवां, गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के तिलौरा चौराहे के पास सोमवार शाम 5.00 बजे सड़क दुर्घटना में मां- बेटा घायल हो गए। सभी



को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठर्रापार में भर्ती कराया गया, जहां से डाक्टर मां की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया है। घायलों की पहचान गुलरिया थाना क्षेत्र के ग्राम करमौरा निवासी अच्छे लाल की पत्नी तारा देवी तथा उनका लड़का संदीप 19 वर्ष के रूप में हुई है। तारा देवी अपने लड़के संदीप के साथ बीते शुक्रवार को बाइक द्वारा थाना क्षेत्र सहजनवा के ग्राम बनकटिया स्थित अपने रिश्तेदारी में आई हुई थी। सोमवार को घर वापस लौटते समय तिलौरा चौराहे के पास दूसरी बाइक ने ओवरटेक के दौरान टक्कर मार दी जिससे मां- बेटा ज्ञदोनों घायल हो गये। डाक्टरों ने तारा देवी की हालत गंभीर बतायी है।

# पुलिस ने दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## कब्जे से 52 अदद मोबाइल फोन व नकली मोहर व एक अदद मोटर साइकिल बरामद



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस लाइन चुर्क सभागार में सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि चन्द्रभान सिंह पुत्र भुल्लन यादव द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर सूचना दी गयी कि बीते 20.02.2024 को दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपने बच्चे की तबियत खराब बताते हुए कम्पनी का मल्टीमिडिया एण्ड्रायड स्मार्ट फोन 09 हजार रुपये में उनको बेचा गया था बेचते समय उन लोगों द्वारा मोबाइल का बिल भी दिया गया था जब इनके द्वारा उक्त मोबाइल फोन में सिम लगाया गया तो फोन आया कि आप द्वारा जो मोबाइल फोन खरिदा गया है वह गड़बड़ है तथा जिसका यह मोबाइल है उसके साथ घटना हो गयी है जिससे इनको संदेह हुआ कि फर्जी बिल देकर गलत मोबाइल फोन बेचा गया है। उक्त सूचना पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलांस, थाना रॉबर्ट्सगंज की संयुक्त टीम का गठन किया गया। इस टीम द्वारा अचूक आसूचना संजाल तैयार कर प्राप्त आसूचना के आधार पर दिनांक 07.04.2024 को मधुपुर चन्द्रगुप्त मौर्य इण्टर कॉलेज के पास से घटना में संलिप्त दो नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

# गर्भवती और बच्चों का नियमित टीकाकरण जरूरी: सीएमओ

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य विभाग व डब्ल्यूएचओ के संयुक्त तत्वावधान में नियमित टीकाकरण के लिए माइक्रोप्लान को गुणवत्तापूर्ण बनाने को लेकर सोमवार को नगर के एक होटल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यशाला में हर गांव की सभी गर्भवती व बच्चों को नियमित टीकाकरण में माइक्रोप्लान में शामिल करने पर जोर दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि गर्भवती और बच्चों का नियमित टीकाकरण जरूरी है। शून्य से दो वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों का नियमित टीकाकरण शत-प्रतिशत कराया जाए। कहा कि टीबी, काली





खांसी, गल घोंटू, तपेदिक, दिमागी बुखार, पीलिया, पोलियो, निमोनिया, खसरा, जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण कराना बहुत जरूरी है। घर-घर जाकर सर्वे कराया जाए और ड्यूलिस्ट अपडेट किया जाए। एसएमओ डॉ सिंथू ने कहा कि नियमित टीकाकरण से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों में बाहरी संक्रमण का खतरा कहीं अधिक होता है। इसलिए बच्चों के जन्म पर बर्थ डोज के टीकाकरण के साथ ही डेढ़ माह, ढाई माह, साढ़े तीन माह, नौ माह पर, सोलह से चौबीस माह में और पांच वर्ष पूरा होने पर सभी टीके समय से लगवाएं। इसके अलावा दस व सोलह वर्ष की आयु पर टीडी का टीका लगवाना जरूरी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों को कई जानलेवा बीमारियों से बचाता है। इनमें डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, पोलियो, टीबी, हेपेटाइटिस-बी, निमोनिया, डायरिया और खसरा-रूबेला जैसी बीमारियों से बचाव के टीके शामिल हैं। गर्भवती को टिटनेस-डिप्थीरिया का टीका लगाया जाता है। नियमित टीकाकरण बच्चों के अलावा गर्भवती को भी कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचाता है। इस दौरान एसीएमओ डॉ अनिल कुमार चौधरी, डॉ मीनाक्षी चौधरी, डॉ नीरज , जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा,डीपीएम शिवेंद् मणि त्रिपाठी, यूनिसेफ के डीएमसी शिखा श्रीवास्तव सहित सभी एमओआईसी मौजूद रहे।

**आस्था**

## मंदिर उतरौला कई दशकों से श्रद्धालुओं के आस्था का बना केन्द्र

# ज्वाला महारानी मंदिर में होती है नौ दिवसीय विशेष पूजा-अर्चना व अनुष्ठान

**उतरौला,बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय चैत नवरात्र पर उतरौला के ऐतिहासिक ज्वाला महारानी मंदिर पर नौ दिवसीय विशेष पूजा अर्चना व अनुष्ठान किया जाता है। राजस्थानी कलाकृति से आकर्षक रुप से निर्मित ज्वाला महारानी मंदिर उतरौला कई दशकों से भारी भीड़ लगने से श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र बना हुआ है। इस मंदिर पर सोमवार व शुक्रवार को स्थानीय व दूर दराज के श्रद्वालु अपनी मनौती के लिए मंदिर पर आकर कडाह प्रसाद चढ़ाते है। नवरात्रि पर मंदिर की विशेष साफ सफाई के बाद सजावट किया जाता है। रात्रि में



बिजली व झालरो व रोशनी से रोशन रहता है। मंदिर के पुजारी पंडित चतुरेश शास्त्री बताते हैं कि देवी जी के ज्वाला रुपी स्वरूप की पूजा इस स्थान पर सैकड़ों वर्षो से हो रही है। इसके बारे में किदवन्ती है कि भगवान शिव ने अपने पिता के अपमान किए जाने से आहत होकर देवी सती ने यज्ञ कुंड में कूद करके अपनी जान दे दी। इस पर व्यथित होकर भगवान शिव ने देवी का शव कुंड से उठाकर उसको लेकर तीनों लोकों में ताण्डव नृत्य शुरू कर दिया। ताण्डव नृत्य शुरू होने से देवताओं ने सृष्टि की विनाश की आंशका पर भगवान विष्णु ने सती मोह को समाप्त करने के लिए अपने चक्र से देवी सती के शरीर के टुकड़े टुकड़े कर दिया। मान्यता है कि सती के अंग से निकली ज्वाला इसी स्थान पर गिर कर पाताल लोक को चली गई। यहां गहराई में एक गड्ढा बन गया। पहले लोग इसी गड्ढे पर नारियल चुनरी,दीप, प्रसाद चढ़ाते रहें। इसी गड्ढे पर चबूतरा बनाकर इसे ढक दिया गया और मंदिर के अन्दर देवी प्रतिमा स्थापित कर दी गई। इसके पीछे बने कुएं की पूजा श्रद्वालु करते हैं। इस ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए श्रद्धालु स्थानीय व दूर दराज से आकर मंदिर पर अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए पूजा पाठ करते हैं।

## शारदीय नवरात्रि प्रारम्भ

**उतरौला (बलरामपुर)।** मंगलवार से जगत जननी परा अम्बे मां भगवती का पर्व नवरात्रि प्रारंभ हो रहा है , गांव से लेकर शहर तक लोगों में उत्सुकता देखी जा रही है, मंदिरों में रंगाई पुताई, साफ सफ़ाई का कार्य आज शाम तक पूर्ण हो जाएगा, लोग व्रत की तैयारियां कर चुके हैं, दुकानें भी माता की पट्टियों से भरे हुए हैं, किराना व्यवसाई राजू गुप्ता ने बताया कि नवरात्रि प्रारंभ होते ही खरीददारी जबरदस्त हो जाती है, गांव में रहने वाले हर घरों में कोई न कोई व्रत रखता है, इसलिए पूजा सामग्री समेट व्रत में खाने पीने योग्य समान की बिक्री अच्छी है। पंडित बीपी त्रिपाठी (शास्त्री जी) ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्र का आरंभ मंगलवार से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल बुधवार को दुर्गा नवमी और राम नवमी के साथ इसका समापन होगा , बताया कि देवी भागवत के अनुसार मंगलवार को नवरात्रि प्रारंभ हो रहा है तो माता जी घोड़े पर सवार होकर आएंगी जो देश, काल के हित में बहुत शुभकारी नही है।

**मेजर शिवदयाल सिंह महाविद्यालय**

सकबाई, बेवर रोड फतेहगढ़-फर्रुखाबाद (उ0प्र0)

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में प्राचार्य पद, एवं परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय के अन्तर्गत एम0एससी0-एग्रीकल्चर एग्रोनॉमी, इकोनामिक्स विषयों, परास्नातक स्तर पर एम0लिब0 संकाय के अन्तर्गत एम0लिब0 पाठ्यक्रम, परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम के हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, विषयों, परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एससी0 पाठ्यक्रम के भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान विषयों में सहा0आचार्यो की आवश्यकता है। यू0जी0सी0/ एन0सी0टी0ई0/ राज्य सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैक्षिक योग्यताधारी अभ्यर्थी/सेवानिवृत्त 65 वर्ष आयु तक के अभ्यर्थी 15 दिनों में आवेदन करें। वेतन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित बैंक के माध्यम से देय होगा।

**प्रबंधक/सचिव**

**डा0 पुष्पेन्द्र सिंह**

**मो0 नं0:- 9554964675**

## सम्मन

In the Court of Principal Judge, Family Court District Bhind (M.P)

**प्रकरण क्रमांक 124/2023**

**ज्योति पत्नी श्री अर्पित शिवहरे पुत्री श्री सुरेन्द्र शिवहरे उम्र 33 वर्ष निवासी-पुरानी गल्ला मण्डी महिन्द्रा ट्रैक्टर एजेंसी के बगल से थाना सिटी कोतवाली जिला भिण्ड मध्य प्रदेश।**

**बनाम**

अर्पित गुप्ता (शिवहरे) पुत्र श्री राकेश शिवहरे आयु 34 वर्ष निवासी-ग्राम व पोस्ट जैतपुरा तहसील व जिला इटावा उ.प्र.।

यह कि प्रार्थी / प्रार्थिया ज्योति पुत्री सुरेंद्र शिवहरे पत्नि अर्पित गुप्ता (शिवहरे) उम्र 33 वर्ष ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम (वैवाहिक सम्बन्धों की पुनर्स्थापना किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसमें आपकी उपस्थिति हेतु आगामी तारीख पेशी दिनांक 17.05.2024 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/ हाजिर होने के लिये संमन द्वारा सूचित किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं उपसंजात/ हाजिन हो, और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें, और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रति दावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेजों पर चाहे व आपके कब्जे या शक्ति में हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करतें हैं, तो ऐस सभी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपकों सूचित किया जाता है, कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तों वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निकटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है, कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं, तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यदि किसी कारणवश नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है, अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य-दिवस में की जावेगी।

**न्यायाधीश**

In the Court of Principal Judge, Family Court District Bhind (M.P)

# डाक मतपत्र के द्वारा मतदान कराए जाने के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- -अनुपस्थित वोटर्स जो डायरेक्ट बूथ में नही पहुंच सकते हैं, ऐसे वोटर्स के लिये फार्म 12डी भरने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है



**जिला निर्वाचन** अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत अनुपस्थित मतदाताओ को डाक मतपत्र के द्वारा मतदान कराए जाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने कहा कि अनुपस्थित वोटर्स 04 प्रकार के होते हैं। जिसमें 85 वर्ष से अधिक (वरिष्ठ नागरिक), दिव्यांगजन मतदाता, कोविड-19 से संक्रमित मतदाता और आवश्यक सेवाओ में कार्यरत (सूचना, स्वास्थ्य, पोस्ट ऑफिस, रेलवे, विद्युत, रेडियो, भारत संचार निगम लि0, मीडियाकर्मी आदि) में कार्यरत कर्मी कलेक्ट्रेट में स्थापित वीएफसी-5 में जाकर 07, 08 व 09 मई को पूर्वान्ह 9 बजे से सायं 5 बजे तक पोस्टल वैलेट के माध्यम से अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होने कहा कि अनुपस्थित वोटर्स जो डायरेक्ट बूथ में नही पहुंच सकते हैं उनके लिये यह सुविधा दी गयी है। ऐसे वोटर्स के लिये फार्म 12डी भरने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। जनपद में 85 वर्ष से अधिक मतदाताओ की संख्या विधान सभा छिबरामऊ में 3476, तिर्वा में 3163 और कन्नौज में 2594 कुल वरिष्ठ मतदाता 9233 है। इसी प्रकार जनपद में दिव्यांगजन मतदाताओं की संख्या विधान सभा छिबरामऊ में 5990, तिर्वा में 5164 और कन्नौज में 4000, कुल दिव्यांग मतदाता 15154 है। कहा कि बीएलओ सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दिये विवरण के अनुसार 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और दिव्यांग मतदाता जो आने-जाने में असहाय है। ऐसे मतदाताओ के घरों का दौरा कर प्रारुप-12डी भरकर एकत्रित करेंगे। कहा कि उक्त मतदाता जिसका प्रारुप-12डी प्राप्त हो वह सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा विवरण की जॉच करते हुये एनेक्जर-9 तैयार करेंगे। तैयार विवरण के अनुसार रुट तैयार करेंगे तथा चिन्हित निर्वाचक के मतदान की व्यवस्था करायेंगे। कहा कि 02 मतदान अधिकारियों की एक टीम एवं 01 माइक्रो प्रेक्षक के साथ मतदाताओ से उनके फार्म-12 डी के आवेदन के क्रम में उल्लिखित घर पर जायेगी और निर्वाचक की पहचान सत्यापित कर उसको डाक मतपत्र दिया जायेगा। निर्वाचक मतपत्र पर अपना मत अंकित कर उसे छोटे लिफाफे (फार्म-13बी) में रखेगा।

अधिकृत मतदान अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रारुप-13क मे विधिवत भरी हुई और हस्ताक्षरित घोषणा, चिन्हित मतपत्र वाला बन्द लिफाफा (फार्म-13बी) के साथ बडे लिफाफे (फार्म-13सी) के अन्दर रखी जायेगी। उन्होने कहा कि डाक मतपत्र की प्रक्रिया का शतप्रतिशत पालन किया जाये। डाक मतपत्र करने के पश्चात मतदाता वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में जाएगा और गोपनीय रुप से डाक मतपत्र पर उम्मीदवार के सामने सही या क्रास का निशान लगाएगा। प्रारुप 13बी (छोटा लिफाफा कवर-ए) पर मतपत्र की क्रम संख्या लिखेगा, जो निर्वाचक द्वारा घोषणा (प्ररुप-13क) में दी गई मतपत्र की क्रम संख्या से मेल खाती हो। चिन्हित डाक मतपत्र को प्ररुप-13बी (छोटा लिफाफा कवर-ए) में रखकर अच्छी तरह से चिपकाकर बन्द करेंगे। प्ररुप-13क में हस्ताक्षर करेगे तथा राजपत्रित अधिकारी से अनुप्रमाणित करायेगे तथा प्ररुप-13बी के साथ प्ररुप-13सी (बड़ा लिफाफा कवर-बी) में रखकर बन्द कर देगे। उक्त लिफाफे को मतदान सुविधा केन्द्र में बने मतदाता सुविधा केन्द्र पर बनें मतपेटी में डाल देगे। उन्होने कहा कि कोविड-19 का जो पेशेन्ट है उसे पूरे रुल तरीके से ही मत डलवाया जाये।

# स्कूटी से घर आ रहे युवक की मौत, साथी घायल

- जयपुर शहर से ईद पर घर वापस आ रहा था उमर्दा निवासी चांद बाबू
- एक्सप्रेस-वे पर आगरा के निकट डिवाइडर से स्कूटी टकराने से हुआ हादसा



घर में रोते-बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे** पर रविवार की रात आगरा के टोल प्लाजा के निकट स्कूटी से तिर्वा आ रहे दो युवक डिवाइडर से टकरा गए। इनमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कम्प मच गया। परिजन एम्बुलेंस के जरिए मृतक के शव को लेकर गांव आ गए। घायल को मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करा दिया है। उमर्दा कस्बे के निवासी चांद बाबू (27) पुत्र सहीद खां जयपुर शहर में रहकर अपना निजी काम करते थे। ईद के पर्व को लेकर चांद बाबू अपने मित्र उमर्दा निवासी शमसुद्दीन के साथ स्कूटी पर सवार होकर रविवार को जयपुर से घर के लिए निकला था। जब उनकी स्कूटी देर रात एक्सप्रेस-वे पर आगरा कट के निकट पहुंची, तभी अचानक स्कूटी अनियत्रिंत होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें चांद बाबू की मौके पर मौत हो गई। शमसुद्दीन घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। इसपर परिजन रात में आगरा पहुंचे। मृतक के शव को एम्बुलेंस की मदद से उमर्दा ले आए। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया। हादसे की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज नहीं कराई है।

# खबरें चलते-चलते

## जब मुसलमान नेकी पर अमल करेगा, तभी दुनिया देखेगी कि इस्लाम कैसा है: मुफ्ती मोअज्जम अली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला खैराती खां स्थित महल वाली मस्जिद (मस्जिद ए-कुबा) में 27 रोजे की 28 तरावीह में कुरआन पाक का दौर मुकम्मल हुआ। इस दौरान मस्जिद को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। नमाज तरावीह के बाद शहर की जामा मस्जिद के पेश इमाम काजी-ए शहर मुफ्ती मोअज्जम अली ने मुल्क में अमन चैन की दुआ की तथा आपसी भाईचारे की दुआ कराई। मोहल्ला खैराती खां स्थित महल वाली मस्जिद (मस्जिद ए-कुबा) में 27 रोजे की 28वीं तरावीह की नमाज में हाफिज नाजिम ने कुरआन-ए-पाक का दौर मुकम्मल किया और बाद नमाज तरावीह दुआ के पहले मस्जिद के खतीबो इमाम मौलाना शाहिद ने रमजान की। फजीलत बयान करते हुये कहा कि कुरआन शरीफ का सुनना, पड़ना और आंखों से देखना भी सबाव है। रमजान शरीफमें इबादत करने में सवाब और ज्यादा बड़ जाता है। इसके बाद काजी-ए शहर मुफ्ती मोअज्जम अली ने अपने बयान में कहा कि इंसान, तभी कामयाब होता है, जब वह अपने दीन पर मजबूती से साबित कदम रहे। दीन पर यकीन रखे। अल्लाह ने इंसान को पैदा किया है। इंसान को अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। अल्लाह पर अपना पुख्ता ईमान रखें। दीन पर चलने के लिए ईमान की मजबूती जरूरी है। ईमान तब मजबूत रहेगा। जब इंसान नेक अमल करे। अमल में रोजा नमाज हज जकात आदि हैं। इंसान मुजाहिदा करे। इससे उसकी आखिरत सुधरेगी। उन्होंने कहा कि इंसान दीन को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहिए। इस्लाम एक अच्छा मजहब है, लेकिन जब मुसलमान अच्छा अमल करेगा, तभी दुनिया देखेगी कि इस्लाम कैसा है। उन्होंने कहा कि माहे रमजान में हर एक नेकी का सवाब 70 गुनाह मिलता है और नफिल नमाज का सवाब फर्ज के बराबर और फर्ज नमाज का सवाब 70 गुनाह बड़ जाता है। उन्होने कहा कि तरावीह में कुरआन का दौर मुकम्मल हुआ है, लेकिन तरावीह की नमाज नहीं खत्म हुई है। ईद का चांद देखने के बाद ही तरावीह मुकम्मल होगी। इसीलिये लोग यह न समझे कि आज से तरावीह खत्म हो गई और तरावीह की नमाज पड़ना छोड़ दें। इस मौके पर रेलवे रोड स्थित इमली वाली मस्जिद के खतीब-ओ इमाम अब्दुल्ला जावेद, सचिव अख्तर हुसैन, खजांची-अब्दुल माजिद उर्फ चंदा मिस्त्री, निसार-कुरैशी, हाजी राजा शमसी, हाजी अहमद अंसारी, असलम अंसारी सभासद, शादाब खांन, जुबैर खांन, अख्तर हुसैन, लाल मियां, मिस्त्री, शाहिद नवाज, अजहर सिद्दीकी, मोहम्मद उस्मान, चांद मियां आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने दो चोरी की घटनाओं का किया खुलासा, दो गिरफ्तार

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुलिस ने पिछले दिनों कस्बे में हुई दो चोरी की घटनाओं का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दोनो घटनाओं में शमिल रहे दो अभियुक्तों को चोरी हुए माल समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तिर्वा कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि वांछित अभियुक्तों की तलाश में पुलिस सोमवार को चेंकिग अभियान चला रही थी। उसी दौरान मैनपुरी जनपद के भोगांव थाना क्षेत्र के गिहार कालोनी निवासी सनी गिहार उर्फ छोटका पुत्र महावीर व मैनपुरी जनपद के ही करहल थाना क्षेत्र के स्टेट बैंक के निकट गिहार कालोनी निवासी रोहित गिहार उर्फ उल्ली पुत्र करन सिंह उर्फ कन्ना पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इनको कोतवाली लाकर जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो पिछले दिनों कस्बे में हुई दो चोरी की घटनाओं में शामिल होना स्वीकार कर लिया। इनकी निशानदेही पर एक अंगूठी, एक मंगलसूत्र, तीन जोड़ी पायल ,3400 रूपये सनी गिहार से बरामद हुए। रोहित से सात जोड़ी खडुआ, दो हाय, एक करधनी व 3200 रुपये की नगदी बरामद की गई। यह माल इन घटनाओं से चोरी हुआ था। पुलिस ने दोनो को जेल भेज दिया।

## तंमचा सहित दो युवक गिरफ्तार

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुलिस ने चेंकिग अभियान चलाकर दो युवकों को तंमचा सहित कई गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि कस्बे में चेकिंग अभियान के दौरान दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया गया। छानबीन के दौरानप दोनो के पास से एक-एक तंमचा व कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान दोनो ने अपना पता पचोर गांव निवासी धीरू पुत्र विश्राम तथा राहुल पुत्र राजेश बताया। दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको जेल भेज दिया गया।

# लहूलुहान व संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

- कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



रोते बिलखते परिजन व इनसेट में मृतक का फाईल फोटो — समृद्धि न्यूज

**बीती शाम** घर से स्कूटी लेकर निकला युवक जब काफी समय तक घर वापस नहीं पहुंचा तो उसकी पत्नी ने अपने भाई व पिता के साथ खोजबीन करने पर एक विद्यालय के निकट संदिग्ध अवस्था में स्कूटी के पास युवक का शव मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी प्रांची पटेल पत्नी प्रांशु पटेल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की शाम करीब 9.30 बजे उसका पति प्रांशु बिना बताए बैट्री स्कूटी लेकर घर से चला गया। जब वह काफी समय तक घर वापस नहीं आया तो उसने 11.30 बजे अपने पति के मोबाइल पर कॉल की जिसमें उसके पति के चिल्लाने की आवाज सुनकर घबरा गई और अपने भाई एवं पिता के साथ अपने पति की खोजबीन करने के उपरांत गुरु कृपा इंटर कॉलेज के निकट उसके पति स्कूटी पर मृत अवस्था में मिले। शव के निकट स्थिति आपत्तिजनक होने के कारण अपने पति के शव का पोस्टमार्टम कराकर कार्यवाही की मांग की है। वही मौके पर मौजूद परिजनों एवं नागरिकों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। उधर कोतवाली पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# शस्त्र जमा करानें में शीघ्रता से जुटी पुलिस

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



शस्त्र जमा करते हेड मोहर्रिर राघवेन्द्र सिंह

**सामान्य निर्वाचन** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर चुनाव में किसी तरह की अशांति उत्पन्न ना हो इसलिये कोतवाली पुलिस द्वारा लाइसेंस धारियों से उनके शस्त्र कोतवाली में जमा करवाए जा रहे हैं। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने कहा कि कोतवाली में जल्द से जल्द अपने शस्त्र जमा करायें। सोमवार को स्थानीय कोतवाली में मौजूद शस्त्र धारियों के शस्त्र जमा करनें के उपरान्त हेडमोहर्रिर राघवेन्द्र सिंह एवं पवन सिंह नें बताया कि कोतवाली क्षेत्र में करीब पन्द्रह सौ दो शस्त्रधारी हैं और अभी तक कोतवाली एवं शस्त्र की दुकानों पर करीब 1248 शस्त्र जमा कराये जा चुके हैं। बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा लाइसेंस धारियों से फोन पर संपर्क कर सूचना भिजवाई गई है। ऐसे में अब लाइसेंस धारी हथियार जमा करवाने वाले व्यक्ति कोतवाली में पहुंच रहे हैं।

# नागरिकों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है: अनिल पंडित

- ईओ नें नगर में लगे वाटर कूलरों का निरीक्षण कर निर्देश दिये

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



वॉटर कूलरों का औचक निरीक्षण करते ईओ अनिल पंडित

**शासनादेश के** अनुपालन में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने कर्मियों के साथ सुवह तडके नगर भ्रमण कर पालिका द्वारा नगर में लगवाये गये वॉटर कूलरों को स्थलीय निरीक्षण कर मौजूद खामियों को दो दिन के अन्दर दुरूस्त करनें के कडे दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होनें कहा कि ग्रीष्म ऋतु में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना पालिका की प्राथमिकता है।

सोमवार की प्रातः 07 बजे से ही नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने प्रधान लिपिक आरपी सिंह के साथ नगर के नौ प्वाईटो पर लगे वाटर कूलरों का बारीकी से औचक निरीक्षण किया। जिसमें वाटर कूलरों के आस-पास जल निकासी की समस्या एवं टोंटी लीक होने की समस्या पाये जाने पर सम्बन्धित कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये दो दिन के अन्दर सभी वाटर कूलरों के आस पास बेहतर सफाई व्यवस्था एवं लीकेज रहित पेयजल की उपलब्धता सुनिष्चित करने का आदेश जारी किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि ग्रीष्मकाल में पालिका अपने नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु तत्पर है। इस दौरान जलकल लिपिक जर्नादन मिश्रा, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर फूंकने से गहराया पेयजल संकट, परेशान हुये ग्रामीण

- ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर ट्रांसफार्मर बदलवाये जाने की मांग उठाई

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



फुंके ट्रांसफार्मर के नीचे खड़े होकर प्रदर्शन करते ग्रामीण

**क्षेत्र के** ग्राम सभा खाडेदेवर में ग्राम वासियों की विद्युत आपूर्ति के लिए लगाया गया ट्रांसफार्मर करीब एक सप्ताह पूर्व तेज धमाके के साथ फुंक गया। जिससे ग्रामीणों सहित रोजेदारों के समक्ष पेयजल की समस्या गहरा गई और रात के अंधेरे में गुजर बसर करने को बाध्य हो गए। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से फुंके हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाये जाने की मांग की है।

सोमवार को ग्राम खाडेदेवर के बासिंदो की विद्युत आपूर्ति के लिए लगा ट्रांसफार्मर 08 दिन पूर्व तेज धमाके के साथ फुंक गया। जिस पर ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग को अवगत कराया गया। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने पर भी फुंके हुए ट्रांसफार्मर के स्थान पर दूसरा ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया। जिससे ग्रामीणों वीरेंद्र कुमार, सदानंद, रामू, राजू, लालू सावान खान, इकलाख खान, मदन्ने, अतीक खान, रजाउल अली आदि ने ट्रांसफार्मर के नीचे खड़े होकर प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन से फुंके हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाये जाने की मांग की है।

# स्वास्थ्य टीम के छापा मारने से पूर्व झोलाछाप फरार, नोटिस जारी



क्लीनिक पर लटका ताला तथा मौजूद टीम — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**स्वास्थ्य टीम** के छापा मारने से पूर्व ही झोलाछाप चिकित्सकों को सूचना मिल गयी। जिससे वह मौके से फरार हो गये। उन्हें नोटिस दिया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भुवनपुर के प्रधान पंचम कुमार झोलाछाप चिकित्सक भी हैं। जिसकी सूचना किसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ0 आरिफ सिद्दीकी को दी। जिस पर वह फार्मासिस्ट बृजेश मिश्रा के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन उनके मौके पर आने से पूर्व ही झोलाछाप मौके से फरार हो गया। मौके पर ताला लटका मिला। टीम ने ग्राम इमादपुर सोमवंशी में भी छापेमारी की। वहां भी टीम के पहुंचने से पूर्व ही झोलाछाप फरार हो गया। जिससे शक जाहिर किया जा रहा है कि किसी विभागीय ने ही इन लोगों को सूचना दे दी होगी। जिससे यह क्लीनिक बंद कर फरार हो गये। फिलहाल दोनों झोलाछाप चिकित्सकों को नोटिस जारी किये गये हैं। प्रभारी डॉ0 आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि भुवनपुर क्लीनिक बंद मिला। नोटिस दिया गया है। जिसमें जबाब के लिए तीन दिन का समय भी दिया गया है।

# चैत्र नवरात्रि आज से, इस तरह करें तैयारियां

जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़



**नवरात्रि का** हिंदू धर्म में काफी महत्व है। नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। सालभर में कुल 4 नवरात्रि आती हैं। जिसमें चैत्र और शारदीय नवरात्रि का महत्व काफी ज्यादा होता है। माना जाता है कि नवरात्रि में माता की पूजा-अर्चना करने से देवी दुर्गा की खास कृपा होती है।

चैत्र मास की शुरुआत हो चुकी है। इस महीने में चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस साल चैत्र नवरात्रि आज से शुरू हो रहे हैं। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना की जाती है। इसके साथ ही नवरात्रि का पर्व शुरू हो जाता है। भक्त माता को प्रसन्न करने के लिए नौ दिन तक उपवास भी रखते हैं। नवरात्रि की शुरूआत कलश स्थापना के साथ होती है। आइए जानते हैं उन पूजन सामग्री के बारे में जिसकी जरूरत आपको पूजा के दौरान पड़ सकती है।

### नवरात्रि पूजा की सामग्री

लाल रंग मां दुर्गा का सबसे खास रंग माना जाता है। इसलिए पूजा शुरू करने से पहले लाल रंग के आसन का इंतजाम कर लें। आप लाल रंग के कपड़े का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा मां के लिए लाल चुनरी, कुमकुम, मिट्टी का पात्र,जौ,साफ की हुई मिट्टी,जल से भरा हुआ सोना,चांदी, तांबा, पीतल या मिट्टी का कलश, लाल सूत्र, मौली, इलाइची, लौंग, कपूर, साबुत सुपारी, साबुत चावल, सिक्के, अशोक या आम के पांच पत्ते, पानी वाला नारियल, फूल माला और नवरात्रि कलश मंगा लें।

### खाली ना चढ़ाएं लाल चुनरी

मां दुर्गा को खाली चुनरी कभी नहीं चढ़ानी चाहिए। चुनरी के साथ सिंदूर, नारियल, पंचमेवा, मिष्ठान, फल, सुहाग का सामान चढ़ाने से मां खुश होती हैं और आर्शीवाद देती है। मां दुर्गा को चूड़ी, बिछिया, सिंदूर, महावर, बिंदी, काजल चढ़ाना चाहिए।

### अखंड ज्योति के लिए

अगर आप नवरात्रि में अखंड ज्योति जलाना चाहते हैं तो पीतल या मिट्टी का दीया साफ कर लें। जोत के लिए रूई की बत्ती, रोली या सिंदूर, चावल जरूर रखें।

### हवन की भी कर लें तैयारी

नवरात्रि में रोज हवन करना चाहते हैं तो हवन सामग्री भी मंगाकर रख लें। हवन के बिना मां की पूजा अधूरी भी मानी जाती है। इसके लिए हवन कुंड, लौंग का जोड़ा, कपूर, सुपारी, गुग्ल, लोबान, घी, पांच मेवा और अक्षत का इंतजाम कर लें।

### घटस्थापना का मुहूर्त

**नवरात्रि में** घटस्थापना का विशेष महत्व होता है। घटस्थापना से ही नवरात्रि की पूजा शुरू होती है। घटस्थापना का सबसे अच्छा समय सुबह 05.52 बजे से 10.04 बजे तक इसके बाद 11.45 मिनट से दोपहर 12.35 मिनट तक रहेगा। घटस्थापना के लिए मिट्टी के पात्र में सात प्रकार के अनाज बोए जाते हैं। इसके बाद इस पात्र के ऊपर कलश की स्थापना करें।

# चैत्र नवरात्रि आज से, सज गये शक्तिपीठ



नवरात्रि की पूर्व संध्या पर गुरगांव देवी मंदिर में सजी मां दुर्गा की झांकी



शीतला माता मंदिर के बाहर दुकानों पर बिकती पूजा सामग्री — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**चैत्र नवदुर्गा का** प्रारम्भ भारतीय नववर्ष प्रतिपदा 09 मार्च से होगा। नवदुर्गा की पूर्व संध्या पर जहां नगर में किराने की दुकानों पर पूजा सामग्री की बिक्री होती रही, वहीं नवदुर्गा की पूर्व संध्या पर मंदिरों में भव्य सजावट की गयी। उधर, मिशन अस्पताल के बाहर भगवती दुर्गा की मूर्ति की बिक्री होती रही। जहां 100 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक की भव्य मूर्तियां बिकीं। बाजारों में माता के परिधानों की दुकानों पर बिक्री का दौर देखा गया। मिट्टी के कलश, नारियल आदि की भी जमकर बिक्री हुई। अपराकाशी के नाम से विख्यात नगरीय फर्रुखाबाद में मंदिरों की बहुतायत है। मंदिरों के नजरिये से ही इसे अपराकाशी का नाम दिया गया है बड़ी तादात में मंदिर हैं। जिसमें प्रमुख देवी मंदिरों में पूजा की तैयारियां देर शाम तक होती रहीं। पल्ला मठिया के नाम से प्रसिद्ध फूलमती देवी मंदिर, ऐतिहासिक गुरगांव देवी मंदिर, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णो देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, फतेहगढ़ स्थित कालीवाड़ी मंदिर व सैन्य क्षेत्र में स्थित मां दुर्गा के मंदिर में तैयारियों का दौर चलता रहा। शाम को मंदिर भव्य तरीके से सजाये गये। घर में घट स्थापना की तैयारियां चलती रहीं। मंगलवार से नवदुर्गा अनुष्ठान शुरु हो जायेगा। जिसमें नौ दिन भक्त व्रत रखकर मां दुर्गा की आराधना करेंगे।

## पाक्सो एक्ट के मामले में आरोपी को पांच वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने जीशान पुत्र जाकिर निवासी कांशीराम कालोनी गढ़िया मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते वर्ष थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के निवासी पीड़ित पिता ने दी गयी तहरीर में बताया की 22 जनवरी 2023 को समय लगभग 12 बजे मेरी पुत्री 10 वर्षीय अपनी चाची के कमरे से अपने कमरे में आ रही थी, तभी मेरी पुत्री को जीने पर अकेला पाकर जीशान ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पुत्री ने फोन कर मुझे बताया कि जीशान ने मेरे साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने जीशान को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत के लेकर पांच वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# डीएम ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का लिया जायजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह द्वारा सेंट एंथोनी स्कूल नेकपुर चौरासी में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और सभी मतदान कार्मिकों को मतदान दिवस पर आने वाली समस्याओं व उनके निदान की जानकारी प्रदान की।

जिलाधिकारी ने सभी कार्मिकों को निर्देश दिये कि वह पूरी लगन और मेहनत के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। जिससे मतदान के दौरान उन्हें कोई दिक्कत न आये। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव पूरी निष्पक्षता और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना है। जिलाधिकारी द्वारा सभी मतदान कार्मिकों को हैंडबुक उपलब्ध करायी गयीं व ईवीएम मैनुअल का पूर्ण रूप से अध्ययन करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान के दौरान किसी को कोई दिक्कत आती है, तो उसे क्षमा नहीं किया जायेगा। इसलिए जो भी समस्या हो अभी समाधान कर ले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# किराना दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



आग बुझाते दमकलकर्मी — समृद्धि न्यूज

**बीती देर** रात किराना दुकान में भीषण आग लग गयी। जिससे किराने का लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बागकूंचा निवासी राजन पाण्डेय पुत्र संजय पाण्डेय की थाना कादरीगेट के मन्नीगंज में किराने की थोक दो मंजिला दुकान है। राजन ने बताया कि बीते रविवार को देर शाम दुकान को बंदकर घर चले गये थे। देर रात लगभग 2.50 बजे सूचना मिली कि दुकान में आग लग गयी गयी है। आग लगने की जानकारी पर राजन परिजनों और साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक लाखों का सामान जलकर राख हो गया था। राजन पाण्डेय ने बताया कि दुकान में लगी आग से लगभग 15 से 16 लाख रूपये का सामान जल गया है। राजन ने बताया कि जब दुकान बंद की थी तो बिजली के सभी उपकरण बंद किये थे। जिसके बाद जब आग लगने पर पहुंचे तो शटर एक तरफ उचका हुआ था। जिससे उन्होंने किसी के द्वारा आग लगाने का शक जाहिर किया है। थानाध्यक्ष कादरी गेट अबध नारायण पाण्डेय ने बताया कि आग शार्ट सर्किट से लगी होगी। किसी के द्वारा आग लगाने का आरोप गलत है।

## युवक को पीटने में दम्पति सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव ढर्रा शादी नगर निवासी विनय मिश्रा पुत्र सत्यदेव मिश्रा ने गांव के ही संजीव कुमार व संजीव कुमार के पुत्र अनूप कुमार उर्फ भोले तथा महाराम एवं महाराम की पत्नी अनीता देवी के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार विनय मिश्रा ने अपने खेत में अपनी गाय आदि जानवरों के लिए बरसीम बो रखी है। उक्त आरोपित आए दिन मेरे खेत से बरसीम काटकर अपने घर ले जाते हैं। रविवार को जब मैंने बरसीम काटने का विरोध किया, तो उक्त आरोपितों ने मेरे साथ लात घूसों से मारपीट की और मेरे कपड़े फाड़ दिए और कहा कि तुझे झूठे मुकदमें में फंसा देगें नहीं तो जान से मार देंगे। मेरापुर पुलिस ने विनय मिश्रा की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# थाना मऊदरवाजा पुलिस ने आठ वारण्टी दबोचे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



पुलिस हिरासत में वारंटी

**अपराध** व अपराधियों व वारण्टियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा द्वारा पुलिस द्वारा 8 वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें लल्ला उर्फ रहीस हसन पुत्र अमीर हसन निवासी मोहल्ला साहबगंज चौराहा थाना मऊदरवाजा, अफजल कुरैशी पुत्र मो0 रहीस निवासी मोहल्ला साहबगंज चौराहा थाना मऊदरवाजा, शाहिद पुत्र जहीर हसन निवासी मोहल्ला साहबगंज चौराहा थाना मऊदरवाजा, बलवीर उर्फ ललईया पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम आवाजपुर थाना मऊदरवाजा, बालकराम पुत्र स्व0 जीवनलाल निवासी ग्राम रसीदपुर थाना मऊदरवाजा, चरन सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम नगला डाल थाना मऊदरवाजा, बादाम सिंह पुत्र स्व0 लाखन सिंह निवासी ग्राम कुईयाबूंट पचपुखरा थाना मऊदरवाजा, बांकेलाल पुत्र कंचन सिंह निवासी ग्राम जिजुईया थाना मऊदरवाजा को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस टीम में उ0नि0 प्रशान्त कुमार, उ0नि0 मोहित मिश्रा, उ0नि0 दीपक कुमार, उ0नि0 बलवीर सिंह दांगी, उ0नि0 नागेन्द्र सिंह, उ0नि0 शिव कुमार, का0 यशवंत, का0 रोहित, का0 जितेन्द्र, का0 पंकज कुमार, का0 सचिन, का0 धर्मेन्द्र सिंह, का0 लायक सिंह, का0 नफीस शामिल रहे।

## खबरें चलते-चलते

### विषाक्त पदार्थ खाने से आधा दर्जन से अधिक भेड़ों की मौत, कई की हालत गंभीर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांधीर में बीते दिवस एक तालाब के पास शरारतीतत्वों द्वारा डाले गए जहरीले पदार्थ को खाने से आधा दर्जन भेड़ों सहित दो बकरियों की मौत हो गई तथा कई की हालत गंभीर बताई गई है। उधर जहरीले पदार्थ के सेवन से जहां एक ओर आठ भेड़ें काल के गाल में शमा गई, तो कई की हालत गंभीर बनी हुई है। इसके अलावा लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि कई बंदर भी मर गये। इस घटना के बाद पशु पालकों में आक्रोश है। शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांसंत निवासी जितेंद्र कुमार पाल अपनी भेड़ें चराने के लिए कुइयांधीर गया था। कुइयांधेरी तालाब के पास गुजरते समय आटा जैसा सफेद पदार्थ तालाब के पास पड़ा था। इस पदार्थ को कई बेजुबान पशुओं द्वारा सेवन कर लिया गया। खाने के बाद बेजुबानों की हालत बिगड़ गई और देखते ही देखते आठ भेड़ों की मौत हो गई। पशुपालक के अनुसार लगभग डेढ़ लाख का आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार दो दर्जन बंदरों ने भी इस विषाक्त पदार्थ का सेवन किया। जिससे कई बंदर काल के गाल में समा गए। ग्राम प्रधान रानी देवी के पति ने जानकारी में बताया उन्हें भी इस तरह की सूचना मिली है। वहीं ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि विषाक्त पदार्थ खाने से लगभग 2 दर्जन से अधिक बंदरों की भी दर्दनाक मौत हुई है। ग्रामीणों को आशंका है कि किसी शरारतीतत्व द्वारा आटे में चीनी के मिश्रण में कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर डाला गया है, जो बेजुबानों की मौत का कारण बना। पशुपालक जितेन्द्र पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उसने घटना की सूचना पशु चिकित्सा विभाग को भी दी थी। पशु चिकित्सक ने मौके पर मामले की जांच पड़ताल की। वहीं पशु चिकित्सकों की टीम ने आटा चीनी के मिश्रण में जहरीले पदार्थ के होने की आशंका जाहिर की। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। लोग इस कृत्य पर नाराजगी जताकर अराजकतत्वों को कोस रहे थे। पशु पालक ने बताया कि पुलिस को सूचना नही दी गई है।

### तम्बाकू की फसल उजाड़ने का विरोध करने पर दबंगों ने मां-बेटी को पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** तंबाकू की फसल हटाने का विरोध करने पर आरोपियों ने मां-बेटी को बेल्टों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जानमाल की धमकी दी। पीड़ित महिला ने दबंग पिता पुत्र तथा एक अन्य व्यक्ति सहित तीन लोगो के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला के अनुसार इससे पूर्व में भी आरोपियों द्वारा चबूतरे पर चढ़कर बच्चों से गाली गलौज तथा मारपीट की थी। शमशाबाद थाना क्षेत्र की गंगा कटरी में बसे गांव नगला गढ़ी निवासी सुशीला देवी पत्नी अहिवरन सिंह ने यही के निवासी रमन उर्फ मानू पुत्र राकेश कुमार तथा राकेश कुमार के रिश्तेदार भूरे सहित तीन लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 8 अप्रैल की सुबह 7 बजे के करीब महिला अपने खेत में कृषि कार्य के लिए गई हुई थी। जहां आरोपियों द्वारा तंबाकू की फसल तोड़ डाली गयी। जब महिला ने आरोपियों से इस संबंध में विरोध जाता, तो आरोपी आगबबूला हो गये और गाली-गलौज करते हुए बेल्टों से मारपीट करने लगे। पीड़ित के साथ उसकी पुत्री कांति देवी की भी बेल्टों से पिटाई की गई। इस मारपीट की घटना में मां बेटी दोनों घायल हो गई। उधर चीख पुकार की आवाज सुनकर जब तक लोग मौके पर पहुंचते, तब तक आरोपी जानमाल की धमकी देकर मौके से फरार हो चुके थे। पीड़ित महिला के अनुसार 7 अप्रैल को भी आरोपियों ने घर के चबूतरे पर चढ़कर बच्चों के साथ मारपीट की थी। हालाकि संभ्रांत लोगो के कहने पर घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई, लेकिन आरोपियों के लगातार हमलो को लेकर पीड़िता ने जानमाल का खतरा जताते हुए दबंग आरोपियों के खिलाफपुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं शमसाबाद पुलिस ने पीड़िता को तहरीर को गंभीरता से लेकर जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# एचटी लाइन की भेंट चढ़ी पांच बीघा गेहूं की फसल



गेहूं के खेत में लगी आग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एचटी लाइन की निकली चिंगारी से पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने पानी आदि डालकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम जैनापुर निवासी संपत कुमार पुत्र शिवकुमार व कृष्णपाल पुत्र जगदीश के खेतों के ऊपर से एचटी लाइन गुजरी है। सोमवार को दोपहर एचटी लाइन से निकली चिंगारी से गेहूं के खेत में जा गिरी। जिससे गेहूं की सूखी फसल धू-धूकर जलने लगी। देखते ही देखते करीब पांच बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया। इसके अलावा फायर ब्रिगड को भी घटना की सूचना दी गयी। सूचना देने के करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंची, लेकिन तब तक फसल जलकर राख हो गयी थी। इस घटना से आसपास के किसानों में हड़कंप मच गया। उनका कहना था कि कहीं उनके खेत में भी आग न लग जाये। ग्रामीणों ने बताया की खेतों में विद्यत लाइन के तार काफी नीचे हैं। कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। जिसका नतीजा है कि गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। कई महीनों की मेहनत मिट्टी में मिल गयी। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल श्यामबाबू ने जांच पड़ताल कर रिपोर्ट एसडीएम को सौंपने की बात कही।

# जिला महासचिव के साथ हुई मारपीट की घटना में नदीम सहित नौ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

- सपा कार्यालय में इलियास मंसूरी के साथ घटी घटना
- जिला महासचिव बोले जान को है खतरा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी** पार्टी के जिला महासचिव इलियास मंसूरी के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सहित 9 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना शमसाबाद के मोहल्ला अलेपुर निवासी सपा जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि जब से वह महासचिव बने है पूर्व सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी निवासी काजी टोला शमसाबाद लगातार जान से मारने की धमकी दे रहें है। बीते एक सप्ताह पूर्व भी सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव के फोन करके कहा था कि इलियास को महासचिव के पद से हटा दो नहीं तो इसे जान से मरवा देंगे। जिस समय फोन किया तो मोबाइल हैण्डफ्री होने के चलते यह मैंने भी सुना। 7 अप्रैल को दोपहर दो बजे नदीम अहमद का मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव ने कई बार फोन करके पार्टी कार्यलय बुलाया। जब मैं कार्यालय पंहुचा तो नदीम के साथी आनन्द मोहन यादव निवासी ज्योना कायमगंज, अंकेश कुमार निवासी मुरैठी, अब्दुल्लाह निवासी सैयदवाड़ा शमसाबाद, राजीव यादव निवासी मोहल्ला चौहटटा शमसाबाद, साजेब खां निवासी मोहल्ला तराई शमसाबाद, दीपक श्रीवास्तव निवासी चौखण्डा व दो अज्ञात अचानक गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। आरोपी मारपीट करते हुए मुझे सपा कार्यालय के बाहर छज्जे पर ले आये और मुझे छज्जे से फेंकने का भी प्रयास किया। शोर शराबा सुनकर साजिद अली निवासी सिरमौरा नवाबगंज, मनोज यादव निवासी रोहिला मोहम्मदाबाद, सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल आ गये और मुझे बचाया। आरोपीगण जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने जिला महासचिव की शिकायत पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं इलियास मंसूरी ने बताया कि पूरी घटना से हाईकमान को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला कमेटी उनके साथ है।

### रंजिशान मुझे फंसाया गया: नदीम अहमद

फर्रुखाबाद। पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर अवगत कराया कि उन्हें मीडिया के माध्यम से घटना की जानकारी हुई कल सपा जिला कार्यालय पर किसी आपसी झगड़े में मुझे नामदर्ज किया गया है। जबकि उस घटना के संबंध में मुझे किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है और न ही इस घटना से मेरा कोई वास्ता है। मैं विगत 20 फरवरी से गंभीर बीमारी से ग्रसित हूं और गुड़गांवा स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती रहा। उसके उपरान्त लम्बे समय तक अलीगढ़ में रहकर इलाज करा रहा था। कुछ दिन पूर्व शमशाबाद आया हूं। 16 अप्रैल को पुनः अस्पताल में जांच हेतु मुझे जाना है। बीमारी के चलते चिकित्सक ने बैडरेस्ट बताया है जिसके चलते मैं घर से बाहर नहीं जाता हूं। इस घटना में मेरा नाम रंजिशान व राजनैतिक प्रतिद्विद्वता के चलते लिखाया गया है। घटना के समय मैं घर पर था। पूर्व जिलाध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# डीएम ने सफाईकर्मी को निलंबित करने का दिया आदेश

- विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में अभियान के तहत अभी तक किये गए कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र में नालियों की सफाई कम पाई गई। कायमगंज, कमालगंज, राजेपुर में नालियों की स्थिति खराब पाई गई। एडीओ पंचायत कायमगंज से स्पष्टीकरण तलब किया गया। अजमदपुर की सफाई कर्मी कार्य नहीं कर रही है। जिलाधिकारी द्वारा निलंबित करने का आदेश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र में छुट्टा जानवर के अतिरिक्त कोई भी पालतू पशु खुला हुआ घूमता पाया जायेगा, तो उसके मालिक पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा सीएमओ को निर्देशित किया गया कि सभी आरोग्य मेलों को सही तरीके से संचालित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में दो सगे भाइयों को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दलित व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में अपर जिला जज विशेष एससी/एसटी न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने धीर सिंह शाक्य, रामवीर सिंह शाक्य पुत्रगण हरिराम शाक्य निवासी भोजपुर कमालगंज को दोषी करार देते हुए एक वर्ष की परिवीक्षा से दण्डित किया। बीते 6 वर्षो पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निवासी श्रीराम सिंह पुत्र श्यामलाल ने दी गयी शिकायत में बताया कि 15 अक्टूबर 2018 को लगभग 5 बजे मेरे घर एक युवक आया कि थाने से पुलिस आई है तुम्हे बुला रही है। मैं उसके साथ बाइक पर बैठकर लैनगॉव के पास पहुंचा, तो एक एम्बुलेंस में धीर सिंह, रामवीर कुछ अज्ञात लोगों ने मारपीट कर गाड़ी में डाल लिया।

## बाइक सवार युवक के साथ लूटपाट करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** बाइक सवार युवक के साथ लूटपाट करने के मामले में मेरापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव विरायमपुर निवासी विशेष कुमार पुत्र शिवकुमार ने बाइक सवार अज्ञात तीन लुटेरों के विरुद्ध लूट का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 4 अप्रैल की रात 8.30 बजे विशेष कुमार अचरा से अपनी पल्सर बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था। इसी समय अचरा सराय मार्ग गांव कोला के पास पीछे से आ रहे बाइक सवार तीन लुटेरों ने विशेष कुमार की बाइक में धक्का मार दिया, तो विशेष कुमार ने अपनी बाइक रोक ली। लुटेरों ने भी अपनी बाइक को खड़ा कर दिया और बाइक से नीचे उतरकर मेरे साथ मारपीट की और मेरी पल्सर बाइक, एक वीवो का मोबाइल तथा एक हजार रुपये की नकदी छीनकर वापस अचरा की तरफ भाग गए। मेरापुर पुलिस ने घटना के मामले में विशेष कुमार की तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक सवार तीन लुटेरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नवरात्रि, ईद, अम्बेडकर जयंती सहित अन्य त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**



बैठक में मौजूद उप जिलाधिकारी व अन्य — समृद्धि न्यूज

**सोमवार को** शमशाबाद थाने में उप जिला अधिकारी कायमगंज एवं क्षेत्राधिकारी कायमगंज की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सभी धर्म समुदाय के धर्मगुरु, संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। सभी लोगों से आगामी त्योहारों में ईद, नवरात्रि पर्व, डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती एवं दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी धर्म समुदाय के लोगों से उपजिलाधिकारी कायमगंज तथा क्षेत्राधिकारी कायमगंज ने अपील करते हुए कहा आगामी त्योहारों में शांति का सहयोग दे तथा शांति के माहौल में त्योहार की खुशियां मनाएं। उन्होंने यह भी कहा शांति में व्यवस्था में खलल डालने वाले अराजकतत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी लोग भाईचारे के साथ शांति के माहौल में पर्व मनाए और एक दूसरे को खुशियों की सौगात दे और गंगा जमुनी की तरजीब कायम रखे। उन्होंने यह भी कहा अगर कोई अराजकतत्व क्षेत्र में शांति व्यवस्था में खनन डालने की कोशिश करता है, तो इसकी सूचना तत्काल थाना पुलिस को दी जाए। इसके लिए डायल 112 के अलावा थाने से संबंधित सीयूजी नंबर पर भी सूचना दे सकते है। बैठक में सभी धर्म संप्रदाय के लोगों ने उप जिलाधिकारी कायमगंज तथा क्षेत्राधिकारी कायमगंज का समर्थन किया। सभी लोगों ने सहयोग देने की बात कहीं। बैठक में थानाध्यक्ष बलराज भाटी के अलावा पुलिस कर्मी तथा संभ्रांत लोगों मौजूद रहे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील के साथ दिलायी गई मतदाताओं को शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला निर्वाचन** अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को बेवर रोड पर मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वह मतदान अवश्य करें। इस बार जनपद में शत-प्रतिशत मतदान होना चाहिए, इस पर हम सबको संकल्प लेना होगा। महिला मतदाता प्रभारी भारती मिश्रा ने सभी मतदाताओं से कहा कि हम सब अपने मत के महत्व को समझें तथा सोंच समझकर ऐसे प्रत्याशी को चुनकर भेजें, जो राष्ट्रहित में कार्य करें। जिससे हमारा लोकतंत्र सुदृढ़ हो। साथ ही महिलाओं से मतदान हेतु हस्ताक्षर भी कराए। वैभव सोमवंशी ने सभी से 13 मई को बूथ पर जाने का आवाह्न किया तथा साथ ही अपने परिवारीजन व रिश्तेदारों के भी वोट सुनिश्चित करने का आवाह्न किया। कर्नल राघवेंद्र मिश्रा ओ0आई0सी0, ई0सी0एच0एस0 के द्वारा सभी मतदाताओं को शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर सूबेदार विजय शुक्ला, कैप्टन भानु प्रताप सिंह, मनोज मौर्य, विजय त्रिपाठी, विपेश कुमार, आर0सी0 यादव, महेंद्र सिंह, स्क पाठक, कैप्टन एस0के0 सिंह, सूबेदार के0के0 त्रिपाठी, पूनम त्रिपाठी, धनदेवी यादव, राधा देवी, रीना यादव, रीता राजपूत, उषा शर्मा, शांति यादव, स्वर्ण देवी यादव, रीता पाठक, उर्मिला राठौर, मालती देवी, राम लता मिश्रा, गीता, राजरानी कुशवाहा, स्मृति अग्निहोत्री, विशाल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



मतदाता जागरूकता की शपथ लेते शिक्षक व अन्य — समृद्धि न्यूज

# डा0 नवल किशोर शाक्य के लिए सैनिक प्रकोष्ठ ने खेत में काम कर रहे मजदूरों से मांगे वोट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के लिए तूफानी जन सम्पर्क किया। उन्होंने अपने सैनिक प्रकोष्ठ के साथियों के साथ लोहापानी, गढ़िया नगला, तारा नगला, समाधान, बैग गांव में जन सम्पर्क कर वोट मांगे। रास्ते में खेतों में आलू खोदते किसान मिले। उन्होंने किसानों से हालचाल पूछे और पार्टी प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को समर्थन देने की अपील की। ग्रामीणों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि हम समाजवादी पार्टी के साथ है। केके यादव ने कहा कि इस बार पार्टी के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताकर लोकसभा भेजेगें। इसके लिए सैनिक प्रकोष्ठ रात-दिन मेहनत कर रहा है। बीते दिन सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद सरन ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर चर्चा की थी। लोधे राजपूत वर्मा लोगों ने समर्थन दिया और हाथो-हाथ लिया। केके यादव के साथ जिला सचिव मदनपाल, अनिल कुमार, सर्वेश कुमार, राजेन्द्र सिंह आदि लोगों ने वोट मांगे।


ग्रामीणों के साथ केके यादव व मौजूद अन्य लोग

## खबरें एक नजर में

### साफ-सफाई न मिलने पर आठ दुकानदारों को दिया गया नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खुले में खाद्य पदार्थों के विक्रय पर रोकथाम हेतु जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा0 शैलेन्द्र रावत, अरूण कुमार मिश्र, विमल कुमार व आशीष कुमार वर्मा ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान फतेहगढ़ बड़ा चैराहा स्थित अनुज बाथम पुत्र सुभाष चन्द्र के खाद्य प्रतिष्ठान की साफ-सफाई संतोषजनक न होने पर कारण सुधार नोटिस जारी किया। वहीं पेट्रोल पम्प के सामने स्थित पण्डी पुत्र मुरग्स के खाद्य प्रतिष्ठान की साफ-सफाई संतोषजनक न होने पर नोटिस जारी किया गया। बड़ा चौराहा स्थित राहुल पुत्र अनिल के खाद्य प्रतिष्ठान पर भी सफाई न होने पर नोटिस जारी किया गया। आवास विकास स्थित लोहिया अस्पताल के सामने गोपाल पुत्र बालकराम के खाद्य प्रतिष्ठान, दास नर्सिंग होम के सामने स्थित अभिषेक यादव पुत्र ओमकार सिंह यादव के खाद्य प्रतिष्ठान, लोहिया गेट के सामने स्थित राजीव सक्सेना पुत्र कल्लू सक्सेना के खाद्य प्रतिष्ठान, सुमित कुमार पुत्र रविश कुमार के खाद्य प्रतिष्ठान, बड़ा चौराहा स्थित महेश कुमार पुत्र रामलाल बाथम के खाद्य प्रतिष्ठान की साफ-सफाई न होने पर सुधार नोटिस जारी किया गया। नोटिस का अनुपालन न किये जाने पर लाइसेन्स/पंजीकरण निलम्बित कर दिया जायेगा। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार मिश्र ने रजीपुर चैराहा श्रृंगीरामपुर स्थित वीरपाल सिंह पुत्र श्यामलाल के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ बर्फी का नमूना लिया, जिसे जांच के लिए भेज दिया गया।

### नवरात्रि व ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद संभ्रांत नागरिक व पुलिस कर्मी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवरात्रि व ईद को लेकर क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार ने थाने में मौलाना व महंत एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक ली। उन्होंने ईद और रामनवमी पर होने वाले त्योहार को लेकर लोगों को सख्त दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोग अपने त्यौहार आपस में मिलजुल कर मनाएं और त्यौहार में राजनीतिक दखलअंदाजी बिल्कुल ना करें। साथ ही साफ-सफाई को लेकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को दिशा निर्देश दिए। लोगों की शिकायत पर कस्बे में तेजी से बाइक चलाने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी दशा में कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे लाइन ऑर्डर समस्या उत्पन्न हो। इस मौके पर प्रमोद मिश्रा, डिंपल सक्सेना, महंत सुरेश दास महाराज, विशाल कश्यप, कुलदीप राजपूत, आदेश राठौर, कमल भारद्वाज सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### 9 अप्रैल से 11 अप्रैल तक ज्ञान ज्योति महोत्सव का होगा आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय नवजागरण के पुरोधा आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी 200वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में देश भर में आयोजित कार्यक्रमों की श्रखंला में कमालगंज क्षेत्र के ग्राम गदनपुर देवराजपुर में 9 अप्रैल से 11 अप्रैल तक तीन दिवसीय ज्ञान ज्योति महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें देश के अनेकों स्थानों से आर्य जगत के सुविख्यात सन्यासी, उपदेशक व भजनोपदेशकों द्वारा वैदिक धर्म का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। महोत्सव में प्रतिदिन प्रातः 8 से 11 बजे तक यज्ञ तथा मध्यान्ह 1 बजे से सांय 6 बजे तक भजन उपदेश का कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। यह जानकारी आचार्य संदीप आर्य ने दी है।

# बसपा को लगा झटका, पूर्व एमएलसी मनोज व चेयरमैन वत्सला अग्रवाल भाजपा में हुए शामिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बसपा नेता** व पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल एवं फर्रुखाबाद सदर नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने लखनऊ पहुंचकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जहां एक ओर अभी तक बसपा अपना प्रत्याशी नहीं घोषित कर पायी है। वहीं बसपा नेता के भाजपा में जाने से बहुजन समाज पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बसपा में बड़े नेताओं की सुमार में मनोज अग्रवाल को माना जाता था। लगातार चार बार नगर पालिकाध्यक्षी परिवार में रही। 2007 में बसपा से मनोज अग्रवाल नगर पालिकाध्यक्ष बने थे। 2012 में वत्सला अग्रवाल नगर पालिकाध्यक्ष बनी। 2017 में वह पुनः नगर पालिकाध्यक्ष बनी। 2022 में नगर पालिकाध्यक्ष पर पुनः कब्जा करते हुए तीसरी बार वत्सला अग्रवाल अध्यक्ष बनी। उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की मां सुषमा गुप्ता को हराकर जीत दर्ज की थी। राजनीति में अपनी पकड़ मजबूत रखने के लिए भारतीय जनता पार्टी का मनोज अग्रवाल ने अपनी पत्नी सहित लखनऊ जाकर भाजपा का दामन थाम लिया, जबकि जिले के कुछ भाजपा नेता नाराज थे। मनोज अग्रवाल ने अपनी कुशल राजनीतिज्ञ का दांव खेलते हुए भाजपा में शामिल होकर अपने आपको मजबूत कर लिया है। मनोज अग्रवाल के निवास पर सुबह से ही समर्थकों का बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। समर्थकों ने उन्हें माला पहनाकर बधाई दी और मिठाई खिलाई। देर शाम तक बधाई देने वालों का सिलसिला जारी रहा। भाजपा में उनके शामिल होने से आम जनमानस में वह पुनः लोकप्रिय बन गये है।



उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष भाजपा की सदस्यता लेते मनोज अग्रवाल व वत्सला अग्रवाल

## किशोर न्याय बोर्ड के भवन को लेकर अधिवक्ता रहे न्यायिक कार्य से विरत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बार एसोसिएशन** फतेहगढ़ के महासचिव नरेश सिंह यादव ने जनपद न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एमएसीपी न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला उपभोक्ता प्रतितोष फोरम/जिलाधिकारी को पत्र भेजा। पत्र में मांग की गई है कि नगरीय आबादी के मध्य स्थित मानक के विपरीत भवन में किशोर न्याय बोर्ड को मनमाने तरीके से स्थानांतरित किया गया है। जिसका अधिवक्तागण विरोध करते है। सभी अधिवक्तागणों ने विरोध करते हुए न्यायिक कार्य से वितरण रहे। अधिवक्ताओं ने कहा कि अग्रिम निर्णय आगामी बैठक में लिया जायेगा।

## सोमवती अमावस्या पर भक्तों ने गंगा में लगायी डुबकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


गंगा स्नान करते श्रद्धालु

**सोमवती अमावस्या** पर भक्तों ने गंगा में डुबकी लगायी। सुख समृद्धि की कामना करते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा तट पांचाल घाट पहुंचकर स्नान किया और सूर्य भगवान को जलार्धि देकर कामना मांगी। सोमवती अमावस्या का पर्व सनातन धर्म में उल्लास पूर्वक मनाया जाता है। मान्यता है कि सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान के साथ जो लोग व्रत रखते है और दान पुण्य करते है उनके घरों व परिवारों में सुख समृद्धि आती है और लक्ष्मी स्वयं निवास करती है। दुख, दलिद्र अपने आप दूर भागता है। गंगा स्नान करने फर्रुखाबाद के अलावा अन्य जनपदों के लोग भी आते है। अमावस्या का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। गंगा स्नान करने के लिए लोग पांचाल घाट के अलावा कायमगंज क्षेत्र के लोग ढाई घाट पर भी स्नान करते है। सोमवती अमावस्या पर व्रत रखना खास होता है। भक्तों ने सुख और कल्याण की कामना के साथ दान पुण्य किया। इस पर्व का इसलिए और महत्व हो गया कि ठीक एक दिन बाद नवरात्रि प्रारम्भ हो रही है। जिस कारण महिलाओं में भी व्रत रखने का उत्साह दिखा।

# रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर युवाओं में विकसित कर रहा है टैलेंट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनपद की** रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर में युवा प्रतिभाओं में रंगमंचीय कला के गुण विकसित किए जा रहे है। जिससे वह किसी आने वाले समय में फिल्म एवं टेलीविजन के क्षेत्र में अच्छा मुकाम हासिल कर सकें।

नक्श थिएटर प्रमुख अमित सक्सेना ने बताया कि कला उनका जीवन है। पिछले कई वर्षो से वह रंगमंच के क्षेत्र में सक्रिय है, पहले मुंबई जैसे बड़े शहर में रखकर इस कला को सीखा और कई नामी टीवी सीरियल फिल्म में काम किया। टीवी ऐड किए, पारिवारिक समस्याओं के चलते अपने शहर में रंगमंचीय कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नक्श थिएटर की स्थापना की। उन्होंने बताया की नक्श से एक्टिंग सीखने के बाद कलाकारों को अच्छी सफलता मिली है। वह मुंबई जैसे शहरों में काम कर रहे हैं। सचिव राज गौरव पाण्डेय ने बताया कि वह नक्श थिएटर में कलाकार है वह कई मंचो से अपनी प्रस्तुति दे चुके है। उन्होंने बताया कि आगामी जून माह में नक्श थिएटर के कलाकार शिमला में आयोजित ऑल इंडिया आर्टिट्स के बैनर तले गेटी थिएटर में अपनी प्रस्तुति देने जा रहे है। जिसकी तैयारी चल रहीं है। नक्श थिएटर से जुड़े साहित्यकार, पत्रकार दिलपी कश्यप ने बताया कि यह संस्था लोगों के अंदर छिपी प्रतिभा को तरास कर उन्हें मंच देने का कार्य कर रही है। इस मंच के तले लोग एक्टिंग सीखकर अपना कैरियर बना रहे है। यह जनपद के बहुत बड़ी उपलब्धि है। नक्श थिएटर में काम कर रहे कई कलाकार विभिन्न मंचों पर सम्मानित हो चुके है।


नाटक काल कोठरी की तैयारी कराते निदेशक अमित सक्सेना

# बच्चों को समय पर पैसा न दे सके तो निःशुल्क शिक्षा योजना बंद कर देने की पीएम से मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- निःशुल्क शिक्षा योजना के तहत दाखिला लेने वाले बच्चों को नहीं मिलती किताबें
- आरटीआई का नहीं दिया जबाव, बीएसए कह रहे है शिकायत करके ले लेना पैसा

**सर्वशिक्षा** अभियान के तहत निःशुल्क बच्चों को शिक्षा देने की योजना मात्र एक छलावा साबित हो रही है। चिन्हित विद्यालयों में बच्चों का दाखिला करा दिया जाता है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा प्रति बच्चे पर खर्चा होने वाली धनराशि पढ़ाई के लिए कई वर्षो से नहीं दी गई। बिना किताबों के कैसे स्कूल में बच्चों को पढ़ाया जायेगा। इसी मामले में एक निजी विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार ने काफी पहले जन सूचनाधिकार के तहत केंद्र सरकार बेसिक शिक्षाधिकारी से जानकारी चाही कि जिले में कितने विद्यालयों में कितने बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करायी जा रही है और सरकार द्वारा प्रति बच्चे को किताबों आदि पर खर्चा होने वाली कितनी धनराशि प्रतिवर्ष दी जा रही है। आज तक कोई भी जबाव नहीं आया। विद्यालय प्रबंधक राजकुमार ने मुख्यमंत्री से भी शिकायत की। उनका कहना है कि कई बच्चे उनके विालय में इस योजना के तहत दाखिला लिये है लेकिन आज तक बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पैसा नहीं दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार सम्पर्क किया गया संबंधित पटल प्रभारी ने बताया कि अधिकारी का कहना है कि अब वह शिकायत करके ही पैसा ले लें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बच्चे पर 5 हजार रुपया के स्थान पर 7 हजार रुपये वसूले जा रहे है, यह बिल्कुल गलत है। बहुत से बच्चे बिना कॉपी किताब के ही पूरे साल स्कूल में बैठे रहे। बच्चे का आरटीई के तहत एडमिशन होता है तो उस समय उस बच्चे के खाते रुपये भेजना चाहिए। इसलिए यह योजना सिर्फ मजाक बनकर ही रह गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर इस योजना पर देना चाहिए, यदि समय पर धनराशि न दे सकें तो इस योजना को बंद कर दे, जिससे कि बच्चों के भविष्य पर खिलवाड़ न हो सके।

# सफाई कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्थानीय निकाय** सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार बाल्मीकि ने नगर पालिकाध्यक्ष को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सफाई कर्मचारियों की प्रतिनिधि मण्डल ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सफाई कर्मचारियों को उनकी सुविधायें उपलब्ध करायी जाये। सफाई कर्मचारियों को स्थायी संविदा ठेका का वेतन प्रत्येक माह की पहली तारीख को दिया जाये। ग्रीष्मकालीन में वर्दी उपलब्ध करायी जाये। संगठन को टाउनहाल के नये भवन में कार्यालय उपलब्ध कराया जाये। सफाई कर्मचारियों को चेक आफ फैसलिटी प्रदान की जाये। सफाई कर्मचारियों को कौन-कौन से भत्ते दिये जा रहे है इनका वेतन प्रमाण दिलाया जाये। सफाई कर्मचारियों को उपकरण देने की व्यवस्था की जाये। धुलाई भत्ता भी दिया जाये। मलिन बस्तियों में शिशुशाला, बालवाणी केंद्र संचालित कराने की व्यवस्था हो। जिससे सफाई कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था हो सके। बाल्मीकि बस्तियों में शीतल जल व हैण्डपम्प की व्यवस्था की जाये। साथ ही समयमान वेतन का लाभ दिया जाये। सफाई कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का अंतर प्रदान किया जाये और ब्योरा उपलब्ध कराया जाये। सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारियों को समस्त भुगतान दिये जाये। 17 से 31 प्रतिशत महंगाई भत्ते का एरियर फंड में नहीं डाला गया और नगद भुगतान किया गया है, उसका लेखा जोखा सूची बनाकर उपलब्ध कराया जाये, आदि मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नीरज कुमार, राधेश्याम, अजय बाल्मीकि, रामलखन बाल्मीकि, नंदकिशोर आदि लोग मौजूद रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चिकित्सकों ने संगोष्ठी में रखे विचार

- मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



विचार व्यक्त करती छात्रा — समृद्धि न्यूज

**मेजर एसडी** सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल बेवर रोड बघार में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम है कि मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार यह प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है। आज ही के दिन 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई थी। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य स्तर को बेहतर बनाना और समाज को जानलेवा बीमारी के प्रति जागरुक करना है। कार्यक्रम में प्राचार्या डा0 अंजना दीक्षित ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान डा0 नीतू, डा0 शीलू गुप्ता, डा0 रीता सिंह, डा0 देवाशीष विश्वास, डा0 विजय मोहन गुप्ता, डा0 निरंजन एस, डा0 सुनील कुमार गुप्ता, डा0 शिवओम दीक्षित, डा0 संकल्प सिंह, डा0 पंकज कुमार शुक्ला, डा0 श्वेता यादव, डा0 अनूप कुमार पाण्डेय, डा0 आनंद बाजपेयी, डा0 ज्योति, डा0 रेशमा, डा0 कीर्ति, डा0 मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डा0 पुष्पेन्द्र, डा0 सिमरन, डा0 भाग्यश्री, डा0 अविलाशा सिंह शर्मा ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। छात्र-छात्राओं ने भी विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अपने विचारों को प्रस्तुत कर हाल को गुंजायमान किया।

# चिन्हित बुक डिपो संचालकों की बल्ले-बल्ले, कार्रवाई ठंडे बस्ते में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- मोटा कमीशन के चलते निजी स्कूल संचालक है राजनीति में सक्रिय

**निजी प्रकाशको** द्वारा चिन्हित बुक डिपो पर सीबीएससी व आईएससी बोर्ड की किताबे खुलेआम धड़ल्ले से बिक रही है। शासन से लेकर प्रशासन तक अधिवक्ताओं के अलावा व्यापारियों एवं अन्य लोगों ने शिकायत की है। राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। उसके बावजूद भी जिला प्रशासन ने अभी तक चिन्हित बुक डिपो संचालको व निजी स्कूल संचालको के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की है। कक्षा 1 से लेकर 12 तक की किताबे 3500 रुपये से लेकर 15 हजार रुपये तक वसूले जा रहे है। खुलेआम कमीशनखोरी के कारण कार्यवाही ठंडे बस्ते में पड़ी है। बीते सप्ताह जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने अग्रवाल बुक डिपो पर छापा मारा था। सख्त निर्देश दिया था कि एनसीआरटी की ही किताबे बेंची जाये। जबकि एनसीआरटी की किताबे उन दुकानों पर उपलब्ध नहीं है। 40 रुपये वाली कापी के भी 60 रुपये चिन्हित दुकान वसूल रहे है। कापी पे रोल पेपर चड़ाने वाले की कीमत मात्र 40 से 45 रुपये प्रति रोल है। उसके भी 90 रुपये रोल के हिसाब से अभिभावको से वसूले जा रहे है। पूरा पैकेट बनाकर फिक्स रेट के अनुसार लिये जा रहे है। अधिकांश स्कूल नेताओं के होने के कारण अधिकारी भी कार्यवाही करने से कतरा रहे है। जब अधिकारी ही कार्यवाही नहीं करेंगे तो आम जनता को क्या राहत मिलेगी। अभिभावको ने खुला आरोप लगाया कि नीचे से लेकर ऊपर तक मनमानी कीमत किताबो की वसूली जा रही है। इसके पीछे सभी लोग भ्रष्टाचार में लिप्त है। ऐसा नहीं है तो कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। कुछ दिन बाद पूर्ण रुप से पढ़ाई शुरु हो जायेगी और चिल्लाते रह जायेंगे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मोटी कीमत वसूलने वाले मोटे-मोटे दुकानदार माला-माल होते रहेंगे।



निजी बुक डिपो पर लगी किताबें — समृद्धि न्यूज

# खत्म हो रही संयुक्त परिवार की परंपरा पर मंथन करने की जरूरत : रामनाथ कोविन्द

एजेंसी

**उदयपुर।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा कि बुजुर्ग बोझ नहीं, वे एसेट हैं। वे अनुभव का खजाना हैं। वे हमारी सम्पत्ति हैं। बुजुर्गों का हमारे पास होना एक आश्वासन है। एक परिवार में बुजुर्ग की अहमियत होती है। हर काल और समय में उनकी उपयोगिता सार्थक होती है। बुजुर्गों में अनुभव का धन और आत्मविश्वास का बल होता है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द सोमवार को तारा संस्थान के अंतर्गत संचालित मां द्रोपदी देवी आनंद वृद्धाश्रम के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर परिवार की अपनी अलग कहानी होती है। कोई कहानी छोटी होती है, कोई बड़ी होती है। उन्हें सुनने और सुनाने में ही हमारा जीवन गुजर जाता है। इसलिए हमें यह सोचना चाहिये कि हमने आज तक केवल लिया ही लिया है।

हमने समाज को दिया क्या है। जिस दिन देने का भाव आ जाएगा, यकीन मानिये जितना आनन्द लेने में आ रहा था, उससे दुगुना आनन्द देने में आएगा। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि आज के दौर में परिवार में बढ़ते विघटन एवं भौतिक सुख सुविधाओं की प्राप्ति की महत्वाकांक्षाओं के चलते घर के युवा अक्सर घर के बुजुर्ग माता-पिता को अकेला छोड़कर रोजगार और आर्थिक लाभ के लिए चले जाते हैं। भौतिक महात्वाकांक्षाएं उन्हें ऐसा करने पर मजबूर करती हैं। इसमें उनकी भी कोई गलती नहीं है।



▸ मां द्रोपदी देवी आनंद वृद्धाश्रम में बच्चों ने `राम आएंगे' भजन पर नाट्य का मंचन किया

## 2024 में 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था : विश्व बैंक

**नयी दिल्ली।** वर्ल्ड बैंक ने अनुमान जताया है कि साल 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 फीसदी की दर से विकास करेगी। वर्ल्ड बैंक के पूर्व के अनुमान की तुलना में यह 1.2 प्रतिशत ज्यादा है। वर्ल्ड बैंक ने ये भी कहा है कि पूरे दक्षिण एशिया के देश भी 6 फीसदी की मजबूत दर से विकास करेंगे। वर्ल्ड बैंक ने कहा है कि भारत की तेज विकास दर और पाकिस्तान और श्रीलंका की अर्थव्यवस्थाओं में आ रहे सुधार की वजह से दक्षिण एशियाई देशों की कुल विकास दर तेज रहेगी। अगले दो वर्षो में दुनिया में सबसे तेज विकास दक्षिण एशियाई क्षेत्र में ही होगा। साल 2025 में भी दक्षिण एशियाई देशों की कुल विकास दर 6.1 फीसदी रहने का अनुमान है। वर्ल्ड बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि श्दक्षिण एशिया की कुल अर्थव्यवस्था में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी है।

# लखनऊ में मनोज बाजपेयी ने किया साइलेंस 2 : द नाइट आउल बार शूटआउट का प्रमोशन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जाने-माने अभिनेता, मनोज बाजपेयी हाल ही में अपनी आने वाली जी-5 ऑरिजिनल फिल्म, साइलेंस 2 : द नाइट आउल बार शूटआउट के प्रमोशन के लिए नवाबों के शहर, लखनऊ की सड़कों पर नज़र आये, जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतज़ार है। पिछले हफ़्ते इस फिल्म का ट्रेलर के रिलीज़ हुआ जिसके बाद से ही यह लोगों के बीच चर्चा में है।

दर्शकों से जुड़ने और फिल्म के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ाने के इरादे से मनोज बाजपेयी आज लखनऊ आये। यह नज़ारा उस समय और भी शानदार हो गया, जब बाजपेयी एक खुली जीप में शहर की सड़कों पर घूमते हुए दिखाई दिए, जिसमें उनके साथ फिल्म में उनके किरदार एसीपी वर्मा जैसे दिखने वाले कई लोग भी शामिल थे। इस फिल्म में बाजपेयी एक बार फिर से बेहद सख़्त रवैये वाले एसीपी अविनाश वर्मा के किरदार में नज़र आ रहे हैं, जो स्पेशल क्राइम यूनिट की कमान संभालते हुए सिलसिलेवार तरीके से हुई हत्याओं की गुत्थी सुलझाने के लिए समय को मात देने की कोशिश कर रहे हैं। अबन भरूचा देवहंस के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में प्राची देसाई, साहिल वैद, वकार शेख, दिनकर शर्मा और पारुल गुलाटी भी अहम किरदार निभा रहे हैं। 16 अप्रैल को जी-5 पर प्रीमियर होने वाली फिल्म, साइलेंस 2 : द नाइट आउल बार शूटआउट का अनुभव यकीनन दर्शकों के लिए बेहद शानदार होने वाला है। दर्शकों को बांधे रखने वाली इस सीक्वल फिल्म में, एसीपी अविनाश वर्मा एक और पेचीदा मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने के लिए एक दिलचस्प सफ़र पर निकलते हैं। मुंबई के एक बार में हुई बेतरतीब गोलीबारी से पूरे शहर में दहशत फैल गई। एसीपी अविनाश को इस मामले की तहकीकात करने की जिम्मेदारी मिलती है, और जब वे अपनी टीम के साथ घटना स्थल का दौरा करते हैं।




# भारतमाला प्रोजेक्ट : हाईवे पर उतरे तेजस-जगुआर व सुखोई विमान

एजेंसी

**जालोर।** राजस्थान में भारतमाला प्रोजेक्ट हाईवे 925 ए पर सोमवार को तेजस, जगुआर और सुखोई-30 लड़ाकू विमानों की लैंडिंग हुई। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर सांचौर-बाड़मेर जिले से सटे अगड़वा से गुजर रहे इस हाईवे पर सबसे पहले तेजस ने लैंडिंग की। यहां सुबह करीब दस बजे तेजस ने लैंडिंग की। इसके बाद फाइटर जेट जगुआर और एएन-32, सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और लड़ाकू सुखोई-30 की भी लैंडिंग हुई। इसके साथ ही अब इस हवाई पट्टी का इस्तेमाल वायु सेना युद्ध और अन्य आपातकाल जैसी परिस्थितियों में इमरजेंसी लैंडिंग के लिए कर सकेगी।

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के नजदीक बनी यह इमरजेंसी एयर स्ट्रिप करीब तीन किलोमीटर लंबी है। भारतमाला परियोजना के तहत हाईवे पर बनी एयर स्ट्रिप का नौ सितंबर, 2021 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने उद्घाटन किया था। इस दौरान पहले ट्रायल में दो हेलिकॉप्टर की लैंडिंग करवाई गई थी। सैन्य सूत्रों के अनुसार आज विमानों की लैंडिंग का परीक्षण करने के लिए एयर स्ट्रिप पर 25 गुणा 65 वर्गमीटर का एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) केबिन भी बनाया गया। यहां सोमवार को दोपहर सवा बजे एंटोनोव एएन-32 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने लैंडिंग की। दोपहर करीब एक बजे सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की लैंडिंग के बाद जब गरुड़ कमांडो विमान से उतर रहे थे, तब एक बैल एयर स्ट्रिप पर आ गया। बैल को गरुड़ कमांडो ने एयर स्ट्रिप से दूर किया। इस हवाई पट्टी पर पिछले तीन दिनों से वायु सेना ने डेरा डाल रखा है लेकिन सर्विस रोड से आवागमन सुचारू था। सोमवार को लड़ाकू विमानों की लैंडिंग की वजह से हवाई पट्टी के पास बनी सर्विस रोड पर भी आवाजाही को पूरी तरह से रोक दिया गया। इस परीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में वायु सेना के अधिकारी भी मौजूद थे।

## आईपीएल मैच मैच के दौरान क्रिकेट सट्टा लगाते दो लोग पकड़े गए

**सिरसा।** जिला की ऐलनाबाद थाना पुलिस ने आईपीएल टी-20 मैच के दौरान मुंबई इंडियन तथा दिल्ली कैपिटल के बीच हुए गए मैच पर क्रिकेट सट्टा लगाते हुए वार्ड नंबर 17 से दो लोगों को काबू किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गौरव पुत्र राजकुमार निवासी वार्ड नंबर 17 तथा दिलीप कुमार पुत्र जमना दास निवासी वार्ड नंबर 16 कस्बा ऐलनबाद जिला सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक पुलिस ने मौका से एक लैपटॉप, एक एलइडी, एक टैब, एक वाई-फाई, एक स्विच बोर्ड, विभिन्न कंपनियों के करीब 20 मोबाइल फोन तथा क्रिकेट के लेखा-जोखा की एक नोटबुक सहित काफी मात्रा में सामान भी बरामद किया गया है। एसपी विक्रांत भूषण ने बताया कि पकड़े गए दोनों लोगों के खिलाफ ऐलनाबाद थाना में गैंबलिंग एक्ट तथा आईटी एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सुजाई करमपुरी भारत में करेंगे शार्प के डिस्प्ले बिजनेस का नेतृत्व

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शार्प ने अपने भारतीय कारोबार के लिए सुजाई करमपुरी को 1 मार्च, 2024 को अध्यक्ष नियुक्त किया। अपनी नई भूमिका के तहत, सुजाई करमपुरी डिस्प्ले बिज़नेस का नेतृत्व करेंगे और भारत में शार्प की ब्रैंड उपस्थिति को बढ़ाने में योगदान देंगे। और सबसे महत्वपूर्ण, वे शार्प के उन्नत इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स, कंपोनेंट्स और सॉल्यूशंस की मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

श्री करमपुरी के पास विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रेटेजिक बिज़नेस और टेक्नोलॉजी विकास में एक विशिष्ट रिकॉर्ड है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स व सेमीकंडक्टर, ब्रॉडबैंड और वायरलेस कम्युनिकेशन्स जैसे नाम शामिल हैं। वे भारत में डिस्प्ले के क्षेत्र में शार्प की उपस्थिति का विस्तार करने और साथ ही शार्प के कंज्युमर इलेक्ट्रॉनिक्स के ब्रैंड बिज़नेस को बढ़ावा देने के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे मैन्युफैक्चरिंग में साझेदारी की स्थापना, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, स्मार्टफोन कंपोनेंट्स के विकास, कैमरा मॉड्यूल्स, टीवी पैनल्स, सटीक इंजीनियरिंग समाधान, सेंसर्स और सेमीकंडक्टर्स के विकास में भी ध्यान केंद्रित करेंगे। श्री करमपुरी के पास तेलंगाना राज्य सरकार के अंतर्गत नेतृत्व करने का व्यापक अनुभव है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर के डायरेक्टर, टी-वर्क्स के सीईओ और तेलंगाना फाइबर ग्रिड कॉर्पोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर की भूमिकाएं शामिल हैं। श्री करमपुरी की नियुक्ति भारत में शार्प के लिए न सिर्फ उत्तम साझेदारी, बल्कि नवाचार और विकास के एक नए युग की भी शुरुआत करती है।

▸ शार्प ने सुजाई करमपुरी को नियुक्त किया अध्यक्ष

## राहुल ने कांग्रेस की सरकार बनने पर सरकारी नौकरी व स्कॉलरशिप का किया वादा

**सिवनी/मंडला।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के दौरान सिवनी जिले के धनौरा में मंडला संसदीय क्षेत्र से पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार ओमकार सिंह मरकाम के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। धनौरा की जनसभा में राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आदिवासियों को देश और इस जमीन का पहला मालिक बताते हुए कांग्रेस की केन्द्र में सरकार बनने पर युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी देने और एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की स्कॉलरशिप दोगुनी करने का वादा किया। राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी शब्द का मतलब वो लोग जो इस देश के इस जमीन के पहले मालिक थे। अगर आप पहले मालिक थे, तो जमीन, जल, जंगल, देश के धन पर आपका हक बनता है। राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि युवाओं का हक मारा जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### केंद्र मुझे संसद में नहीं देखना चाहता : महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने के एक दिन बाद पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार उन्हें संसद से बाहर रखना चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने अनंतनाग के बिजबेहरा में स्थित अपने पिता और पार्टी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद की कब्र पर जाने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा 2019 में खत्म किये जाने के बाद पीडीपी केंद्र के लिए सबसे बड़ा लक्ष्य रही है।

### ब्राउन शुगर मिनी फैक्टरी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा में मादक पदार्थ के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 10 करोड़ के मादक पदार्थ के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ईटखोरी थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की है। सोमवार को चतरा एसपी ने बताया कि ईटखोरी थाना क्षेत्र के महुदा गांव में ब्राउन शुगर मिनी फैक्टरी का संचालन किया जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पंकज कुमार दांगी और धीरेंद्र दांगी नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया। यहां से 204.4 किलो गीला अफीम, ब्राउन शुगर बनाने में प्रयुक्त मशीन, एक गैस सिलेंडर, एक गैस चूल्हा, इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन, 100 पीस प्लास्टिक, वेटिंग जैक मशीन, 25.400 किलो मटमैला कपड़ा सना मिट्टी व ब्राउन शुगर बनाने में प्रयुक्त कपड़ा पुलिस ने बरामद किया है।

### राष्ट्रपति ने चैत्र शुक्लादि, गुड़ी पड़वा की दी बधाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेटी चंड, नवरेह और साजिबु चेरोबा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा कि ये त्योहार वसंत ऋतु और भारतीय नव वर्ष के स्वागत में देश के अलग-अलग हिस्सों में मनाए जाते हैं। ये सभी त्योहार शांति, सौहार्द्र और सहिष्णुता का संदेश देते हैं। ये पर्व हमारे देश के सांस्कृतिक वैभव और समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। इन पर्वों के माध्यम से हम प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता भी प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कामना करती हूं कि ये पर्व सबके जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आएं तथा हम सब नव ऊर्जा के साथ देश के विकास कार्यों में अपना योगदान दें।

### भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सवाल उठाए हैं। भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी का घोषणापत्र विभाजन का खाका है, जिन्ना के मुस्लिम लीग एजेंडे की स्पष्ट कॉपी है। राष्ट्रीय एकता पर तुष्टिकरण की राजनीति को प्राथमिकता देकर, कांग्रेस विभाजन को कायम रखना चाहती है। देश कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगा। जे पी नड्डा ने एक्स पर अपने पोस्ट पर कहा कि भारत ने पहले भी ऐसी विभाजनकारी राजनीति को खारिज किया है और फिर भी ऐसा करेगा। भाजपा ध्रुवीकरण के इस खतरनाक रास्ते के खिलाफ मजबूती से खड़ी है और सभी के लिए समावेशी शासन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र आरक्षण का जिक्रकिया है, उसे स्पष्ट करना चाहिए।

### चार मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला को करेंगी तिलक

**अयोध्या।** रामनवमी पर चार मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला को तिलक करेंगी। इसकी तैयारी में रविवार की रात भर काम में कई वैज्ञानिक जुटे रहे। इसके लिए राममंदिर में उपकरण लगाए जा रहे हैं, जिसका जल्द ही ट्रायल भी होगा। गौरतलब है कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की पूर्व घोषणा के अनुसार हो रही तैयारी में ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम के लिए उपकरण लगाए जा रहे हैं। बीती रात रामलला के शयन कराने के बाद उनके माथे का सटीक स्थान सुनिश्चित करने के लिए स्टिकर लगाकर तब श्रीविग्रह को चद्दर ओढ़ाया गया। जिससे वैज्ञानिक दल अपना उपकरण लगाने के लिए सटीक नाप जोख कर सकें। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारी ने बताया कि 75 मिमी का गोलाकार सूर्य से प्रभु श्रीराम का अभिषेक होगा। दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी।

### विधायक अंबा प्रसाद व उनके भाई अंकित पहुंचे ईडी कार्यालय

**रांची।** बडकागांव विधायक अंबा प्रसाद और उनके भाई अंकित राज सोमवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे है। इसके बाद दोनों से ईडी के अधिकारी पूछताछ कर रहे है। इस दौरान संवाददातओं से बातचीत करते हुए अंबा ने कहा कि ईडी को पूछताछ में सहयोग करेंगी। उन्हें डर बिल्कुल नहीं है जांच निष्पक्ष हो। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बीच समन का दौरा चल रहा है ऐसे में लोकसभा चुनावी मैदान में उतरना संभव नहीं था। अंबा प्रसाद ने बताया कि ईडी से उन्होंने 15 दिनों का समय मांगा था लेकिन समय नहीं मिलने के कारण आज पेश होना पड़ रहा है। इससे पहले दोनों ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे और ईडी से 15 दिनों का समय मांगा था। ईडी की ओर से समय नहीं दिए जाने पर सोमवार को दोनों ईडी के समक्ष उपस्थित हुए। इससे पहले तीन अप्रैल को ईडी ने अंबा के पिता और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से पूछताछ की थी।

# एक्शन फिल्म लव यू शंकर का ट्रेलर जारी

▸ फिल्म में दिखेगा पौराणिकता व आधुनिकता का संगम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** एनिमेशन और वास्तविक किरदारों के अद्भुत संगम से बनी अनोखी फ़िल्म लव यू शंकर का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आज सोशल? मीडिया पर रिलीज़ कर दिया गया जिसे लोगों का काफ़ी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. पौराणिकता और आधुनिकता के मेल से बनी लव यू शंकर धार्मिक आस्था, आपसी दोस्ती और रोमांच से भरपूर ऐसी मनोरंजक और जादुई कहानी को पेश करती है जिसे देखकर दर्शक पूरी तरह से मुग्ध हो जाएंगे।

ग़ौरतलब है कि लव यू शंकर का निर्देशन राजीव एस. रूईया ने किया है, फ़िल्म की निर्माता हैं एसडी वर्ल्ड फ़िल्म्स प्रोडक्शन से संबंध रखने वाली सुनीता देसाई. फ़िल्म में श्रेयस तलपड़े, तनीशा मुखर्जी, अभिमन्यु सिंह, संजय मिश्रा, हेमंत पांडे और मन्न गांधी जैसे बेहतरीन कलाकार विविध तरह के रोचक किरदारों में दिखाई देंगे। लव यू शंकर की कहानी का ताना-बाना बनारस जैसे पवित्र व आध्यात्मिक शहर के रूप में मान्यता रखने वाले बनारस की पृष्ठभूमि में बुना गया है. फ़िल्म की कहानी आठ साल के एक एक छोटे से बच्चे और विष्णु भगवान के अवतार माने? जाने वाले शिव के बाल स्वरूप के बीच बने अनूठे रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है. यह फ़िल्म पूरी तरह से एक पारिवारिक फ़िल्म है जिसका लुत्फ़पूरे परिवार के साथ मिलकर उठाया जा सकता है.

बड़े पर्दे पर तरह तरह की भूमिकाओं को उम्दा तरीके से निभाने के लिए जाने जाने वाले अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने ट्रेलर रिलीज़ के बाद कहा, इस फ़िल्म में काम करना मेरे लिए एक बेहद ख़ुशनुमां अनुभव रहा। यह एक ऐसी फ़िल्म है जिसे देखकर आपका दिल ख़ुश हो जाएगा और आप दुनिया में होने वाले चमत्कारिक घटनाओं को नये नजरिए से देखने के लिए मजबूर हो जाएंग। इस तरह की फ़िल्म सीधे दर्शकों के दिलों में उतरने का माद्दा रखती हैं जो हमारी फ़िल्म को और भी? ख़ास बनाती हैं. मुझे लव यू शंकर जैसी बेहतरीन फ़िल्म की रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार रहेगा। एक बेहद प्रतिभाशाली अभिनेत्री के तौर पर अपनी पहचान रखने वाली तनीषा मुखर्जी ने कहा, मैं इस फ़िल्म का हिस्सा बनकर बेहद ख़ुश हूं। यह एक बेहद ख़ूबसूरत फ़िल्म है। यह एक ऐसी दास्तां बयां करती है जो सीधे तौर पर आपके दिल को छू जाएगी। यह फ़िल्म आपको जीवन में हरदम बड़ी सोच रखने की नसीहत भी देती है। ऐनिमेशन के रूप में पेश किये गये नन्हे शिव को देखकर आपके चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी और उसकी हरकतें आपको ख़ूब गुदगुदाएंगी। लव यू शंकर के निदेशक राजीव एस. रूईया ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, लव यू शंकर बनाने का हमारा मकसद लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाना और उन्हें भक्ति भाव से परिपूर्ण इस अनूठी कहानी के जरिए प्रेरित करना है।




## देश के पवित्र नदी तटों पर हुआ सोमवती अमावस्या स्नान



**नई दिल्ली।** देशभर के प्रमुख नदी तटों पर सोमवार को सोमवती अमावस्या स्नान चल रहा है। लाखों लोग अब तक पुण्य स्नान कर पूजा-अर्चना कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, उत्तराखंड के हरिद्वार और उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र के पावन नदी तटों पर सोमवती अमावस्या स्नान के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड में भी लोग जलतीर्थों में डुबकी लगाकर हर-हर गंगे के घोष के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रयागराज, हरिद्वार और बनारस में सोमवती अमावस्या पर अब तक लाखों श्रद्धालु गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। चित्रकूट में भी हजारों लोग सुबह से मंदाकनी नदी के रामघाट पर डुबकी लगाने के लिए कतारबद्ध हैं। चित्रकूट के बारे में पौराणिक मान्यता है कि अगर अमावस्या सोमवार को पड़ती है तो भगवान महादेव एवं भगवान श्रीराम श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी करते हैं। वैसे तो चित्रकूट में हर माह अमावस्या को स्नान कर भगवान कामतानाथ की परिक्रमा की परंपरा है। अगर सोमवार को अमावस्या पड़ जाए तो समूचा बुंदेलखंड मंदाकनी नदी में डुबकी लगाने के लिए उमड़ पड़ता है।

# मां दुर्गा की भक्ति-शक्ति व आराधना के दिन हैं चैत्र में पड़ने वाले नवरात्र

नवरात्रि पर्व, मां दुर्गा की भक्ति और शक्ति पूजा के दिन माने जाते हैं। नवरात्रों में देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग शक्ति स्वरूप - क्रमशः शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और नवें दिन सिद्धिदात्री देवी की पूजा होती है। नवरात्र वर्ष में दो बार आते हैं - विक्रम संवत के पहले दिन, चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक चैत्र नवरात्र और छह महीने बाद, आश्विन महीने की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से महानवमी तक शारदीय नवरात्र आते हैं।

**नवरात्रि में रखा जाता है उपवास**

इन रात्रियों में ग्रहों के अद्भुत योग के कारण ब्रह्मांड दिव्य ऊर्जाओं से भर जाता है। इन ऊर्जाओं को अपने शरीर में अनुभव करने के लिए, नवरात्र में यज्ञ, भजन, पूजन, मंत्र जप, ध्यान, त्राटक आदि साधनाएं की जाती है। संयमित जीवन जीकर उपवास रखा जाता है, केवल सात्विक आहार लेते हैं, जिससे शरीर शुद्ध रहता है। दिन भर भगवती भाव का शुद्ध विचार रखते हैं। नवरात्र के पहले दिन सुबह संकल्प रूपी कलश स्थापना की जाती है। यह कलश सुख-समृद्धि और मगंल कामनाओं का प्रतीक है। कलश के साथ ही बालू की वेदी बनाकर या किसी पात्र में जौ बोए जाते हैं। जौ बोने से धन-धान्य की वृद्धि होती है, जौ को सृष्टि की पहली फसल के रूप में भी माना जाता है। साथ ही मां दुर्गा की मूर्ति को स्थापित कर उसको सजाकर अखंड दीप जलाया जाता है और अंतिम दिन नौ कन्याओं को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक मानकर पूजन किया जाता है।



**नवरात्रि में साधना का विशेष महत्व**

असलियत में मन की एकाग्रता के लिए रात की साधना का बड़ा महत्व है, क्योंकि रात को प्रकृति शांत हो जाती है। इसी कारण दीवार पर टंगी घड़ी में सेकंड की सुई की आवाज सुनाई देने लगती है। दिन में सूर्य की किरणें और अन्य कोलाहल होने के कारण ब्रह्मांडीय तरंगों में रुकावट बनी रहती है, जिस कारण ध्यान नहीं लग पाता है। इसी कारण शिवरात्रि, नवरात्रि, होली, दीपावली आदि पर्वों की रात में साधना की जाती है।

## नवरात्रि में व्रत के दौरान अपनाएं यह टिप्स

नवरात्रि आज से शुरू होने वाले हैं। ऐसे में 9 दिनों तक व्रत रखा जाता है और फलाहार लिया जाता है। इस दौरान लोग सिर्फ एक ही समय खाना खाते हैं और उसमें सात्विक और फलाहार होता है। फलाहार के चलते सामान्य दिनों के मुकाबले ज्यादा संतुलित आहार मिलता है। इसके चलते नवरात्रि के दिनों में व्रत रखने वालों के शरीर को पोषण नहीं मिल पाता है। व्रत में अगर आपने सेहत का ख्याल नहीं रखा तो तबीयत खराब हो सकती है।

**खुद को रखें हाइड्रेटेड**

व्रत के दौरान खुद को हाइड्रेटेड रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। भरपूर मात्रा में पानी पीएं। आप समय-समय पर नींबू पानी या फ्रूट जूस भी पी सकते हैं। ऐसा करने से थकान से छुटकारा मिलता है। कोशिश करें कि आप अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखें और समय- समय पर पानी पीते रहें।

**बैलेंस डाइट लें**

व्रत के दौरान क्योंकि ज्यादातर लोग पूरा दिन भूखे रहते हैं, तो इससे सेहत को नुकसान हो सकता है। ऐसा करने के बजाए आप बैलेंस डाइट खाएं। जैसे सुबह के समय फलों से बना शेक पीएं। फिर दिन में कुछ फलहार स्नैक्स खाएं और शाम को फलहारी वाला खाना खाएं। डाइट में उन सब्जियों को जरूर शामिल करें जो व्रत में खाई जाती हैं, जैसे आलू और पनीर।

**मेवे खाएं**

वैसे तो व्रत में ज्यादा चीजें खाने का ऑप्शन नहीं होता है, लेकिन कोशिश करें कि आप मेवा खाएं। आप मेवा को भून कर खा सकते हैं। सुबह के समय आप भीगी मेवा भी खा सकते हैं।

**फाइबर वाली चीजें खाएं**

व्रत में ज्यादातर लोग को पेट से जुड़ी समस्याएं होती हैं। खासकर लोगों को कब्ज जैसी समस्या होती है। इससे बचने के लिए आपको अपनी डाइट में फाइबर युक्त चीजों को शामिल करना चाहिए।

**अच्छी नींद लें**

उपवास के समय चक्कर आने और सिरदर्द की समस्या से बचने के लिए एक अच्छी नींद लेना जरूरी है। रोजाना 7 से 8 घंटे की नींद लें।